CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :$28^{0}$C
न्यूनतम : $17^{0}$C

नई दिल्ली, शुक्रवार 24 अक्टूबर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 202 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com कार्तिक शुक्ल पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 1 जमादिउल उला1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



फायर सर्विस केवल आग बुझाने तक सीमित न रहे: योगी पेज 2



विराट फिर शून्य पर लुढ़के, ऑस्ट्रेलिया ने बनाई 2-0 की अजेय बढ़त खेल टाइम्स



जन नायक राहुल गांधी पटना कब जाएंगे सम्पादकीय



भारत रूसी तेल खरीदना दिसम्बर तक बंद करेगा: ट्रम्प पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### जस्टिस सूर्यकांत होंगे अगले CJI

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने ाारत के अगले मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है? क्योंकि वर्तमान सीजेआई बीआर गवई 23 नवम्बर को पद से मुक्त हो रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति प्रक्रिया से वाकिफ सूत्रों ने बताया कि न्यायमूर्ति गवई को उनके उत्तराधिकारी के नाम का अनुरोध करने वाला पत्र गुरुवार शाम या शुक्रवार को भेजा जाएगा।

### तेजस्वी यादव महागठबंधन के सीएम फेस

**नई दिल्ली।** बिहार चुनाव के लिए महागठबंधन का सीएम चेहरा आरजेडी प्रमुख तेजस्वी यादव होंगे। कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने महागठबंधन की जाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसका ऐलान किया। उन्होंने कहा कि अगर हमारी सरकार बनी, तो उपमुख्यमंत्री मुकेश सहनी होंगे। उप मुख्यमंत्री और भी लोग बनाए जाएंगे, जो पिछड़े समुदाय से होंगे। गहलोत ने कहा कि हमारा नेता तो तेजस्वी यादव हैं। एनडीए बताए कि उनका सीएम फेस कौन होगा। सिर्फ नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ेंगे, कहने से नहीं चलेगा।

### कर्नाटक में डेटा सेंटर ऑपरेटर ने वोटरों के नाम हटाए

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की आलंद विधानसभा सीट पर कांग्रेस के वोट चोरी के आरोपों पर बड़ा खुलासा हुआ है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) ने वोटर्स लिस्ट में अनियमितताओं की जांच के दौरान पाया कि एक डेटा सेंटर ऑपरेटर को प्रत्येक मतदाता के नाम फर्जी तरीके से हटाने के लिए 80 रुपये मिले थे। दिसम्बर 2022 और फरवरी 2023 के बीच आलंद सीट पर 6,018 वोटरों के नाम हटाने के आवेदन आए थे।

### दिल्ली में हुई एयर क्वालिटी और खराब

**नई दिल्ली।** दिल्ली में दिवाली के बाद एयर क्वालिटी में तेजी से गिरावट आई है। दिल्ली की हवा की गुणवत्ता गुरुवार को भी बेहद खराब बनी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की वेबसाइट के अनुसार, सुबह 6 बजे दिल्ली का एक्यूआई 353 दर्ज किया गया।

# SC:नाबालिग रोक सकता है अभिभावक का अवैध सौदा

## नाबालिग को अलग से मुकदमा दर्ज करने की जरूरत नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने संपत्ति विवादों से जुड़े एक अहम फैसले में स्पष्ट कर दिया है कि अगर किसी नाबालिग की संपत्ति उसके अभिभावक ने कोर्ट की अनुमति के बिना बेच दी है, तो बालिग होने के बाद वह उस सौदे को केवल अपने आचरण से भी अस्वीकार कर सकता है। इसके लिए उसे अदालत में अलग से मुकदमा दर्ज करने की आवश्यकता नहीं है। अदालत ने कहा कि व्यवहार से अस्वीकृति भी कानूनन वैध मानी जाएगी।

जस्टिस पंकज मित्तल और जस्टिस पीबी वराले की पीठ ने कहा कि हिंदू अल्पसंख्यक और अभिभावक अधिनियम, 1956 की धारा सात और आठ के तहत प्राकृतिक अभिभावक द्वारा नाबालिग की अचल संपत्ति को कोर्ट की अनुमति के बिना बेचना रद्द माना जाएगा। अदालत ने कहा कि ऐसा सौदा बालिग होने के बाद नाबालिग या तो मुकदमा दाखिल करके रद्द कर सकता है या अपने स्पष्ट आचरण, जैसे उसी संपत्ति को स्वयं बेच देना, के जरिये भी अस्वीकार कर सकता है। यह फैसला पिछले कई वर्षों से चली आ रही कानूनी अस्पष्टता को दूर करता है, जिसमें यह स्पष्ट नहीं था कि नाबालिग को ऐसे मामलों में मुकदमा दाखिल करना जरूरी है या नहीं। यह फैसला कर्नाटक के दावणगेरे जिले के केएस शिवप्पा की अपील पर आया। मामला दो सटे हुए भूखंडों से जुड़ा था, जिन्हें रुद्रप्पा नामक व्यक्ति ने 1971 में अपने तीन नाबालिग बेटों के नाम से खरीदा था। लेकिन जल्द ही रुद्रप्पा ने कोर्ट की अनुमति लिए बिना दोनों भूखंडों को अलग-अलग खरीदारों को बेच दिया। इनमें से एक प्लाट 56 को बाद में कई बार बेचा गया और आखिरकार 1989 में नाबालिगों के बालिग होने के बाद उन्हीं के द्वारा शिवप्पा को बेचा गया। दूसरा प्लाट 57 भी रुद्रप्पा ने कोर्ट अनुमति के बिना बेचा, जिसे 1993 में नीलम्मा नाम की महिला ने खरीदा। शिवप्पा ने दोनों प्लाट्स को खरीदने के बाद उन पर एक मकान बनाया। बाद में नीलम्मा ने इनमें से एक प्लाट पर स्वामित्व का दावा करते हुए शिवप्पा पर मुकदमा दायर कर दिया। ट्रायल कोर्ट ने शिवप्पा के पक्ष में फैसला देते हुए कहा कि रुद्रप्पा का बिना अनुमति किया गया सौदा 'रद्द योग्य' था और नाबालिग बेटों ने बालिग होने के बाद संपत्ति खुद बेचकर उसे वैध रूप से अस्वीकार कर दिया। हालांकि, अपीलीय अदालत और कर्नाटक -शेष पृष्ठ दो पर

**अदालत ने कहा : व्यवहार से अस्वीकृति भी कानूनन वैध मानी जाएगी**



### CJI पर हमले के आरोपी वकील के खिलाफ अवमानना याचिका पर शीर्ष कोर्ट करेगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई पर हमला करने की कोशिश के आरोपी वकील राकेश किशोर के खिलाफ अवमानना याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 27 अक्टूबर को सुनवाई करेगा। यह याचिका सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) ने दायर की है। इस पर जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ सुनवाई करेगी। यह घटना 6 अक्टूबर को हुई थी, जब वकील राकेश किशोर (71) ने सीजेआई की अदालत में जूता फेंक दिया था। इस अप्रत्याशित घटना के बाद बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने किशोर का वकालत लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था।

# केदारनाथ के कपाट शीतकाल के लिए बंद

शाह टाइम्स ब्यूरो

**श्री केदारनाथ धाम।** उत्तराखंड में स्थित भगवान शंकर के ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग श्री केदारनाथ धाम के कपाट भाई दूज पर गुरुवार को प्रातः 8:30 बजे विधि विधान के साथ शीतकाल के लिए बंद हो गए।

कपाट बंद होने के बाद बाबा केदार की पंचमुखी उत्सव डोली ने सेना के बैंड तथा जयघोष के साथ पहले पड़ाव रामपुर के लिए प्रस्थान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पंचमुखी डोली को शीतकालीन गद्दीस्थल के प्रथम पड़ाव के लिए प्रस्थान करवाया। केदारनाथ में सर्द मौसम के बीच 10 हजार से अधिक श्रद्धालु कपाट बंद होने के साक्षी बने। इस मौके पर मंदिर को भव्य रूप से फूलों से सजाया गया था तथा श्रद्धालुओं ने भंडारे भी आयोजित किए। कपाट बंद होने की प्रक्रिया से पहले श्रद्धालुओं ने मंदिर में अखंड ज्योति के दर्शन किए। इसके बाद कपाट बंद की प्रक्रिया के अंतर्गत ब्रह्म मुहुर्त में केदारनाथ धाम के पुजारी बागेश लिंग तथा आचार्यगणों, श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति -शेष पृष्ठ दो पर



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पंचमुखी डोली को शीतकालीन गद्दीस्थल के प्रथम पड़ाव के लिए प्रस्थान करवाया

# कुख्यात रंजन व गिरोह के तीन सदस्य ढेर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के रोहिणी इलाके में बुधवार रात पुलिस और बिहार पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में बिहार के कुख्यात अपराधी रंजन पाठक और उसके गिरोह के तीन अन्य वांछित सदस्य मुठभेड़ में मारे गए।

यह मुठभेड़ बुधवार रात करीब 2:20 बजे रोहिणी सेक्टर के बहादुर शाह मार्ग और पंसाली चौक के बीच हुई। संयुक्त आयुक्त (अपराध) सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि मारे गए अपराधियों की पहचान मलाही गांव, सुरसंड, सीतामढ़ी निवासी रंजन पाठक (25), बाजपट्टी थाना क्षेत्र, सीतामढ़ी निवासी बिमलेश महतो उर्फ बिमलेश साहनी (25), दोस्तियां गांव, शिवहर निवासी अमन ठाकुर (21) और शेरपुर गांव, करावल नगर, दिल्ली निवासी मनीष पाठक (33) के रूप में हुई है संयुक्त आयुक्त के अनुसार मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार और कारतूस बरामद किए गए हैं।

पुलिस ने कहा कि यह गिरोह दिल्ली में किसी बड़ी आपराधिक साजिश को अंजाम देने आया था। रंजन पाठक बिहार के सीतामढ़ी जिले का कुख्यात अपराधी था और 'सिग्मा एंड कंपनी' नामक आपराधिक संगठन का सरगना था।

# सेना को मिलेगी नाग मिसाइल प्रणाली

**सरकार ने 79 हजार करोड़ रुपये के रक्षा सौदों को मंजूरी दी**

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने सशस्त्र बलों को अत्याधुनिक हथियारों से लैस कर उनकी मारक क्षमता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए 79 हजार करोड़ रुपये के रक्षा खरीद सौदों को मंजूरी दे दी है।

इन रक्षा सौदों में मुख्य रूप से सेना के लिए नाग मिसाइल सिस्टम, ग्राउंड बेस्ट मोबाइल सिस्टम, क्रेन और हाई मोबिलिटी व्हीकल की खरीद के प्रस्ताव शामिल हैं। इनमें नौसेना के लिए नेवल सरफेस गन और वायुसेना के लिए भी लंबी दूरी के मिशन में महत्वपूर्ण प्रणाली की खरीद भी शामिल है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को यहां हुई रक्षा खरीद परिषद की बैठक में लगभग 79 हजार करोड़ रुपये के इन रक्षा खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद रक्षा मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि इन सौदों के अंतर्गत सेना के लिए नाग मिसाइल सिस्टम (ट्रैक्ड) एमके-2 , ग्राउंड बेस्ड मोबाइल सिस्टम (जीबीईएमएस) और मैटेरियल हैंडलिंग क्रेन के साथ हाई मोबिलिटी व्हीकल्स की खरीद के लिए जरूरत के आधार पर खरीद की स्वीकृति प्रदान की गई है।

### ट्रम्प से मोदी की मुलाकात इस साल नहीं होगी

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी के 22 वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में वर्चुअल माध्यम से हिस्सा लेने के निर्णय से उनकी मलेशिया यात्रा तथा वहां अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ मुलाकात की संभावनाओं को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लग गया है। दक्षिण पूर्वी एशियाई देशों के संगठन (आसियान) -भारत शिखर सम्मेलन 26 से 28 अक्टूबर तक कुआलालंपुर में हो रहा है। गुरुवार को पहले प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में स्वयं यह जानकारी दी और बाद में विदेश मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी 26 अक्टूबर को इस सम्मेलन में वर्चुअल माध्यम से भाग लेंगे।







CMYK



## संक्षिप्त समाचार

### जम्मू-कश्मीर विधानसभा में वक्फ बोर्ड प्रस्ताव नामंजूर

**श्रीनगर।** पीडीपी के नेता वहीद पारा की ओर से जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड की बहाली और उसके प्रबंधन की जिम्मेदारी मुत्तहिंद-ए-मजलिस-ए-उलेमा (एमएमयू) को सौंपने की मांग वाला प्रस्ताव विधानसभा में मतदान के दौरान नामंजूर हो गया। पारा ने एक्स पर लिखकर इस विषय में जानकारी देते हुए कहा कि पीडीपी विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल रहीम राथर से औपचारिक रूप से आग्रह करेगी कि वे अपने विवेक का इस्तेमाल करते हुए इस प्रस्ताव को विधाई कार्य में शामिल करें। यह एक संवेदनशील, आस्था से जुड़ा मुद्दा है, जिस पर बहस होनी चाहिए और इसे स्थानीय धार्मिक नेतृत्व के पास वापस भेजा जाना चाहिए। इससे पहले जम्मू-कश्मीर विस अध्यक्ष ने पारा द्वारा पेश किए गए दो निजी प्रस्तावों को स्वीकार कर लिया था, जिनमें से एक में वक्फ बोर्ड की बहाली और कश्मीर के प्रमुख धर्मगुरु मीरवाइज उमर फारूक के नेतृत्व वाले धार्मिक समूह एमएमयू द्वारा इसके प्रबंधन की मांग की गई थी।

### एसबीआई को मिला दुनिया के सर्वश्रेष्ठ कंज्यूमर बैंक का पुरस्कार

**नई दिल्ली।** एसबीआई को अमेरिकी फिनटेक कंपनी ग्लोबल फाइनेंस ने साल 2025 के लिए दुनिया के सर्वश्रेष्ठ कंज्यूमर बैंक और भारत के सर्वश्रेष्ठ बैंक का पुरस्कार दिया है। देश के सबसे बड़े सार्वजनिक बैंक को मिली इस वैश्विक मान्यता पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बधाई दी है और कहा है कि वह इसका हकदार है। एसबीआई के अध्यक्ष चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी ने अमेरिका के वाशिंगटन, डीसी में एक कार्यक्रम में ये पुरस्कार ग्रहण किए।

# उप्र की राजनीति में एक बार फिर छिड़ा पोस्टरवार

## अखिलेश के जन्मदिन पर सपा कार्यालय के बाहर लगा प्रबल इंजन सरकार का पोस्टर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर पोस्टरवार छिड़ गया है। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय के बाहर एक विशालकाय होर्डिंग ने सबका ध्यान खींच लिया है।




पोस्टर सपा ने भारतीय जनता पार्टी के 'डबल इंजन सरकार' के नारे की तर्ज पर 'प्रबल इंजन की सरकार' का नारा देते हुए राजनीतिक संदेश देने की कोशिश की है। यह होर्डिंग सपा के मेंहदावल (संत कबीरनगर) से रहे प्रत्याशी जयराम पांडेय ने लगवाई है। इसमें पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव को एक ट्रेन के इंजन के रूप में दिखाया गया है, जबकि पीछे के डिब्बों पर सपा सरकार की योजनाओं के नाम लिखे हैं। इनमें समाजवादी पेंशन योजना, कन्या विद्याधन, लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे, लैपटॉप योजना, डायल-100, लखनऊ मेट्रो और मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसी योजनाएं शामिल हैं। पोस्टर पर लिखा है एक इंजन, मजबूत इंजन फिर से चलेगी समृद्धि की बयार, जब 2027 में आएगी प्रबल इंजन की सरकार। इसके साथ धनतेरस, दिवाली, गोवर्धन पूजा और भाईदूज की शुभकामनाएं भी दी गई हैं। खास बात यह है कि अखिलेश यादव के दस्तावेजों में जन्मतिथि 1 जुलाई 1973 दर्ज है, लेकिन समर्थक हर साल 23 अक्टूबर को उनका 'वास्तविक जन्मदिन' मनाते हैं। इसी अवसर पर यह रचनात्मक पोस्टर लगाया गया है, जिसमें उन्हें संस्कृत में जन्मदिन की शुभकामनाएं दी गई हैं। होर्डिंग में सपा का नया 'पीडीए फॉर्मूला' भी प्रमुखता से दिखाया गया है, पी. प्रगतिशील, डी. दूरदर्शी, और ए. अमनपसंद। पार्टी के कार्यकर्ता इसे सामाजिक न्याय और विकास के नए प्रतीक के रूप में पेश कर रहे हैं। जयराम पांडेय ने बताया कि वह पिछले नौ वर्षों से अखिलेश यादव के जन्मदिन पर इसी तरह के रचनात्मक पोस्टर लगाते आ रहे हैं।

# आसियान शिखर बैठक में समझबूझ कर नहीं जा रहे हैं पीएम मोदी: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगता है कि कुआलालम्पुर में होने वाली आसियान शिखर बैठक में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने वह अलग-थलग महसूस करेंगे, इसलिए सोची समझी रणनीति के तहत इस बैठक में हिस्सा लेने नहीं जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि आसियान शिखर सम्मेलन की 26 से 28 अक्टूबर तक कुआलालम्पुर में शिखर बैठक होगी निसमें विदेश मंत्री एस. जयशंकर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि कई दिनों से अटकलें लगाई जा रही थीं कि प्रधानमंत्री इस बैठक में जाएंगे या नहीं। अब तय लग रहा है कि प्रधानमंत्री नहीं जाएंगे। इसका मतलब है कि विश्व नेताओं के साथ गले मिलने, तस्वीरें खिचवाने या खुद को विश्वगुरु बताने के कई मौके गंवा दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मोदी के न जाने की वजह साफ है। वहां राष्ट्रपति ट्रंप मौजूद होंगे मोदी उनके सामने खुद को अलग थलग पड़ता महसूस नहीं करना चाहेंगे। उन्होंने कुछ हफ्ते पहले मिस्र में गाजा शांति शिखर सम्मेलन में शामिल होने का निमंत्रण भी इसी वजह से ठुकरा दिया था। सोशल मीडिया पर राष्ट्रपति ट्रंप की प्रशंसा में संदेश पोस्ट करना एक बात है। लेकिन उस व्यक्ति के साथ घुलना-मिलना दूसरी बात है और यह सब उस व्यक्ति के साथ आसान नहीं होगा, जिसने 53 बार ऑपरेशन सिदूर रुकवाने और पांच बार भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद करने के वादे का दावा करने वाला बयान दिया है। यह एक तरह से खुद को बचाकर रखने की स्थिति ही होगी। कांग्रेस नेता ने तंज करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री शायद उस पुराने हिट बॉलीवुड गाने को याद कर रहे होंगे बचके रे रहना रे बाबा, बचके रहना रे।

# इंडिया गठबंधन में कांग्रेस का कोई सम्मान नहीं: भाजपा

नई दिल्ली, वार्ता

**महागठबंधन के पोस्टर से राहुल का फोटो गायब**

भाजपा ने बिहार विधानसभा चुनाव में इंडिया महागठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी का इंडिया गठबंधन में कोई सम्मान नहीं बचा है, इसीलिए इस पोस्टर से राहुल गांधी गायब हैं।

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने गुरुवार को महागठबंधन के प्रेसवार्ता के पोस्टर से कांग्रेस नेता राहुल गांधी की फोटो गायब होने पर कहा कि कांग्रेस पार्टी का इंडिया गठबंधन में कोई सम्मान नहीं बचा है, इसीलिए इस पोस्टर से राहुल गांधी गायब हैं। पूनावाला ने कहा कि प्रेसवार्ता के गुरुवार को पटना में होने वाली प्रेसवार्ता के पोस्टर में तेजस्वी बीच में दिखाई दे रहे थे, जबकि गठबंधन के अन्य सहयोगियों की छोटी तस्वीरें थीं, लेकिन राहुल गांधी का कोई नामोनिशान नहीं था। श्री पूनावाला ने कहा कि महागठबंधन के नेताओं के पास न कोई मिशन, न कोई विजन, सिर्फ भ्रम, विभाजन और पद की महत्वाकांक्षा है। पूनावाला ने इस चूक का मजाक उड़ाते हुए कहा कि कल तक तो यही घोषणाएं हो रही थीं कि राहुल गांधी ही चेहरा होंगे, लेकिन अब मुझे लगता है कि कांग्रेस पार्टी के लिए कोई सम्मान नहीं बचा है।

इन दलों के गठबंधन को देखिए, न कोई मिशन, न कोई विजन, सिर्फ भ्रम, सिर्फ विभाजन और सिर्फ पद की महत्वाकांक्षा। उम्मीदवारों को अंतिम रूप देने के लिए अभी तक कोई फैसला नहीं हुआ है। वहीं भाजपा नेता प्रदीप भंडारी ने इसी मामले पर हमला तेज करते हुए कहा कि राजद ने जानबूझकर कांग्रेस सांसद के नेतृत्व को 'अनदेखा' किया है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की सुबह 11 बजे निर्धारित पीसी में राहुल गांधी का कोई पोस्टर नहीं था।

## फायर सर्विस केवल आग बुझाने तक सीमित न रहे: योगी

# फायर सर्विस में जल्द बनेगी स्पेशलाइज्ड यूनिट

शाह टाइम्स ब्यूरो



**एक्सप्रेस-वे पर हर 100 किमी पर छोटी फायर चौकी स्थापित की जाए: मुख्यमंत्री**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में बढ़ती जनसंख्या, औद्योगिक विस्तार और शहरीकरण की गति को देखते हुए अग्निशमन विभाग की संरचना को अधिक सशक्त, आधुनिक तथा जनसुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील बनाना समय की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि फायर सर्विस को केवल आग बुझाने तक सीमित न रखकर इसे आपदा प्रबंधन, रेस्क्यू ऑपरेशन और आपात सेवाओं के समेकित स्वरूप में विकसित किया जाए। मुख्यमंत्री गुरुवार को अग्निशमन विभाग की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने विभागीय कैडर रिव्यू की आवश्यकता जताते हुए निर्देश दिए कि प्रत्येक रीजन में स्पेशलाइज्ड यूनिट गठित की जाए, जो केमिकल, बायोलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल दुर्घटनाओं तथा सुपर हाईराइज बिल्डिंग जैसी परिस्थितियों से निपटने में सक्षम हों। बैठक में विभाग में नए पदों के सृजन पर भी चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग की प्रशासनिक क्षमता और वित्तीय पारदर्शिता बढ़ाने के लिए प्रत्येक जनपद में अकाउंट कैडर स्थापित किया जाए। साथ ही राज्य अग्निशमन प्रशिक्षण महाविद्यालय में अतिरिक्त पद सृजित कर प्रशिक्षण एवं अनुसंधान की गुणवत्ता को और बेहतर बनाया जाए। मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद विभाग में राजपत्रित संवर्ग के 98 तथा अराजपत्रित संवर्ग के लगभग 922 नए पद सृजित होने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इससे जनपद, रीजनल और मुख्यालय स्तर पर फायर सर्विस की कार्यक्षमता और जनसेवा क्षमता को नई मजबूती मिलेगी।

उन्होंने कहा कि प्रत्एक जिले में फायर एवं आपात सेवाओं की त्वरित उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। एक्सप्रेस-वे पर बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्एक 100 किलोमीटर की दूरी पर फायर टेंडर सहित एक छोटी फायर चौकी स्थापित की जाए, ताकि दुर्घटना की स्थिति में गोल्डन ऑवर के भीतर राहत व बचाव कार्य प्रारंभ किया जा सके। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फायर सर्विस जनता के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा से सीधे जुड़ा हुआ विभाग है। इसकी संरचना ऐसी होनी चाहिए, जो हर परिस्थिति में त्वरित, कुशल और उत्तरदाई प्रतिक्रिया देने में सक्षम हो। उन्होंने कहा कि विभाग के पुनर्गठन की प्रक्रिया समयबद्ध रूप से पूरी की जाए, ताकि इसका लाभ शीघ्र जनता तक पहुंच सके।

### योगी ने प्रदेशवासियों को दी भैया दूज की शुभकामनाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरे प्रदेश वासियों को भैया दूज की शुभकामनाएं और बधाई दी है। योगी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए लिखा, भाई-बहन के स्नेहिल बंधन और विश्वास की डोर को दृढ़ करने वाले पावन पर्व भैया दूज की सभी को हार्दिक बधाई। यमुना मैया की कृपा से हर बहन का जीवन सुख, सौभाग्य और समृद्धि से आलोकित हो और हर भाई का जीवन साहस, सफलता और उज्जवल भविष्य के प्रकाश से जगमगाता रहे, यही प्रार्थना है। गौरतलब है कि यूपी के विभिन्न हिस्सों में आज भाई दूज धूम धाम से मनाया जा रहा है। इस क्रम में पूर्वांचल से लेकर कानपुर, अवध, पश्चिमी यूपी समेत सभी इलाकों में चहल-पहल का माहौल है।



सेंसेक्स 84556.40
निफ्टी 25891.40



सोना रु. 123907
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 152501
प्रति किलो



# सेंसेक्स पहली बार 85,000, निफ्टी-50 सूचकांक 26000 पार

मुंबई, वार्ता

अमेरिका और भारत के बीच व्यापार समझौता जल्द होने की खबरों से घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को शुरुआती कारोबार में जबरदस्त तेजी देखी गई और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स पहली बार 85,000 तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक पहली बार 26,000 अंक के स्तर को छूकर लौटा।

बाद में तेल एवं गैस, ऑटो और फार्मा सेक्टरों में गिरावट से बाजार की तेजी कम हुई। सेंसेक्स 860 अंक से अधिक की उछाल के साथ 85,290.06 अंक को छूने के बाद अंत में 130.06 अंक (0.15 प्रतिशत) की बढ़त में 84,556.40 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी-50 सूचकांक भी बीच कारोबार में 235 अंक से ज्यादा की मजबूती के साथ 26,104.20 अंक तक पहुंचने के बाद अंत में 22.80 अंक यानी 0.09 प्रतिशत ऊपर 25,891.40 अंक पर बंद हुआ। दोनों प्रमुख सूचकांकों के लिए ए उनके रिकॉर्ड बंद स्तर हैं। प्रमुख सूचकांकों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों पर बाद में दबाव आ गया।



निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.09 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.05 फीसदी लुढ़क गए। मीडिया में बुधवार को यह खबर आई थी कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता जल्द हो जाएगा। साथ ही, भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में आयात शुल्क की दर 50 प्रतिशत से घटाकर 15.16 प्रतिशत हो जाएगी।

इससे बाजार सकारात्मक निवेश भावना के साथ खुला। आईटी सेक्टर में सबसे अधिक तेजी देखी गई। इसके अलावा बैंकों और एफएमसीजी सेक्टरों में भी निवेशक लिवाल रहे। एनएसई में कुल 3,202 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 1,308 के शेयर बढ़त में और 1,802 के लाल निशान में बंद हुए। वहीं, 92 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार.चढ़ाव के बाद अंत में अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 में से 22 के शेयरों में तेजी और अन्य आठ में गिरावट रही। इंफोसिस का शेयर सबसे अधिक 3.86 प्रतिशत चढ़ा। एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 2.43 प्रतिशत, टीसीएस में 2.24, एक्सिस बैंक में 1.90, कोटक महिंद्रा बैंक में 1.24 और टाइटन में 1.15 प्रतिशत की तेजी रही। टेक महिंद्रा, टाटा मोटर्स, एलएंडटी, टाटा स्टील, आईटीसी और बजाज फाइनेंस के शेयर आधा से एक फीसदी के बीच चढ़े। इटरनल में सबसे अधिक 2.88 प्रतिशत की गिरावट रही। अल्ट्राटेक सीमेंट का शेयर 1.75 प्रतिशत, भारती एयरटेल का 1.63, अडानी पोर्ट्स का 1.41, आईसीआईसीआई बैंक का 1.35 और रिलायंस इंडस्ट्रीज का 1.17 प्रतिशत टूट गया। वैश्विक स्तर पर अन्य एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 1.35 प्रतिशत की गिरावट में बंद हुआ। वहीं, हांगकांग का हैंगसेंग 0.72 फीसदी और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.22 फीसदी मजबूत हुआ। यूरोप में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.40 प्रतिशत फिसल गया जबकि ब्रिटेन के एफटीएसई में 0.53 प्रतिशत की तेजी रही।

# चांदी रिकॉर्ड हाई से 25,000 सस्ती, सोना 5 दिन में 5,677 गिरा

**नई दिल्ली।** दिवाली के बाद सोना-चांदी के दाम में भारी गिरावट आई है। सोना अपने ऑल टाइम हाई से 5,677 रुपए और चांदी भी रिकॉर्ड हाई से 25,599 रुपए सस्ती हो गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार आज यानी, 22 अक्टूबर को 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 3,726 रुपए घटकर 1,23,907 रुपए के स्तर पर आ गया है। इससे पहले ए 20 अक्टूबर को यह 1,27,633 रुपए पर था। वहीं 17 अक्टूबर को सोने ने 1,29,584 रुपए का आल टाइम हाई बनाया था। चांदी के दाम आज 10,549 रुपए घटकर 1,52,501 रुपए प्रति किलो पर आ गए हैं। इससे पहले चांदी 1,63,050 रुपए प्रति किलो थी। वहीं 14 अक्टूबर को चांदी 1,78,100 रुपए के आल टाइम हाई पर पहुंची थी।वहीं माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला को वित्त-वर्ष 2024-25 में 96.5 मिलियन डॉलर यानी 847 करोड़ रुपए सैलरी मिली। यह उनकी अब तक की सबसे बड़ी सैलरी है, जो पिछले साल की तुलना में 22 प्रतिशत ज्यादा है।

# चावल मजबूत, चीनी, दालें नरम खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए जबकि गेहूं में टिकाव देखा गया। वहीं दालों और चीनी में गिरावट रही जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जनवरी वायदा 14 रिंगिट चढ़कर 4,470 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 1.44 प्रतिशत की बढ़त के साथ 50.79 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत छह रुपए बढ़कर 3,888.78 रुपए प्रति क्विंटल हो गई। वहीं गेहूं 2,883.12 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा।

आटे की कीमत आठ रुपए घटकर 3,338.86 रुपए प्रति क्विंटल रही। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव रहा। मूंगफली तेल की औसत कीमत 59 रुपए और सूरजमुखी तेल की 19 रुपए प्रति क्विंटल गिर गई।



सरसों तेल 43 रुपए और सोया तेल 64 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। वहीं वनस्पति की कीमत 49 रुपए और पाम ऑयल की 13 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ी। दाल-दलहनों में नरमी रही। चना दाल और उड़द दाल दोनों की औसत कीमत 18.18 रुपए प्रति क्विंटल घट गई। मसूर दाल भी 18 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। तुअर दाल 29 रुपए और मूंग दाल 12 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 19 रुपए प्रति क्विंटल गिर गई। चीनी भी 17 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**SC नाबालिग....** हाईकोर्ट ने इस निर्णय को पलट दिया और कहा कि नाबालिगों को पहले पिता की बिक्री रद्द करने के लिए मुकदमा दाखिल करना चाहिए था। अंततः शिवप्पा ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को खारिज करते हुए कहा कि ऐसा कोई कानून नहीं है, जो नाबालिग को अनिवार्य रूप से मुकदमा दायर करने के लिए बाध्य करता हो। अदालत ने कहा कि यदि नाबालिग का व्यवहार जैसे संपत्ति को स्वयं बेचना स्पष्ट रूप से अस्वीकृति दर्शाता है, तो उसे पर्याप्त माना जाएगा। अदालत ने यह भी कहा कि ऐसी स्थिति में मुकदमा दायर करने का दायित्व नाबालिग पर नहीं बल्कि उस व्यक्ति पर होता है, जो पहले के सौदे से अपने अधिकार खोने का दावा करता है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी टिप्पणी की कि पावर ऑफ अटार्नी रखने वाला व्यक्ति संपत्ति स्वामित्व से जुड़ी व्यक्तिगत जानकारी वाले मामलों में मालिक की ओर से गवाही नहीं दे सकता। इस आधार पर नीलम्मा का दावा भी खारिज कर दिया गया। अदालत ने अंत में कहा कि रुद्रप्पा द्वारा किया गया सौदा वैध नहीं था और नाबालिगों द्वारा समय रहते उसे अस्वीकार करने के कारण नीलम्मा को कोई अधिकार नहीं मिला।

**केदारनाथ...** (बीकेटीसी) अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी सहित जिला प्रशासन, तीर्थ पुरोहितों और हक हकूकधारियों ने पूर्व द्वार से मंदिर के गर्भगृह परिसर में प्रवेश किया तथा समाधि पूजा में शामिल हुए। यज्ञ-हवन समाधि पूजा के पश्चात, पुजारी बागेश लिंग ने भगवान केदारनाथ के स्वंभू शिवलिंग को समाधि रूप दिया। स्थानीय पुष्पों कुमजा, बुकला, राख सहित ब्रह्म कमल, शुष्क फूल पत्तों से ढक दिया गया। जय बाबा केदार के उदघोष के साथ मंदिर गर्भगृह बंद हुआ। मुख्यमंत्री तथा बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी की उपस्थिति में प्रातः साढ़े आठ बजे मंदिर का पूर्वी तथा दक्षिण द्वार बंद हो गया। इसके बाद पंचमुखी डोली को बाहर मंदिर परिसर में लाया गया तथा डोली ने श्री केदारनाथ मंदिर की परिक्रमा के पश्चात प्रथम पड़ाव रामपुर के लिए प्रस्थान किया। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पंचमुखी डोली के साथ प्रस्थान किया। श्री धामी ने बाबा केदार के कपाट बंद होने के अवसर पर देश-विदेश के श्रद्धालुओं के लिए शुभकामनाएं दी।

### चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस नौ नवम्बर से दिल्ली के लिए दोबारा शुरू करेगी उड़ान

**नई दिल्ली।** चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस आगामी नौ नवम्बर से दिल्ली और शंघाई के बीच दोबारा उड़ान शुरू करेगी। एयरलाइंस ने गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि यह उड़ान सप्ताह में तीन दिन बुधवार, शनिवार और रविवार को उपलब्ध होगी। दिल्ली से शंघाई की उड़ान शाम 7:55 बजे और शंघाई से वापसी की उड़ान स्थानीय समय के अनुसार अगले दिन सुबह 4:10 बजे रवाना होगी। दोनों देशों के बीच पांच साल से भी ज्यादा समय के बाद कोई सीधी उड़ान शुरू हो रही है। ईस्टर्न एयरलाइंस दोबारा भारत के लिए उड़ान शुरू करने वाली पहली चीनी एयलाइंस है। भारतीय विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने 26 अक्टूबर से कोलकाता से चीन के ग्वांग्झू के लिए उड़ान शुरू करने की घोषणा की है। कोविड-19 महामारी से पहले दोनों देशों के बीच 500 से अधिक उड़ानों का परिचालन किया जा रहा था, लेकिन साल 2020 में महामारी के प्रसार को रोकने के लिए उड़ानों पर रोक लगा दी गई थी। इस बीच, टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया के सूत्रों का कहना है कि एयरलाइंस अगले महीने से चीन के लिए उड़ानों की घोषणा कर सकती है। चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस शंघाई-दिल्ली मार्ग पर एयरबस ए330-200 विमान का संचालन करेगी जो इन-फ्लाइट वाई-फाई से लैस होगा।

# अनुशासनहीनता के आरोप में बसपा नेता समसुद्दीन रायनी पार्टी से निष्कासित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रायनी को कई बार संगठनात्मक अनुशासन बनाए रखने की चेतावनी दी गई थी, लेकिन उन्होंने अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं किया**

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने पार्टी में गुटबाजी और अनुशासनहीनता के मामलों पर सख्त रुख अपनाया है। पार्टी की अनुशासन समिति की सिफारिश पर उन्होंने कद्दावर मुस्लिम नेता समसुद्दीन रायनी को बसपा से निष्कासित कर दिया है।

रायनी पर पार्टी विरोधी गतिविधियों और गुटबाजी में लिप्त रहने का आरोप लगाया गया है। बसपा प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल के स्तर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है कि रायनी को कई बार संगठनात्मक अनुशासन बनाए रखने की चेतावनी दी गई थी, लेकिन उन्होंने अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं किया। पार्टी हितों के विपरीत आचरण और अनुशासनहीनता के चलते उन्हें संगठन से बाहर किया गया है। पार्टी नेताओं का कहना है कि मायावती अब संगठन में सक्रिय और जमीनी स्तर पर काम करने वाले नेताओं को आगे लाने की रणनीति पर काम कर रही हैं। निष्क्रिय और गुटबाजी करने वाले नेताओं पर एक के बाद एक कार्रवाई की जा रही है। इससे पहले भी बसपा में कई जिलों और मंडलों में बड़े फेरबदल किए जा चुके हैं। गौरतलब है कि समसुद्दीन रायनी बसपा में लंबे समय से सक्रिय रहे हैं और नसीमुद्दीन सिद्दीकी के बाद उन्हें पार्टी का बड़ा मुस्लिम चेहरा माना जाता था। वह लखनऊ और कानपुर मंडल के प्रभारी थे और संगठन में उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती थी। सूत्रों के अनुसार बीते कुछ महीनों से रायनी के खिलाफ लगातार शिकायतें आ रही थीं, जिनकी समीक्षा के बाद यह कार्रवाई की गई है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

CMYK

# रानी गार्डन में लगी आग में 25 झुग्गियां खाक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गीता कॉलोनी के रानी गार्डन इलाके में बनी झुग्गियों में उस समय अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया, जब बुधवार देर रात आग लग गयी जिसके बाद झुग्गियों में रहने वाले लोग इधर-उधर भागते नजर आए,सभी अपनी जान बचाने के लिए सुरक्षित स्थान की तरफ भाग रहे थे ताकि उनकी जान बच सके। हादसे के वक्त ज्यादातर लोग सो रहे थे।



अचानक उठे धुएं और लपटों को देखकर लोग जान बचाने के लिए झुग्गियों से बाहर भागे। मौके पर पहुंची दमकल की चार गाड़ियों ने एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अग्निशमन अधिकारी यशवंत सिन्हा ने बताया कि रात करीब १:०५ बजे कॉल मिली थी। सूचना मिलते ही फायर टेंडर मौके पर भेजे गए। आग इतनी तेज थी कि आसपास की झुग्गियां भी उसकी चपेट में आ गई।

कुल २५ झुग्गियां जलकर राख हो गई, हालांकि राहत की बात यह रही कि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। पुलिस के अनुसार झुग्गियों में रहने वाले ज्यादातर लोग कूड़ा बीनने का काम करते हैं। झुग्गियों के आसपास कूड़े के ढेर होने से आग बुझाने में मुश्किल हुई। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस और फायर विभाग मामले की जांच में जुटे हैं।

# फर्जी दान व एनजीओ पंजीकरण रैकेट का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तरी जिला पुलिस के साइबर थाने ने फर्जी दान और एनजीओ पंजीकरण रैकेट का भंडाफोड़ कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।आरोपी गरीब और बुजुर्ग लोगों की मदद करने का झांसा देकर पीड़ितों को अपने जाल में फंसाते थे।वे हर महीने अच्छी रकम देने का भी वादा करते थे।

दिल्ली के उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त राजा बांठिया ने बताया कि एक शिकायतकर्ता ने एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से १६,६०० रुपये की धोखाधड़ी के संबंध में ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई है। अपने बयान में, उसने बताया कि उसे व्हाट्सएप के माध्यम से एक अज्ञात नंबर से कॉल आया था, जिसमें कॉल करने वाले ने गरीब और बुजुर्ग व्यक्तियों की मदद के लिए दान देने का अनुरोध किया था। धोखेबाज ने उन्हें अपनी योजना के तहत अपना स्वयं का एनजीओ पंजीकृत करने पर ५०,००० मासिक भुगतान और अन्य लाभ देने का झूठा वादा किया।प्रस्ताव पर विश्वास करके, शिकायतकर्ता ने पंजीकरण और प्रसंस्करण शुल्क के रूप में कुल १६,६०० जमा कर दिए। इसके बाद, धोखेबा. जों ने उनके कॉल और संदेशों का जवाब देना बंद कर दिया।इसके बाद साइबर थाने के तहत मामला दर्ज कर एसीपी ऑपरेशन विदुषी कौशिक की देखरेख में एसएचओ साइबर रोहित गहलोत के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान टीम ने वित्तीय लेनदेन विश्लेषण और तकनीकी निगरानी से लाभार्थी के बैंक खाते का पता लगाया, जिसके परिणामस्वरूप आगरा में छापेमारी कर पहले आरोपी मनीष विश्वास को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस पूछताछ के दौरान, आरोपी मनीष बिस्वास ने बताया कि मंथन कुमार और प्रिंस उर्फ घ्ध्कालू उर्फ घ्ध्कमलेश नामक दो व्यक्तियों ने उससे संपर्क किया था, जिन्होंने उसे ष्कंपनी के धन को पुनर्जीवित करनेष के बहाने बैंक खाता खोलने के लिए राजी किया था। इसके बाद, टीम ने उसी दिन 'मंथन कुमार' को गिरफ्तार कर लिया।

# भाईदूज पर परिवारिक रिश्तों संस्कृति व परंपरा का हुआ संगम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सहित देशभर में बहनों ने भाइयों के ललाट पर तिलक लगाकर उनकी दीर्घायु और सुख-समृद्धि की कामना की, वहीं भाइयों ने प्रेम और स्नेह के प्रतीकस्वरूप बहनों को उपहार भेंट किए और उनको सौभाग्य की शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया।

देश के प्रमुख बाजारों, खासकर दिल्ली, मुंबई, जयपुर, अहमदाबाद, लखनऊ, भोपाल, कोलकाता, चेन्नई, हैदराबाद, बेंगलुरु, पुणे, पटना, इंदौर, कानपुर सहित लगभग सभी राज्यों के प्रमुख शहरों, कस्बों एवं गांवों के बाजारों में आज भारी भीड़ देखी गई और यह त्यौहार बेहद खुशी, उल्लास और उत्साह के साथ पारिवारिक माहौल में मनाया गया। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के अनुसार, भाईख्दूज पर देशभर में लगभग २२,००० करोड़ रुपये का व्यापार होने का अनुमान है।

वहीं दिल्ली में यह व्यापार लगभग २८०० करोड़ रुपए का संभावित है। कैट के अनुसार आज देश भर में भाई दूज के पवित्र पर्व पर जिन प्रमुख वस्तुओं का व्यापार हुआ उसमें मिठाई और नमकीन,

चॉकलेट, फल, ड्राई फ्रूट्स और गिफ्ट पैक, रेडीमेड वस्त्र, साड़ियाँ और परिधान,ज्वैलरी और फैशन एक्सेसरीज, इलेक्ट्रॉनिक्स और गैजेट्स, होम ऐप्लायंसेज, पैकिंग, डेकोरेशन, पूजा सामग्री,गोले, गिफ्ट आइटम्स, केक, बेकरी एवं कन्फेक्शनरी आइटम्स शामिल थे वहीं,ट्रैवल, कैब, रेस्टोरेंट्स एवं हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में भी बड़ा व्यापार हुआ। दिल्ली के चांदनी चौक से सांसद तथा कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि कुल मिलाकर यह पर्व पारिवारिक रिश्तों के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था को भी सशक्त करने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हुआ वहीं इससे देश की "सनातनी अर्थव्यवस्था" की महत्ववता भी सिद्ध होती है। खंडेलवाल ने कहा कि "भाईख्दूज केवल एक पारिवारिक पर्व नहीं, बल्कि यह भारतीय संस्कृति की आत्मा है, जो पारिवारिक संबंधों में प्रेम, त्याग और सम्मान की भावना को सशक्त करती है। इस अवसर पर देश के छोटे-बड़े व्यापारी स्वदेशी उत्पादों की बिक्री के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को आगे बढ़ा रहे हैं।

# छठ पूजा की तैयारियों को लेकर उपराज्यपाल ने किया घाट का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** 'छठ पूजा २०२५' की तैयारियों को लेकर दिल्ली सरकार युद्धस्तर पर जुटी हुई है। इसी क्रम में दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा ने वासुदेव घाट का संयुक्त निरीक्षण किया और सम्बंधित अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिए कि पर्व के आयोजन में किसी भी प्रकार की कमी न रह जाए। सफाई, लाइटिंग, सुरक्षा और यातायात प्रबंधन की व्यवस्था समयबद्ध रूप से पूरी की जाए ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान दिल्ली सरकार, नगर निगम एवं सम्बंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।दिल्ली में इस वर्ष १३०० से अधिक घाटों पर भव्य छठ पूजा का आयोजन किया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान कपिल मिश्रा ने कहा कि दिल्ली में इस वर्ष छठ पूजा का आयोजन अब तक का सबसे व्यापक आयोजन होने जा रहा है। हमारा लक्ष्य है कि श्रद्धालुओं को स्वच्छ, सुरक्षित और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध अनुभव मिले। उपराज्यपाल के साथ आज वासुदेव घाट का निरीक्षण किया और सभी विभागीय अधिकारियों को समय से तैयारी पूर्ण करने के निर्देश दिए।उन्होंने आगे कहा कि ये कहने वाली नहीं, करने वाली सरकार है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की सरकार की यह पहली छठ पूजा है और पहली ही छठ पूजा में यमुना किनारे पूजन का संकल्प पूरा होने जा रहा है। यह दिल्ली के लिए गौरव का क्षण है कि श्रद्धालु यमुना तट पर परंपरागत तरीके से पूजा-अर्चना कर सकेंगे। कपिल मिश्रा ने आगे कि पिछली सरकार ने जानबूझकर छठ पूजा पर रोक लगाई थी। केजरीवाल ने पूर्वांचल के लोगों का अपमान किया, लेकिन इस बार पूर्वांचल के लोग स्वाभिमान और गर्व के साथ अपना छठ पर्व मनाएंगे। पिछले ६ साल से यमुना किनारे छठ पूजा पर केजरीवाल ने बैन लगाया हुआ था, मगर इस बार ऐसा नहीं है।



**छठ पूजा की तैयारियों को लेकर उपराज्यपाल व कपिल मिश्रा ने किया वासुदेव घाट का निरीक्षण करते हुए।**

## एक नजर

### एनजीओ पंजीकरण के नाम पर ठगी करने वाले तीन धरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तरी जिला साइबर पुलिस ने गुरुवार को फर्जी डोनेशन और एनजीओ पंजीकरण के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस रैकेट में शामिल तीन आरोपियों को आगरा, उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। पुलिस इनसे पूछताछ करके गिरोह के अन्य गुर्गों के बारे में पता लगाने की कोशिश कर रही है।

पुलिस उपायुक्त राजा बांठिया के मुताबिक, शिकायतकर्ता ७६ वर्षीय बुजुर्ग मोहम्मद यूनुस खान परिवार के साथ बाड़ा हिंदू राव स्थित आजाद मार्केट में रहते हैं। उन्हें व्हाट्सएप कॉल पर अज्ञात व्यक्ति ने गरीब और बुजुर्गों की मदद के उद्देश्य से डोनेशन देने का झांसा दिया। आरोपी ने उन्हें बताया कि यदि वे अपनी एनजीओ पंजीकृत कराएंगे तो उन्हें हर माह ५० हजार नकद भुगतान और अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। लालच में आकर शिकायतकर्ता ने १६ हजार रुपये पंजीकरण और प्रोसेसिंग फीस के रूप में ट्रांसफर कर दिए। रुपये मिलने के बाद आरोपी ने बुजुर्ग से संपर्क बंद कर दिया। बुजुर्ग की शिकायत पर मामला दर्ज करके पुलिस ने जांच शुरू की। तकनीकी निगरानी और बैंक विवरणों के विश्लेषण से आरोपियों की पहचान करने के बाद पुलिस ने आगरा, यूपी में छापेमारी कर मनिष बिस्वास, मंथन कुमार और प्रिंस उर्फ कालू उर्फ कमलेश को गिरफ्तार कर लिया।

### फौजी का पहला लुक रिलीज

**नई दिल्ली।** माइथ्री मूवी मेकर्स ने प्रभास की मच अवेटेड फिल्म फौजी का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी कर दिया है, जिसका डायरेक्शन सीता रामम के डायरेक्टर हनु राघवपुडी ने किया है। यह ऐलान सुपरस्टार के जन्मदिन के मौके पर किया गया है, जिससे पूरे देश में उत्साह की लहर दौड़ गई है और यह भारतीय सिनेमा में एक बड़ी पार्टनरशिप पर रोशनी डालता है। इस दिलचस्प पोस्टर में प्रभास एक जबरदस्त योद्धा के रूप में नजर आ रहे हैं, जिनके चेहरे पर ताकत, हिम्मत और जुनून झलकता है। इस ऐलान के साथ लिखा गया संस्कृत श्लोक एक जन्मजात वीर की भावना को दर्शाता है, जो हिम्मत और बलिदान पर आधारित एक भव्य कहानी की शुरुआत करता है।'फौजी' प्रभास की 'बाहुबली' के बाद एक बार फिर शानदार पीरियड ड्रामा में वापसी का प्रतीक है, जो दर्शकों को भावनाओं और शानदार विजुअल्स से भरा अनुभव देने का वादा करती है। इसे माइथ्री मूवी मेकर्स की अब तक की सबसे बड़ी फिल्म बताया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट में प्रभास, माइथ्री (पुष्पा मेकर्स) और हनु (सीता रमम डायरेक्टर) की जोड़ी एक साथ आई है, जिसे भारतीय सिनेमा में "पीढ़ियों का संगम"कहा जा रहा है।

### महाराजा अग्रसेन मंदिर बनना गौरव की बात: अशोक गोयल



**नई दिल्ली।** श्री अग्रसेन धाम कुंडली में गोवर्धन महाराज पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। यहां निर्मित ३१ फीट ऊंचे गिरिराज जी की पूजा करने के लिए दूर-दूर से लोग पहुंच रहे हैं। सोनीपत के मेयर राजीव जैन और मॉडल टाउन के विधायक अशोक गोयल देवराहा भी श्री अग्रसेन धाम पर गोवर्धन महाराज का आशीर्वाद लेने पहुंचे। दोनों ने विधि विधान से पूजा की। इस अवसर पर विधायक अशोक गोयल देवराहा ने कहा कि दिल्ली एनसीआर में महाराजा अग्रसेन जी का भव्य मंदिर बनना पूरे अग्रवाल समाज के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति महाराजा अग्रसेन जी के दर्शन करने के लिए अग्रोहा नहीं जा सकता। इसलिए यहां आकर वह महाराजा अग्रसेन जी का इतिहास जान सकता है। विधायक ने मंदिर निर्माण में हर संभव मदद का आश्वासन दिया। भजनों की ताल और सुर के बीच विधायक अशोक गोयल ने जो राम को लाए हैं, वो श्याम को भी लाएंगे जैसे दो भजन सुना कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। राजेंद्र अग्रवाल और अतुल सिंघल ने बताया की पूजा का यह कार्यक्रम आगामी 28 अक्टूबर तक चलेगा। जिसमें प्रतिदिन गोवर्धन महाराज को आठ प्रहर का भोग लगाया जाएगा और उनकी आरती की जाएगी। रविवार 26 अक्टूबर को समाज के कई प्रतिष्ठित व्यक्ति पूजा और आरती कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। समारोह में अग्रवाल समाज मॉडल टाउन के प्रधान प्रेम चंद गुप्ता, धाम के चेयरमैन जगदीश राय गोयल, प्रधान राजेंद्र अग्रवाल, उपप्रधान अतुल सिंघल, महासचिव अनिल गोयल, कोषाध्यक्ष दीपक मंगला एवं दीपक मित्तल, संगठन मंत्री राजेश गोयल, राहुल सिंघल सहित सैंकड़ों भक्तों ने गोवर्धन महाराज की परिक्रमा करने के पश्चात अन्नकूट का प्रसाद लिया।

# सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर राष्ट्रव्यापी कार्यक्रमों की शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय एकता में अनेकता और श्एक भारत, श्रेष्ठ भारतश के विजन को आगे बढ़ाते हुए ष्भारत भारतीष ने एक ऐतिहासिक अभियान शुरू किया है, जिसका उद्देश्य शैक्षणिक संस्थानों में राष्ट्रीय सद्भावना, सांस्कृतिक एकजुटता और एकता के संदेश को बढ़ावा देना है।

अपने ७ दिवसीय प्रवास अभियान की शुरुआत जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर से हुई, जिसका नेतृत्व राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री जगन्नाथ कुंजबिहारी स्वाईन और उत्तर भारत क्षेत्र के प्रभारी मोहम्मद इरफान अहमद ने किया। दरअसल, यह विशेष प्रवास यात्रा सरदार वल्लभभाई पटेल की अखंड भारत के लिए की गई सेवाओं को याद करने और ५६२ रियासतों के एकीकरण में उनकी ऐतिहासिक भूमिका को रेखांकित करने एवं उनकी १५०वीं जयंती के कार्यक्रमों के लिए आयोजित की गई थी।



इस संबंध में इरफान अहमद ने बताया कि इस विशेष अभियान की अवधारणा इसी वर्ष केवड़िया स्थित स्टैचू आफ यूनिटी गुजरात में आयोजित अखिल भारतीय अधिवेशन में प्रस्तुत की गई थी, जहाँ १५० विश्वविद्यालयों और प्रमुख शिक्षण संस्थानों, आईआईटी, आईआईएम और भारत के १५० प्रमुख शहरों में आरएसएस भारत भारती द्वारा राष्ट्रीय एकता कार्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया गया था। इसका उद्देश्य भारत की सांस्कृतिक और भाषाई विविधता को उजागर करना और युवाओं में एकता को बढ़ावा देना है, ताकि शैक्षणिक परिसरों में श्मिनी भारतश की झलक दिखाई देश्रीनगर प्रवास के दौरान जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा जी से मिलकर इन एकता कार्यक्रमों के परिणामों से भी अवगत कराया, उन्होंने आगामी कार्यक्रमों के लिए पूर्ण समर्थन और स्वयं भी रहने का आश्वासन दिया। कश्मीर टीम में एडवोकेट सुश्री सिबगत खघन, आईएफएस अधिकारी इरफान अली शाह, श्रीमती रोजा शाह, डॉक्टर फय्याज भट्ट आदि भी साथ रहे। जम्मू प्रवास के दौरान जम्मू समन्वयक पवन विवेक और सांस्कृतिक समन्वयक आरसी शर्मा, कुलभूषण मल्होत्रा, ओपेंद्र शर्मा, दिनेश रैना, सुनील राजपूत, श्रीमती नेहा राजपूत वगैरह की टीम ने आईआईटी जम्मू के निदेशक डॉ. मनोज गौर जी, कटरा स्थित माता वैष्णो देवी यूनिवर्सिटी के उपकुलपति प्रगति कुमार जी, सेंट्रल यूनिवर्सिटी के वीसी सहाब, क्लस्टर विश्वविद्यालय के उपकुलपति चन्द्रशेखर जी, डीन एवं परीक्षा नियंत्रक रणविजय सिंह आदि से भी समन्वय करने की चर्चा की। बहरहाल, इस सक्रिय टीम ने भाजपा मुख्यालय में पार्टी अध्यक्ष श्री सत शर्मा जी, महामंत्री संगठन श्री अशोक कौल जी, उपाध्यक्ष राजीव चारक जी के साथ भी एक विशेष बैठक की, जिसमें अभियान की सफलता के लिए राजनीतिक और प्रशासनिक सहयोग का आश्वासन दिया गया।

# विश्व वुशु चैंपियनशिप में आउट ऑफ टर्न प्रमोशन मिला

**नई दिल्ली।** सीमा सुरक्षा बल की कांस्टेबल शिवानी को उनके विश्व वुशु चौंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन के लिए हेड कांस्टेबल के पद पर आउट ऑफ टर्न प्रमोशन दिया गया है। यह पदोन्नति समारोह बीएसएफ के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी द्वारा बीएसएफ कैम्प छावला में आयोजित किया गया। कांस्टेबल शिवानी ने बीएसएफ की सेवा के केवल पांच महीने के अंदर यह पदोन्नति प्राप्त की है। आवश्यक छूट और अनुमति भारत सरकार के डीयोपीटी से प्राप्त की गई है। कांस्टेबल शिवानी ने ब्राजील में आयोजित १७वीं विश्व वुशु चौंपियनशिप २०२५ में भारत का प्रतिनिधित्व किया और रजत पदक जीता। कांस्टेबल शिवानी का पदोन्नति समारोह वरिष्ठ बीएसएफ अधिकारियों और बीएसएफ की केन्द्रीय टीम के खिलाड़ियों की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर बीएसएफ के महानिदेशक, दलजीत सिंह चौधरी,ने हेड कांस्टेबल शिवानी को बधाई दी और वहां मौजूद बीएसएफ के खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिवानी की यह असाधारण उपलब्धि और उसके साथ मिला आउट ऑफ टर्न प्रमोशन प्रमोशन, बल अन्य खिलाड़ियों के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण है।बीएसएफ सेंट्रल वुशु टीम के कांस्टेबल अनुज को अप्रैल २०२५ में चीन में आयोजित १०वें सांडा विश्व वुशु चैंपियनशिप में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आउट ऑफ टर्न प्रमा. ेशन दिया गया था।



**उपमहापौर जय भगवान यादव रोहिणी विधानसभा क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए।**

# उपमहापौर ने रोहिणी विधानसभा क्षेत्र का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उप महापौर जय भगवान यादव ने आज रिठाला विधानसभा क्षेत्र के वार्ड संख्या २१ और २२ तथा रोहिणी विधानसभा क्षेत्र के वार्ड संख्या ५४ का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वच्छता व्यवस्था और आगामी छठ महापर्व (छठ पूजा) की तैयारियों की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान रोहिणी वार्ड समिति के उपाध्यक्ष श्री नरेंद्र सोलंकी, पार्षद समीता कौशिक, रोहिणी जोन की उपायुक्त, निगम अधिकारी एवं कर्मचारी तथा स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे। उपमहापौर यादव ने कुछ क्षेत्रों में स्वच्छता की स्थिति पर असंतोष व्यक्त किया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कचरा संवेदनशील स्थानों की सफाई दिन में दो बार सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने कहा कि किसी भी नागरिक को गंदगी के कारण असुविधा नहीं होनी चाहिए और सभी वार्डों में स्वच्छता पर सख्त निगरानी रखी जाए।

यादव ने छठ पूजा की तैयारियों का जायजा लेने के लिए विभिन्न छठ घाटों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने घाटों पर स्वच्छता, बिजली, प्रकाश व्यवस्था और श्रद्धालुओं के सुचारु आवागमन से संबंधित तैयारियों की समीक्षा की। उपमहापौर जय भगवान यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार, दिल्ली में छठ पूजा के भव्य और सुचारु आयोजन के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि घाटों के आसपास स्वच्छता, प्रकाश और अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

उपमहापौर ने त्योहारों के दौरान स्वच्छता और जनसुविधा के उच्च मानकों को बनाए रखने के लिए एमसीडी की प्रतिबद्धता दोहराई और नागरिकों से अपील की कि वे अपने आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने में सहयोग करें।

# अन्नकूट महोत्सव में सांसद व्यापारी व समाज सेवी हुए शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश भाजपा बौद्धिक प्रकोष्ठ के सह- संयोजक कपिल अग्रवाल द्वारा रामजस रोड, करोल बाग में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक क्षेत्रों की कई प्रतिष्ठित हस्तियाँ एकत्रित हुईं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय सेशन जज मनीष गुप्ता, महेश गुप्ता, सांसद मनोज तिवारी, दिल्ली पुलिस के विशेष आयुक्त जसपाल सिंह, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त राजेन्द्र सिंह सागर, चीफ इमाम मौलाना उमेर इलियासी, सहायक पुलिस आयुक्त किशन लाल, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव दुश्यंत गौतम, करोल बाग जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र बब्बर, पूर्व मंत्री (उत्तर प्रदेश सरकार) राजकुमार आनंद, फेस ग्रुप के चेयरमैन डॉक्टर मुश्ताक अंसारी और पूर्व मेयर रवींद्र गुप्ता सहित अनेक विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे।



इनके अतिरिक्त समाजसेवा, राजनीति और व्यापार जगत से शिवकुमार माहेश्वरी, राजीव शर्मा, संदीप जिंदल, ललित गर्ग, अरविंद वत्स, शबाना अजीम, श्वेता चुग, राजबाला सिंह राणू, और रूबी शेख जैसी जानी-मानी हस्तियाँ भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुईं।अन्नकूट महोत्सव में विविध धर्मों और समुदायों के लोग एकत्र हुए और एकता व सद्भाव का सुंदर संदेश दिया। इस अवसर पर सांसद मनोज तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि अन्नकूट महोत्सव हमारे देश की उस परंपरा का प्रतीक है जहाँ भोजन के माध्यम से हम एकता, प्रेम और सहयोग का संद. ेश देते हैं। यह पर्व हमें सिखाता है कि समाज की सेवा ही सच्ची पूजा है। आज जब पूरा देश 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की दिशा में बढ़ रहा है, ऐसे आयोजन हमारी संस्कृति और सामूहि. कता को और मजबूत करते हैं। वहीं कार्यक्रम के आयोजक कपिल अग्रवाल ने कहा कि अन्नकूट का मूल उद्देश्य केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज के सभी वर्गों को जोड़ना है। इस महोत्सव के माध्यम से हम यह संदेश देना चाहते हैं कि एकता और भाईचारा ही भारत की असली पहचान है। लोगों का प्रेम और सहभागिता इस आयोजन को सफल बनाती है।

# सेवा बस्ती में रहने वाली बहनों के साथ मनाया भाईदूज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** इंद्रप्रस्थ संजीवनी के अध्यक्ष डॉ. संजीव अरोड़ा गंगापुत्र ने भाई दूज के अवसर पर राजधानी दिल्ली की सेवा बस्तियों में जाकर सैकड़ों बहनों को भाई दूज का शगुन दिया। दरअसल, गत कई वर्षों से भाई दूज के अवसर पर डॉ. अरोड़ा सेवा बस्तियों में जाकर उन बहनों को शगुन देते रहे हैं, जो अपने भाइयों से दूर रह रही हैं।

इस भाई दूज पर भी डॉ. अरोड़ा ने दिल्ली के लोहा मंडी वाय ब्लॉक सेवा बस्ती, सोनिया गांधी कैंप, ए-85 नारायणा औद्योगिक क्षेत्र कैंप में अपने भाइयों से दूर रह रही बहनों के बीच जाकर उनकी भाई की कमी पूरी की। बहनों ने पूरे हर्षित मन से उल्लासपूर्वक डॉ. अरोड़ा का स्वागत किया, भाई के रूप में उन्हें तिलक किया, मौली बांधी और डॉ. अरोड़ा की लंबी उम्र तथा दीर्घायु होने की कामना की। इसके बाद डॉ. अरोड़ा ने भाई का कर्तव्य निभाते हुए बहनों को शगुन दिया और हर सुख-दुख में साथ खड़े होने का वचन दिया। इस अवसर पर लोहा मंडी वाय ब्लॉक सेवा बस्ती की बहन संतोष कुमारी ने भावुक होते हुए कहा कि डॉ. अरोड़ा भाईदूज के मौके पर प्रतिवर्ष हमारे बीच आते हैं और शगुन देते हैं। उनके आने से हम सुरक्षित महसूस करते हैं, क्योंकि वह हर सुख-दुख में हमारे साथ खड़े रहते हैं।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# पुलिस कमिश्नर के सख्त तेवर, क्राइम मीटिंग में दिए कड़े निर्देश

**गाजियाबाद।** अपराध नियंत्रण, कानून- व्यवस्था और आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए पुलिस आयुक्त गाजियाबाद जे. रवींद्र गौड़ की अध्यक्षता में पुलिस कार्यालय में क्राइम मीटिंग आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून- व्यवस्था, यातायात, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अपराध एवं मुख्यालय, पुलिस उपायुक्त नगर, ट्रांस हिंडन, ग्रामीण जोन के साथ सभी सर्किल के सहायक पुलिस आयुक्त शामिल रहे।



बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में कानून-व्यवस्था की समीक्षा करना, अपराध नियंत्रण की रणनीति तय करना और आगामी छठ पूजा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना था। इस दौरान पुलिस कमिश्नर ने सर्दियों के मौसम में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अंधेरा जल्दी होने से चोरी, सेंधमारी और लूट जैसी घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है, इसलिए शाम के समय गश्त बढ़ाई जाए।

उन्होंने पार्कों, सुनसान इलाकों और औद्योगिक क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने पर जोर दिया। अपराध नियंत्रण के लिए रात्रिकालीन गश्त को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए। सभी थानों को कई सेक्टरों में बांटकर नियमित चेकिंग अभियान चलाने, मोबाइल पेट्रोलिंग बढ़ाने और संवेदनशील क्षेत्रों में सघन निगरानी रखने को कहा गया।

आगामी त्यौहार छठ पूजा को लेकर भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था और ड्रोन से निगरानी जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

पुलिस कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी स्थिति में कानून-व्यवस्था से समझौता न किया जाए और आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

# पुलिस कमिश्नर ने किया मोदीनगर थाने का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर जे. रवींद्र गौड़ ने गुरुवार को मोदीनगर थाने का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर की साफ-सफाई, महिला डेस्क, अभिलेखों के रख-रखाव और लंबित मामलों की समीक्षा की।

गाजियाबाद कमिश्नर ने पुलिस कर्मियों को जनता के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाने और शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। इस मौके पर डीसीपी, एसीपी, एसएचओ आदि मौजूद रहे।



केंद्रीय मंत्री हंसराज गंगाराम अहीर पहुंचे गाजियाबाद

# भाजपा नेता सौरभ यादव के पिताजी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भाजपा नेता व प्रदेश महामंत्री अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा व राष्ट्रीय व्यापार मंडल सौरभ यादव के पिताजी राजेंद्र यादव राजन जी के निधन पर उनके घर शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे केंद्रीय मंत्री व अध्यक्ष राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग हंसराज गंगाराम अहीर व वरिष्ठ भाजपा नेता उत्तर प्रदेश विधायक प्रशांत चौधरी ने परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर इस दुखद घड़ी में गहरी संवेदना व्यक्त की और उन्हें ढांढस बंधाया।

इस दौरान परिवारजनों के अलावा वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित अशोक भारतीय, शिक्षाविद रविंद्र यादव, भाजपा नेता महेंद्र यादव, राजवीर सिंह, खिनीत कुमार, प्रवीण कुमार, कृष्ण कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

यशोदा सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल एंड कैंसर इंस्टीट्यूट अस्पताल

# 26 को 'पिंक वॉक' के माध्यम से शहर को ब्रैस्ट कैंसर के प्रति जागरूक करेगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** यशोदा हेल्थकेयर, दिल्ली एनसीआर पिछले तीन दशकों से महिलाओं के स्वास्थ्य और समग्र भलाई को सुधारने में निरंतर प्रयासरत है। हर साल लगभग 15% महिलाएं ब्रैस्ट कैंसर से प्रभावित होती हैं, इसलिए इसका समय पर स्क्रीनिंग और जांच बेहद महत्वपूर्ण है। यशोदा ग्रुप के चेयरमैन डॉ. दिनेश अरोड़ा कहते हैं कि हमें इस बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ानी होगी, ताकि महिलाएं समय रहते इसका इलाज करवा सकें। यदि इसे शुरुआती चरण में पहचाना जाए तो यह पूरी तरह से इलाज योग्य है। डॉ. राजत अरोड़ा, यशोदा हेल्थकेयर के मैनेजिंग डायरेक्टर कहते हैं कि यशोदा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश का पहला और एकमात्र व्यापक ब्रैस्ट केयर सेंटर है, जो महिलाओं के लिए उच्चतम गुणवत्ता के उपचार और देखभाल उपलब्ध कराता है, साथ ही ब्रैस्ट कैंसर की जल्दी पहचान और निदान सुनिश्चित करता है।

अक्टूबर माह को दुनिया भर में 'ब्रैस्ट कैंसर अवेयरनेस मंथ' के रूप में मनाया जाता है। इसी उद्देश्य को बढ़ावा देने के लिए यशोदा हेल्थकेयर ग्रुप 26 अक्टूबर 2025 (आने वाली रविवार) को एक भव्य वॉकथॉन 'द पिंक वॉक' का आयोजन कर रहा है। यह वॉक जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल, राजनगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद से शुरू होकर यशोदा सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल एंड कैंसर इंस्टीट्यूट, संजय नगर तक जाएगी। इस वॉक का उद्देश्य सभी लोगों को, विशेष रूप से महिलाओं, को ब्रैस्ट कैंसर की जल्दी पहचान और स्क्रीनिंग के महत्व के बारे में जागरूक करना है। यह वॉक रविवार सुबह 6 बजे से शुरू होगी, जिसमें यशोदा अस्पताल की विशेषज्ञ फिजियोथेरेपी टीम द्वारा एक मूवमेंट मेडली के साथ शुरुआत की जाएगी। इसके बाद वॉक का आयोजन होगा और यह बॉलीवुड जुम्बा के एक मजेदार सत्र के साथ समाप्त होगा।

# शहीदी को समर्पित यात्रा का जगह-जगह किया गया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सिख पंत के नवे गुरु शहीदों के सरताज गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350 वी शहीदी को समर्पित यात्रा असम से चलकर आनंदपुर साहिब तक की जो यात्रा पूरे देश का भ्रमण कर रही है अलग-अलग प्रदेशों से होते हुए गाजियाबाद पहुँची सबसे पहले यात्रा का स्वागत सिद्धार्थ विहार में क्रॉसिंग और प्रताप विहार गुरुद्वारा के द्वारा किया गया। उसके उपरांत यात्रा भाटिया मोड़ गुरुद्वारा साहिब पहुंची वहां पर भाटिया मोड़ गुरुद्वारे की कमेटी के द्वारा संगत के साथ मिलकर यात्रा का स्वागत किया गया। उसके उपरांत यात्रा गांधीनगर गुरुद्वारा साहिब पहुंची वहां पर यात्रा के साथ श्रद्धालु चल रहे थे उनका गाजियाबाद की संगत का शिरा. मणि अकाली दल पंजाब की आई हुई कमेटी के सभी पदाधिकारी का इंतजाम किया हुआ था पहले एक घंटे के लिए आए हुए कीर्तनीयों ने गुरु जस गायन करके संगत को निहाल कर फिर लंगर किया उपरांत यह यात्रा घंटाघर पहुंची जहां पर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा रेलवे



रोड बजरिया (रजिस्टर्ड 1885) जब राजपत्र के सामने कुछ बोल नहीं पता था सभा के द्वारा आए हुए सभी मेहमानों का गुरु साहबान का नकमस्तक होकर स्वागत किया स्वागत किया गया।

घंटाघर से चलकर अब नया बस अड्डा मेट्रो स्टेशन मोहन नगर श्याम पार्क नवीन पार्क बॉर्डर होते हुए यात्रा दिल्ली की तरफ चली जाएगी। अगले दो दिन यह यात्रा दिल्ली में पूरी दिल्ली का भ्रमण करेंगे। इस यात्रा के साथ मुख्य आकर्षण चार वह घोड़े जिस प्रजाति के घोड़े के ऊपर गुरु गोविंद सिंह महाराज सवारी किया करते थे उनकी प्रजाति के चार घोड़े गाजियाबाद आए संगत में नतमस्तकों के उनके भी दर्शन किया।



**गाजियाबाद। श्री गुरु तेगबहादुर साहिब जी की 350वीं शहीदी शताब्दी यात्रा जो असम से चलकर अमृतसर जा रही है का गाजियाबाद आगमन पर पूर्व विधायक प्रत्याशी गाजियाबाद विधानसभा विशाल वर्मा ने अपने साथियों के साथ यात्रा में चल रहे लोगों का स्वागत किया।**

# पतला नगर पंचायत चेयरमैन पति से मांगी पांच करोड़ की रंगदारी

गोल्डी बराड़ के नाम से दी जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** तहसील की नगर पंचायत पतला की चेयरमैन रीता चौधरी के पति देवेन्द्र चौधरी से फोन पर 5 करोड़ की रंगदारी मांगी गई है ना देने पर जान से मारने की धमकी दी है फोन करने वाले ने खुद को गोल्डी बराड़ बताया है। पीड़ित देवेन्द्र चौधरी की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पतला निवासी देवेन्द्र चौधरी समाजसेवी है उनकी पत्नी रीता चौधरी वर्तमान में पतला नगर पंचायत की चेयरमैन है व उनके बड़े भाई योगेंद्र चौधरी राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता हैं । पुलिस को दी शिकायत में देवेन्द्र चौधरी ने बताया कि उन्हें 18 अक्टूबर को व्हॉट्सअप कॉल पर 5 करोड़ की रंगदारी मांगी गई ना देने पर जान से मारने की धमकी दी गई इसका मैसेज भी आया, उसके बाद 22 अक्टूबर को पुन: किसी अन्य नंबर से व्हॉट्सअप कॉल कर 5 करोड़ की रंगदारी ना देने पर जान से मारने की धमकी दी गई है फोन करने वाले ने खुद को लॉरेंस विश्नोई गैंग से गोल्डी बराड़ बताया, तब उन्होंने धमकी की शिकायत पुलिस से की है,उनकी जान को खतरा है। एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना ने बताया कि देवेन्द्र चौधरी की शिकायत पर निवाड़ी थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है व पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिलाओं को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत ट्रांस हिण्डन जोन में पुलिस की विशेष टीम सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। इसी क्रम में थाना साहिबाबाद की मिशन शक्ति टीम ने क्षेत्र में भ्रमण कर महिलाओं और छात्राओं को जागरूक किया।

टीम ने महिलाओं को आत्मरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण उपायों की जानकारी दी। छात्राओं को "बैड टच" और "गुड टच" के अंतर को समझाया गया ताकि वे किसी भी असहज परिस्थिति में तुरंत पहचान कर कदम उठा सकें। मिशन शक्ति टीम ने बालिकाओं को यह भी बताया कि किसी भी प्रकार की असुरक्षा या अपराध की स्थिति में तुरंत पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 181 या साइबर अपराध के लिए 1930 पर संपर्क करें।



कार्यक्रम के दौरान पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि वे किसी भी भय के बिना अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें। मिशन शक्ति का उद्देश्य समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान की भावना को सुदृढ़ करना और अपराधों के प्रति महिलाओं को सजग बनाना है।इस अभियान से महिलाओं में आत्मविश्वास और सुरक्षा की भावना बढ़ी है। क्षेत्रीय निवासी और स्कूलों के शिक्षकों ने पुलिस टीम के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से समाज में सकारात्मक बदलाव आएगा।

# विजया स्वप्न फाउंडेशन ने जरूरतमंद बच्चों संग मनाई दीपावली, बांटे खुशियों के दीप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** विजया स्वप्न फाउंडेशन ने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जरूरतमंद बच्चों के साथ दीपावली का पावन पर्व मिलजुल कर मनाया। यह आयोजन न केवल बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाया, बल्कि समाज में सकारात्मकता और मानवता की मिसाल भी पेश की।



इस आयोजन में संस्थापक ममता शर्मा की विशेष उपस्थिति रही, जिन्होंने अपने स्नेह और सेवा भाव से बच्चों के साथ समय बिताया। उनके साथ फाउंडेशन की सक्रिय सदस्य रितु शर्मा एवं स्वर्णिका भी उपस्थित रहीं, जिन्होंने बच्चों के साथ दीप जलाए, मिठाइयाँ बाँटी और रंग-बिरंगे पटाखों व खेलों के जरिए उनके साथ खुशियाँ साझा कीं। बच्चों को फाउंडेशन की ओर से मिठाइयाँ, टॉफियाँ और शिक्षा सामग्री उपहार में दी गईं। साथ ही, इस अवसर पर एक छोटा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों ने गीत, नृत्य और कविताओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाई। ममता शर्मा ने इस मौके पर कहा: "दिवाली केवल रोशनी का त्योहार नहीं, बल्कि हर दिल को रोशन करने का अवसर है।

इन बच्चों की मुस्कान ही हमारी सबसे बड़ी सफलता है। हमारा उद्देश्य है कि हर बच्चा यह महसूस करे कि वह अकेला नहीं है।" विजया स्वप्न फाउंडेशन का यह प्रयास समाज के उन वर्गों तक खुशियाँ पहुँचाने की ओर एक प्रेरणादायक कदम है, जो अक्सर इन त्योहारों से वंचित रह जाते हैं।

# लोनी में बार-बार किया जा रहा सांप्रदायिक माहौल खराब करने का कार्य: रवि धामा प्रदेश अध्यक्ष गोरक्षा दल

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**लोनी।** दिल्ली सहारनपुर रोड़ से रोहित शर्मा द्वारा भाजपा जिला उपाध्यक्ष रवि धामा को सूचना दी गयी कि रोड़ पर एक छोटा मृत गौवंश पड़ा हुआ है जिसे कुत्ते नोंच रहे है। रवि धामा तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने सूचना अशोक विहार चौकी प्रभारी विवेक जावला को दी वे तुरंत दरोगा मोहित हैड कांस्टेबल राजकुमार व अन्य पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। सूचना नगरपालिका इंस्पेक्टर राजकुमार जी को दी गयी उन्होंने तत्काल आकाश कुमार को मौके पर भेजा। रवि धामा ने बताया कि यह घटना कोई नयी नही है।



यहां पर अशोक विहार की तरफ जितनी भी भैंस वाली डेरी खुली हुई है। इन लोगो का यह कार्य है यह अवैध डेरी संचालक आए दिन यहां कट्टे में भरकर गौवंश फैंक देते है। जिससे कि हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को भड़काया जा सके। और लोनी का माहौल खराब हो सके।

रवि धामा ने कहा कि इन सभी अवैध डेरी संचालकों की सिखायत लोनी उपजिलाधिकारी व लोनी एसीपी से की जाएगी। मौके पर आदर्श राजपूत गौसेवक, आकाश कुमार साथ रहे।

## बहनों ने भाइयों को तिलक कर लंबी उम्र सुख समृद्धि की कामना कर मनाया भाई दूज का त्योहार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** गुरुवार को भाईदूज के पावन पर्व पर बहनों ने भाइयों के तिलक कर लंबी आयु की कामना की तथा परिवार में सुख समृद्धि की कामना की अखिल भारतीय परशुराम सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. विनोद कुमार मिश्रा की बहन गीता शर्मा ने मुरादनगर मोहल्ला महाजनान मुरादनगर मै अपने भाइयों की तिलक कर दीर्घ आयु तथा सुख समृद्धि की कामना की इस अवसर परिवार के पं गौरव मिश्रा, सोनी मिश्रा, आकाश मिश्रा, तनु मिश्रा, मुस्कान शर्मा, पं यश शर्मा आदि परिवार के सदस्यों ने सभी ने साथ बैठकर भोजन किया पं विनोद मिश्र ने छोटी बहन को आशीष के साथ उपहार दिया तथा सभी देशवा. सियों को भाईदूज की शुभकामनाएं की तथा राष्ट्र की उन्नति की कामना की।

# अतिक्रमण के विरुद्ध चला संयुक्त अभियान, सड़कें व फुटपाथ हुए मुक्त

**गाजियाबाद।** शहर में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने और आम नागरिकों को सुगम आवा. जाही का अधिकार दिलाने के लिए गाजियाबाद पुलिस, नगर निगम और स्थानीय थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने अतिक्रमण के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया। यह अभियान इंदिरापुरम क्षेत्र में कनावनी गांव से लेकर सीआईएसएफ टी- पॉइंट तक चलाया गया, जहां सड़कों, फुटपाथों और सार्वजनिक स्थलों पर किए गए अवैध कब्जों को हटाया गया। अभियान के दौरान पुलिस और नगर निगम की टीम ने कई जगहों पर लगाए गए ठेले, खोखे, दुकानों के आगे बढ़ाए गए शेड, अवैध पार्किंग तथा निर्माण सामग्री के ढेरों को हटाया। टीम ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थलों पर कब्जा कर आम जनता के रास्ते में बाधा डालना न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि यह शहर की यातायात व्यवस्था को भी बुरी तरह प्रभावित करता है। इस कार्रवाई से क्षेत्र के लोगों को राहत मिली, वहीं कई लोगों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि लगातार मिल रही शिकायतों के बाद यह विशेष अभियान चलाया गया है। अभियान के तहत जिन लोगों को पहले चेतावनी दी गई थी, उनके खिलाफ अब सख्त कार्रवाई की गई। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि फुटपाथों और सड़कों को आम लोगों की सुविधा के लिए मुक्त कराया गया है ताकि यातायात सुचारू रूप से चल सके। इस मौके पर यातायात पुलिस ने भी लोगों से अपील की कि वे सड़क किनारे या सार्वजनिक स्थानों पर अपने वाहन खड़े न करें। स्थानीय थाना पुलिस ने बताया कि अतिक्रमण दोबारा न हो इसके लिए नियमित निगरानी की जाएगी और जहां भी पुन: कब्जा किया जाएगा, वहां तुरंत कार्रवाई की जाएगी। अभियान के बाद क्षेत्र का दृश्य साफ-सुथरा और व्यवस्थित नजर आया। सड़कें खुली होने से वाहन चालकों को राहत मिली और पैदल चलने वालों के लिए भी रास्ते आसान हुए। अधिकारियों ने कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और शहर के अन्य क्षेत्रों में भी इसी तरह की कार्रवाई की जाएगी ताकि गाजियाबाद को स्वच्छ, व्यवस्थित और यातायात के दृष्टिकोण से बेहतर शहर बनाया जा सके।



## घर बैठे कमाई का झांसा देकर लाखों ठगे

**गाजियाबाद।** साइबर अपराधियों ने घर बैठे मोटी कमाई का लालच देकर वसुंधरा निवासी व्यक्ति से साढ़े दस लाख रुपए ठग लिए। जालसाजों ने शुरुआत में कमीशन देकर पीड़ित को जाल में फंसाया और फिर मोटी रकम ट्रांसफर करा ली। ठगी का पता चलने पर पीड़ित ने साइबर थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। वसुंधरा सेक्टर 4-बी स्थित अजनारा प्राइड सोसाइटी में रहने वाले पंकज का कहना है कि बीते 15 अक्तूबर को उनके व्हाट्सऐप पर एक अज्ञात व्यक्ति ने संदेश भेजा। उसने खुद को ऑनलाइन इन्वेस्टमेंट प्लेटफॉर्म से जुड़ा बताते हुए उन्हें घर बैठे ऑनलाइन टास्क पूरा करके डबल मुनाफा कमाने का लालच दिया।

# पैन-आधार नम्बर लेकर 60 करोड़ की जीएसटी धोखाधड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** धोखेबाजों ने एक व्यक्ति का पैन और आधार कार्ड नंबर की किसी तरह से जानकारी लेकर दो बार में ६० करोड़ रुपये की जीएसटी धोखाधड़ी की। शिकायतकर्ता भी हैरान है कि उसके नाम पर इतनी बढ़ी रकम कौन और कैसे ले सकता है। साइबर थाना पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक स्वतंत्र नगर, नरेला में रहने वाले आशीष ने बताया कि उसके पैन और आधार नंबर का किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा दुरुपयोग किया गया है। बीते एक जुलाई को उसने पहले ही साइबर अपराध पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत दी थी।

२०२४-२५ (जून २०२४ तक) के दौरान, लगभग २० करोड़ रुपये की जीएसटी धोखाधड़ी मेरे नाम पर की गई थी, जबकि मेरा ऐसे लेनदेन से कोई संबंध नहीं है। यहीं नहीं इससे पहले पिछले साल २९ जुलाई को भी एक इसी तरह से ऑनलाइन साइबर शिकायत दी थी। असल में उस वक्त २४.मई २०२३ से ३१ फरवरी २०२४ की अवधि के दौरान, मेरे पैन और आधार की जानकारी लेकर चालीस करोड़ रुपये की जीएसटी धोखाधड़ी की थी। साइबर एक्सपर्ट बताते हैं कि पीड़ित का इससे कोई लेना देना नहीं होता है। इसके बावजूद उसको काफी तरह के उत्पीडन उठाने पड़ते हैं। जिसमें बैंक,कोर्ट आदि का नोटिस,फिर उसका जवाब देना,उसके बैंक कार्ड पर बुरा असर,मानसिक उत्पीडन जैसी कई चीजों से जूझना पड़ता है।

**2023 में जीएसटी विभाग ने 12 हजार से ज्यादा फर्जी जीएसटी पंजीकरण का पता लगाया**

साइबर एक्सपर्ट बताते हैं कि २०२३ में , जीएसटी विभाग ने एक विशेष अभियान में पूरे भारत में १२ हजार से अधिक फर्जी जीएसटी पंजीकरण का पता लगाया था। जो काफी गंभीर विषय बनता जा रहा है। असल में जीएसटी पंजीकरण के लिए नकली पैन कार्ड के दुरुपयोग में खतरनाक वृद्धि के साथ, भारत में जीएसटी धोखाधड़ी ने एक नया मोड़ ले लिया है। धोखेबाज नकली जीएसटी पंजीकरण प्राप्त करने और नकली चालान घोटाले चलाने के लिए व्यक्तिगत डेटा का दुरुपयोग कर रहे हैं, जिससे भारी राजस्व हानि हो रही है और निर्दोष व्यक्तियों को परेशान किया जा रहा है।

**कुछ इस तरह से काम करता है जीएसटी घोटालेबाज**

जानकार बताते हैं कि डेटा चोरी या पैन जालसाजी घोटालेबाज या तो फिशिंग, लीक के माध्यम से पैन डेटा चुराते हैं, या सॉफ्टवेयर का उपयोग करके या वास्तविक पैन को संपादित करके पूरी तरह से नकली पैन बनाते हैं। नकली जीएसटी पंजीकरण चोरी या नकली पैन का उपयोग करके, धोखेबाज अक्सर आधार, किराया समझौते या उपयोगिता बिल जैसे जाली दस्तावेजों को संलग्न करके जीएसटी पंजीकरण के लिए आवेदन करते हैं।

फर्जी चालान एक बार पंजीकृत होने के बाद, वे भारी बिक्री दिखाते हुए नकली जीएसटी चालान जारी करते हैं और माल की वास्तविक आवाजाही के बिना आईटीसी का दावा करते हैं।

इनपुट टैक्स क्रेडिट धोखाधड़ी ये फर्जी संस्थाएं कमीशन के लिए वास्तविक करदाताओं को आईटीसी देती हैं, या स्वयं रिफंड का दावा करती हैं, जिससे सरकार को राजस्व हानि होती है। एक बार पकड़े जाने पर, ये संस्थाएँ गायब हो जाती हैं। अक्सर, ये शैल कंपनियाँ होती हैं जिनका कोई भौतिक अस्तित्व नहीं होता।

**कुछ ऐसे होती है धोखाधड़ी**

साइबर एक्सपर्ट बताते हैं कि धोखेबाज धोखाधड़ी करने वाले फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नकली कंपनियों को पंजीकृत करते हैं। ये गिरोह नकली चालान जारी करते हैं और अवैध रूप से आईटीसी का लाभ उठाते हैं।

वे लोगों के पैन और आधार का दुरुपयोग करके फर्जी फर्मों के नाम पर करोड़ों की जीएसटी चोरी करते हैं। धोखाधड़ी करने वाले लोग फर्जी बिक्री दिखाकर आईटीसी का गलत दावा करते हैं, जिससे उन्हें करोड़ों रुपये का रिफंड मिलता है।

# महापौर ने छठ महापर्व की तैयारियों का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आगामी छठ महापर्व के दृष्टिगत दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने आज राजधानी के प्रमुख छठ घाटों का निरीक्षण किया।

महापौर ने श्याम घाट, राम घाट तथा बुराड़ी से सोनिया विहार तक विभिन्न छठ घाटों पर चल रही तैयारियों का जायजा लिया।

श्याम घाट के निरीक्षण के दौरान संगठन मंत्री पवन राणा, जिला अध्यक्ष यूके चौधरी, सिविल लाइन वार्ड समिति के अध्यक्ष गुलाब सिंह राठौर, पार्षद अनिल त्यागी,राजपाल राणा, सागर त्यागी, कार्यालय प्रभारी ब्रजेश राय तथा अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। राम घाट के निरीक्षण के दौरान माननीय सांसद मनोज तिवारी, विधायक श्री सूर्य प्रकाश खत्री व अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। महापौर सरदार राजा इकघ्बाल सिंह ने कहा कि छठ महापर्व दिल्लीवासियों की आस्था और एकता का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि दिल्ली नगर निगम द्वारा छठ पूजा के सफल आयोजन हेतु सभी आवश्यक तैयारियाँ तेजी से पूरी की जा रही हैं। निरीक्षण के दौरान घाटों पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, जल निक. ासी और आवागमन की सुगमता से संबंधित तैयारियों का विस्तृत निरीक्षण किया गया।

महापौर ने बताया कि निगम ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि छठ घाटों के आसपास स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, फॉगिंग और कचरा प्रबंधन के लिए विशेष टीमें तैनात की जाएं। निगम के सफाई कर्मचारी निरंतर घाटों की सफाई और कचरा उठाने का कार्य कर रहे हैं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। महापौर ने कहा की दिल्ली की माननीय मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के मार्गदर्शन में इस बार छठ महापर्व के सफल आयोजन के लिए अभूतपूर्व इंतजाम किए जा रहे हैं। हमारा प्रयास है कि प्रत्येक व्रती और श्रद्धालु को स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित वातावरण मिले।

उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली के हर छठ घाट पर हो रहा यह भव्य आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह दिल्ली की सांस्कृतिक विविधता और सामाजिक एकता को भी सशक्त बनाता है।

# बिहार चुनाव से पहले मुठभेड़ में ढेर हुए बदमाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने बिहार के चार मोस्ट वांटेड गैंगस्टरों को मुठभेड़ में ढेर कर दिया । जानकारी के अनुसार दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा और बिहार पुलिस के संयुक्त अभियान में रोहिणी में हुई मुठभेड़ में बिहार के चार मोस्ट वांटेड गैंगस्टर मारे गए हैं। दिल्ली पुलिस ने एक्स में उस जगह के दृश्य जारी किये हैं जहां रात २.२० बजे चार आरोपियों और दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा और बिहार पुलिस की संयुक्त टीम के बीच गोल. ीबारी हुई। इस मुठभेड़ में बिहार के रंजन पाठक (२५), बिमलेश महतो (२५), मनीष पाठक (३३) और अमन ठाकुर (२१) मारे गए। रंजन पाठक, बिमलेश महतो और मनीष पाठक सीतामढ़ी, बिहार के रहने वाले थे और अमन ठाकुर करवाल नगर, दिल्ली का रहने वाला था।

ज्वाइंट सीपी क्राइम सुरेंद्र कुमार ने कहा कि डीसीपी संजीव यादव के नेतृत्व में दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की एक टीम ने बीती रात बिहार के चार वांछित अपराधियों के साथ मुठभेड़ की, जिनकी जानकारी सीतामढ़ी पुलिस से मिली थी। बिहार पुलिस की एक टीम भी दिल्ली में मौजूद थी। हमें तकनीकी अवरोधन के जरिए लगातार उनकी लोकेशन की जानकारी मिल रही थी, लेकिन वे लगातार पुलिस की पकड़ से बच रहे थे।



भाजपा प्रदेश प्रवक्ता वीरेंद्र सचदेवा यमुना के जल का आचमन करते हुए।

# प्रदेश प्रवक्ता ने किया यमुना के जल का आचमन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की रेखा गुप्ता सरकार के आठ माह के यमुना सफाई के संकल्प एवं प्रयासों का परिणाम है की आज यमुना का जल ना केवल डुबकी लगाने योग्य हो गया है बल्कि आचमन (पीने) योग्य भी हो गया है।

सचदेवा ने कहा है की गत वर्ष २५ अक्टूबर २०२४ को छठ से १० दिन पूर्व मैंने यमुना की दुर्दशा को दुनिया के समक्ष उजागर करने के लिए दिल्ली में यमुना के आई.टी.ओ. घाट पर जल में डुबकी लगाई तो दुनिया ने देखा था की यमुना की स्थिती एक गंदे नाले समान थी और डुबकी ने मुझे अस्पताल पहुंचा दिया था।उस यमुना में डुबकी ने मानों अरविंद केजरीवाल सरकार की यमुना सफाई के नाम पर लूट को जगजाहिर कर दिया और यमुना जी एवं छठ मईया के आशीर्वाद से दिल्ली में भाजपा सरकार बनी।

वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार के यमुना सफाई के संकल्पबद्ध कार्य का परिणाम है की आज २३ अक्टूबर २०२५ को हमारे प्रदेश प्रवक्ता एवं पर्यावरण विशेषज्ञ डा. अनिल गुप्ता ने यमुना के कालिंदी कुंज एवं आई.टी. ओ. घाटों पर पत्रकारों के समक्ष यमुना के जल का आचमन (पी) किया।वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की आज २३ अक्टूबर २०२५ को हमारे प्रवक्ता डा. अनिल गुप्ता ने लाइव टी. वी. कार्यक्रमों ना सिर्फ यमुना जल का आचमन किया पर साथ ही आनलाइन मोनिटरिंग डाटा दिखा कर साबित किया की रेखा गुप्ता सरकार के ८ माह के यमुना सफाई कार्य का परिणाम है की यमुना के पानी में बदबू नही है, आक्सीजन लेवल ४.५ से ५. ५ के बीच है तो पी.एच. ७.५ है जो सामान्य के पास है।दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की यमुना माई हों या छठ मईया दोनों के नाम पर अरविंद केजरीवाल सरकार ने भ्रष्टाचार किया और आज उसी भ्रष्टाचार के कारण वो सत्ता से बाहर हैं।

## साथियों के साथ मिलकर किया था हमला, आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने जहाँगीर पुरी,थाने के तहत हुए हत्या के प्रयास मामले में वांछित को गिरफ्तार किया है।आरोपी के विरुद्ध गैर-जमानती वारंट जारी किया गया था।आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर पीड़ितों पर हमला किया था।

दिल्ली पुलिस उपायुक्त ( पंकज कुमार ने बताया कि ८ दिसंबर 2024 को आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर भूपेंद्र उर्फ घ्घ्राज और अन्य पर हमला किया, जिससे उन्हें चोटें आईं। इस संबंध मे जहाँगीर पुरी,थाने के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। इसके बाद से अपराध शाखा, वांछित और फरार अपराधियों को पकड़ने के लिए तकनीकी और जमीनी निगरानी दोनों सक्रिय रूप से कर रही थी।

# पिटाई से हुई युवक की मौत, पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नन्द नगरी थाना अंतर्गत एक युवक को पीट-पीट कर हत्या का मामला सामने आया है, बताया जा रहा है उसके दोस्तों ने उसे फोन करके बुलाया था कि झगड़ा हो गया है, गगन वाले फ्लाई ओवर पर आ जा, इस फोन के कुछ देर बाद मृतक के फोन से उसके भाई को कॉल आई कि सलमान की हालत खराब है जल्दी आ जाओ, युवक की वीरवार सुबह जीटीबी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी स फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच में जुटी है।

जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान सलमान (२६) के रूप में हुई है, वह प्लास्टिक की स्क्रैप का काम करता था, सलमान के भाई अनान ने बताया दिवाली वाली रात सलमान के फोन पर उसके दोस्तों का फोन आया और उसे गगन वाले फ्लाई ओवर पर बुलाया था कि झगड़ा हो गया स उसके थोड़ी देर अनान के फोन पर सलमान के फोन से कॉल आई, कि राशीद डॉक्टर की दूकान पर आ जाओ सलमान की तबियत खराब है, जब परिजन डॉक्टर की दूकान पर पहुंचे तब सलमान के शरीर के कई जगह से खून निकल रहा था और उसकी हालत खराब थी, जिसे लेकर परिवार वाले जीटीबी अस्पताल पहुंचे और मामले की सूचना पुलिस को दी स वीरवार सुबह इलाज के दौरान सलमान की मौत हो गयी स सलमान के परिजनों का कहना है सलमान की बहुत पिटाई की गयी थी जिस वजह से उसकी मौत



हुई है, उस समय सलमान के साथ उसके दोस्त मौजूद थे उनका कहना है सलमान को बुरी तरह से कुछ लोगो ने पीटा था, जबकि परिजनों ने सलमान के दोस्तों पर भी शक जताया है कि उसके दोस्त अलग- अलग बयान दे रहे है जिससे वह भी शक के दायरे में आ रहे है स

पुलिस सूत्रों के अनुसार दिवाली के रात सलमान का गगन के पास बने फ्लाई ओवर पर रील बना रहे कुछ युवकों से विवाद हुआ था, अभी पुलिस सीसीटीवी फुटेज के जरिये सही जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है, और मृतक सलमान भी अपराधिक प्रवृति का था वह करीब छह अपराधिक मामलो में शामिल रहा है।

## प्रदूषण खराब से गंभीर श्रेणी में आया आनंद विहार में दर्ज किया 428 एक्यूआई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली समेत पूरे एनसीआर में दिवाली के बाद प्रदूषण का स्तर बढ़ा है। जिसकी वजह से हवा की गुणवत्ता पर बहुत खराब असर पड़ा है। दीपावली के तीन दिन बाद एक्यूआई का स्तर ४०० के पार पहुंच गया है। दिल्ली में वायु गुणवत्ता का रेड जोन में होना एक गंभीर चेतावनी है। भले ही पराली जलाने की घटनाओं में कमी आई है, लेकिन पीएम २.५ के बढ़ते स्तर ने चिंता बढ़ा दी है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आकंड़ों के मुता. बिक, दिल्ली के आनंद विहार में गुरुवार सुबह एक्यूआई ४२८ दर्ज किया गया। यह आंकड़ा श्गंभीरश श्रेणी में आता है, जो वायु प्रदूषण के खतरनाक स्तर को दर्शाता है। अक्षरधाम के आसपास ३५०, इंडिया गेट और इसके आसपास के इलाकों में ३५३, एम्स में ३४२ एक्यूआई दर्ज किया गया है।

गुरुवार सुबह गाजियाबाद में १७५, नोएडा में १९३ और ग्रेटर नोएडा में १८३ एक्यूआई दर्ज किया गया है। दिवाली पर जमकर हुई आतिशबाजी से प्रदूषित हुई हवा में बारूद का धुआं घुला रहा। मंगलवार रात सबसे अधिक ३३३ एक्यूआई दर्ज किया गया। वहीं, बुधवार को दिन में अधिकतम एक्यूआई ३०५ पहुंच गया। बड़ी बात यह है कि वायु प्रदूषण में धूल के कणों की मात्रा अधिक होने से पीएम २.५ का स्तर अधिक बना हुआ है, जो बुधवार को भी ३०१ पर दर्ज हुआ जबकि, पीएम १० का स्तर १९२ पर दर्ज हुआ। इस कारण लोगों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की एक रिपोर्ट के अनुसार, दिवाली के बाद दिल्ली की हवा की गुणवत्ता में तेजी से गिरावट आई है।

# प्रदूषण से अस्थमा- दमा मरीजों की बढ़ी परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी में बढ़ता प्रदूषण लोगों की रात की नींद भी उड़ा रहा है। अलग-अलग अस्पतालों की ओपीडी में सांस फूलने, खांसी, सिरदर्द, आंखों में जलन, तनाव व नींद न आने सहित कई दूसरे लक्षण लेकर लोग अस्पतालों में उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। साथ ही, अस्थमा, दमा व सीओपीडी मरीजों की दवा की खुराक भी प्रदूषण के कारण बढ़ गई है।

गुरु तेग बहादुर अस्पताल की ओपीडी में १०-२० फीसदी मरीज बढ़ गए हैं। एलर्जी ब्रोनकाइटिस की समस्या मरीजों में आमतौर पर देखने को मिल रही है। इसमें मरीज को लगातार खांसी, सांस लेने में तकलीफ, छाती में जकड़न व घरघराहट की दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। प्रदूषण के कारण अस्थमा, दमा और सीओपीडी मरीजों को दवा की खुराक बढ़ानी पड़ रही है। पहले जो मरीज दिन में दो बार दवा लेता था अब उसे चार-पांच बार दवा देने का परामर्श दिया जा रहा है। मरीज नींद न आने की परेशानी भी बता रहे हैं। हर उम्र का व्यक्ति उपचार के लिए आ रहा है। हार्ट और किडनी के मरीजों की परेशानी भी बढ़ गई है। प्रदूषण के कारण ओपीडी में मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। बच्चे और बुजुर्ग सांस संबंधी परेशानी को लेकर पहुंच रहे हैं। खांसी की समस्या सबसे ज्यादा देखने को मिल रही है।

## जेएनयू में छात्र संघ चुनाव चार नवंबर को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में चुनाव समिति ने शैक्षणिक सत्र २०२५-२६ के लिए छात्रसंघ चुनावों का विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है। जारी कार्यक्रम में बताया गया है कि इस बार मतदान ४ नवंबर २०२५ को होगा, जबकि चुनाव परिणामों की घोषणा छह नवंबर को की जाएगी। यह घोषणा जेएनयू परिसर में चुनावी गहमागहमी को तेज करने वाली है।चुनाव समिति द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, मतदाता सूची २४ अक्तूबर को प्रका. शित की जाएगी। इसी दिन से नामांकन प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी, जिससे इच्छुक छात्र अपने उम्मीदवार के रूप में दावेदारी पेश कर सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच और अंतिम सूची जारी होने के बाद, छात्र ४ नवंबर को मतदान करेंगे।



बाहरी जिला पुलिस के शिष्टाचार दस्ते ने सुल्तानपुरी बस स्टैंड पर महिला सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाते हुए।

# शिष्टाचार दस्ते ने चलाया महिला सुरक्षा जागरुकता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** महिलाओं की सुरक्षा का संदेश सीधे जनता तक पहुँचाते हुए, बाहरी जिला पुलिस के शिष्टाचार दस्ते ने पश्चिम विहार और सुल्तानपुरी बस स्टैंड पर महिला सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया।

इस अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करते समय और शहर के विभिन्न स्थानों से गुजरते समय हर महिला को सुरक्षित और आत्मविश्वासी महसूस कराना - सतर्कता, जागरूकता और दिल्ली पुलिस की आपातकालीन सेवाओं तक आसान पहुँच को बढ़ावा देना था। दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि दस्ते ने महिला यात्रियों, छात्राओं और स्थानीय निवासियों से बातचीत कर सुरक्षा संबंधी चिंताओं का समाधान किया और निवारक उपायों के बारे में जागरूकता फैलाई।इस दौरान महिलाओं और युवतियों में आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए बुनियादी आत्मरक्षा तकनीकों का लाइव प्रदर्शन किया गया।

यह जागरूकता सत्र ११२ आपातकालीन हेल्पलाइन और हिम्मत प्लस ऐप पर केंद्रित था, जिससे महिलाओं को जरूरत पड़ने पर तुरंत सहायता लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया।इस पहल ने एक सकारात्मक और संवादात्मक माहौल बनाया, नागरिकों को याद दिलाया कि जागरूकता और सतर्कता सुरक्षा की पहली सीढ़ी हैं।

# दिल्ली में प्रदूषण नियंत्राण के लिए करीब 2000 टीमें तैनात: सिरसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने सर्दियों के मौसम में प्रदूषण नियंत्रण के लिए जमीनी स्तर पर अभियान और तेज कर दिया है।वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के बाद पर्यावरण मंत्री सिरसा ने कहा कि दिल्ली में पूरे साल चौबीसों घंटे के लिए लागू की गई रणनीति नतीजे दे रही है।

सिरसा ने कहा कि दिल्ली का एक्यूआई आज ३०५ पर है जो कल से लगभग ५० अंक बेहतर है। ये सुधार साफ दिखाता है कि तेज जमीनी स्तर पर प्रदूषण के खघ्लिाफ की गई कार्रवाई से फर्क पड़ रहा है।उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिया कि प्रदूषण के हॉटस्पॉट्स पर लगातार नजर रखें और ग्रीन वॉर रूम के जरिए मिलकर काम करें। करीब २००० टीमें दिन-रात ग्राउंड पर काम कर रही हैं। दिल्ली का मॉडल सिर्फ सर्दियों के लिए नहीं, बल्कि सालभर की जवाब. देही और पारदर्शिता पर आधारित है। सिरसा ने आगे बताया कि दिल्ली सरकार मौजूदा प्रयासों के साथ भविष्य की तैयारी पर भी काम कर रही है।

हमारे प्रयास सिर्फ आज के लिए नहीं हैं, बल्कि आने वाले समय को ध्यान में रखकर किए जा रहे हैं। जल्द ही ७० नए मैकेनाइज्ड स्वीपर, ७० अतिरिक्त एंटी-स्मॉग गन, वाटर स्प्रिंकलर और १४० लिटर पिकर लगाए जा रहे हैं जो १४४० किलोमीटर सड़कों को कवर करेंगे। साथ ही इना. ेवेशन को बढ़ावा देने के लिए 'दिल्ली क्लीन एयर चौलेंज' जारी है और आईआईटी कानपुर व आईएमडी के सहयोग से जल्द ही क्लाउड सीडिंग की जाएगी," उन्होंने कहा कि सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों के इस्तेमाल को भी तेजी से बढ़ाया है, जिसके पीछे की सोच ट्रांसपोर्ट सेक्टर से निकलने वाले प्रदूषण को कम करना है। हम अब सिर्फ सफाई नहीं, बल्कि निरंतर नियंत्रण पर ध्यान दे रहे हैं। हर मशीन और हर अधिकारी की जवाबदेही तय है। दिल्ली हवा को कर्म से साफ कर रही है, केवल बातों से नहीं उन्होंने कहा कि २५ सूत्रीय विंटर एक्शन प्लान के तहत दिल्ली सरकार विज्ञान-आधारित और नागरिक-केंद्रित मॉडल को और मजबूत बना रही है।

# प्रधानमंत्री करेंगे अंतर्राष्ट्रीय आर्य महा सम्मेलन 2025 का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आर्य समाज गर्वपूर्वक घोषणा करता है कि अंतर्राष्ट्रीय आर्य महा सम्मेलन 2025 का आयोजन आर्य समाज की 150वीं वर्षगांठ तथा महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। यह ऐतिहासिक आयोजन 30 अक्टूबर से 2 नवंबर 2. 2025 तक स्वर्ण जयंती पार्क, रोहिणी सेक्टर-10, नई दिल्ली में होगा। इस वैश्विक सम्मेलन में 40 से अधिक देशों के प्रतिनिधि, विद्वान, और आर्य समाज के प्रमुख नेता भाग लेंगे।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ३१ अक्टूबर २०२५ को अंतर्राष्ट्रीय आर्य महा सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे, जो इस ऐतिहासिक आयोजन का शुभारंभ होगा।

इस अवसर पर विशिष्ट गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रहेगी, जिनमें माननीय राज्यपाल गुजरात एवं महाराष्ट्र आचार्य देवव्रत, राज्यपाल असम लक्ष्मण आचार्य, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, और भाजपा के वरिष्ठ नेता सुधांशु त्रिवेदी सहित कई अन्य अतिथि शामिल होंगे। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मॉरिशस के राष्ट्रपति श्री धर्म गोकहूल, सूरीनाम के पूर्व राष्ट्रपति चंद्रिकाप्रसाद संतोखी और मॉरिशस के कृषि उद्योग मंत्री डॉ. अरविन बुल्लेल भी इस सम्मेलन में भाग लेंगे। यह सम्मेलन प्रधानमंत्री द्वारा प्रारंभ की गई दो वर्षीय ऐतिहासिक उत्सव श्रृंखला का भव्य समापन है, जो महर्षि दयानंद के संदेश "कृण्वन्तो विश्वमार्यम्" आओ, हम विश्व को आर्य बनाएं की भावना को अभिव्यक्त करता है।

इस सम्मेलन का उद्देश्य मानव कल्याण को बढ़ावा देना, सामाजिक और धार्मिक भेदभाव को समाप्त करना, और आर्य समाज के वैश्विक समुदाय को एक साझा उद्देश्य के साथ एकजुट करना है। ताकि वैदिक मूल्यों, नैतिक उत्थान और सार्वभौमिक भाईचारे की भावना को और प्रबल किया जा सके।

# लड़की के घर आकर नाबालिग आशिक ने की चाचा की चाकू मारकर हत्या

**एक मिनट 14 सैकेंड का वारदात का वीडियो हुआ वायरल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** रनहौला इलाके में एक तरफा प्यार में पागल नाबालिग आशिक ने किशोरी के चाचा की घर के बाहर गर्दन रेतकर हत्या कर दी। वारदात का एक मोबाइल फोन से बनाया वीडियो भी वायरल हो रहा है। पुलिस ने नाबालिग और उसके साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। जहां पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वारदात में शामिल नाबालिगों को पकडने के लिये कई टीमें छापेमारी कर रही है। दूसरी तरफ मृतक युवक के परिवार का कहना है कि रनहौला पुलिस को लिखित में शिकायत दी और बाद में नाबालिग की हरकतों से तंग आने और किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की शिकायत भी की थी। मगर पुलिस ने उनकी बातों को अनसुना किया,जिसके कारण उन्होंने अपने परिवार का बेटा हमेशा हमेशा के लिये खो दिया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मृतक युवक की पहचान होती लाल मेहतो के रूप में हुई है। वह परिवार के साथ वेस्ट विकास नगर, रनहौला इलाके में रहता था। रनहौला पुलिस को बीती रात युवक की गर्दन पर घर के बाहर चाकू मारने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। घर के गेट के बाहर ही काफी खून पड़ा था। पता चला कि युवक होती लाल मेहतो को परिवार वाले आशीर्वाद नर्सिंग होम ले गए हैं। पुलिस अस्पताल पहुंची। डॉक्टरों ने होती लाल का मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने बताया कि चाकू शरीर के काफी अंदर घुसा था,जो हत्या का कारण बना। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

पुलिस को परिवार वालों ने एक मोबाइल फोन से बनाई गई वारदात की वीडियो दी,जो एक मिनट १४ सैकेंड की है। वीडियो में आरोपी अपने तीन साथियों के साथ लडकी के घर के बाहर आया था। लडकी की मां ने उसकी कमीज पकडकर उसको वहां आने और धमकाने का कारण पूछती है। उसके तीन चार थप्पड़ भी मार देती है। लडकी के परिवार वाले भी बाहर आ जाते हैं। उसी वक्त नाबालिग सभी को गाली देकर अचानक से कवर से बड़ा चाकू निकाल लेता है,जिसको रो. कने की कोशिश की जाती है,मगर नाबालिग गाली देते हुए घर के बाहर होती लाल मेहतो की गर्दन पर चाकू मार देता है। भागता है तो लड़की की मां उसको धक्का देकर गिरा देती है और खुद भी गिर जाती है,जिनको धक्का देकर आरोपी साथियों के साथ फरार हो जाता है। होती लाल की मौके पर ही मौत हो जाती है। पुलिस ने सबूत के तौर पर वीडियो को कब्जे में ले लिया।

हमारी लड़की इलाके में ही ट्यूशन पढने जाती थी। वो लडका हमारी लडकी का पीछा करता था। वह पहले उसके साथ ही पढ़ता था। पहले वो घर के पास ही परिवार के साथ रहता था,बाद में दूसरे इलाके में घर खरीदकर वहां रहने लगा था। लडकी के पिता नरसिंह मेहतो ने बताया कि लडकी ने करीब सवा महीने पहले बताया था कि वो पीछा व छेड़छाड़ करता है। चौकी में लिखित शिकायत दी। लडके को पकड़कर उससे लिखित में लिखवाया था कि वो पीछा नहीं करेगा और गली में भी नहीं आए,ऐसा होगा तो जिम्मेदार वो खुद होगा। मगर वो बाइक पर बार बार लडकों के साथ आता था। जिससे काफी डर लगता था। पुलिस को बाद में भी बताया था।

जब शिकायत दी थी चौकी में उससे कुछ ही दिन पहले वो लडका साथियों के साथ घर पर तलवार लेकर बेटे को मारने आया था। क्योंकि बेटे ने उसको बोला था कि वो बहन को क्यों परेशान करता है। उसको धमकी भी दी थी। सोचा था वो सुधर जाएगा। मगर उसके बाद वो ओर ज्यादा उग्र होने लगा था। लड़कों के साथ तलवार लेकर बेटे को मारने आया था। उसने घर पर अपने साथियों के साथ मिलकर पत्थर भी फैंके थे।

# छठ पर्व पर उत्तर रेलवे ने किए विशेष प्रबंध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे ने दिल्ली क्षेत्र के प्रमुख स्टेशनों पर यात्रियों, विशेषकर देश के पूर्वी भागों में छठ पर्व मनाने के लिए जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए व्यापक व्यवस्था की है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर एक स्थाई होल्डिंग एरिया बनाया गया है।

इसके अतिरिक्त, नई दिल्ली और आनंद विहार टर्मिनल रेलवे स्टेशनों पर अस्थाई होल्डिंग एरिया (टेंटेज) स्थापित किए गए हैं। इन होल्डिंग एरिया में यूटीएस टिकट काउंटर, शौचालय, एटीवीएम, खानपान स्टॉल, क्या मैं आपकी मदद कर सकता/सकती हूं बूथ, पीए सिस्टम आदि की व्यवस्था है। पर्याप्त रेलवे कर्मचारी यात्रियों का मार्गदर्शन और सहायता कर रहे हैं। 'सुरक्षित और स्वस्थ यात्रा' के आदर्श वाक्य के साथ, दिल्ली मंडल के चिकित्सा विभाग ने त्योहारों की भीड़ के दौरान यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं। प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर प्राथमिक चिकित्सा बूथ स्थापित किए गए हैं-नई दिल्ली (यात्री सुविधा केंद्र सहित चार बूथ), पुरानी दिल्ली, आनंद विहार टर्मिनल, हजरत निजामुद्दीन, शकूरबस्ती और गाजियाबाद-इनमें से प्रत्येक स्टेशन पर चौबीसों घंटे सहायता प्रदान करने के लिए एम्बुलेंस और प्रशिक्षित चिकित्सा दल मौजूद हैं। इन सुविधाओं ने प्राथमिक उपचार से लेकर आपातकालीन स्थिति (18.10.2025 को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शिशु के सुरक्षित प्रसव सहित) तक समय पर चिकित्सा सहायता प्रदान की है, जिससे 16 अक्टूबर 2025 और 21 अक्टूबर 2025 के बीच 634 से अधिक रेल यात्रियों को लाभ हुआ है। दिल्ली क्षेत्र के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर नागरिक सुरक्षा कर्मी और उत्तर रेलवे भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के कर्मी सहित अधिकारियों की तैनाती की गई है। और वे यात्रियों, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों, महिलाओं आदि का निरंतर मार्गदर्शन और सहायता कर रहे हैं।

दिनांक 21.10.2025 को, दिल्ली क्षेत्र के 6 प्रमुख स्टेशनों-नई दिल्ली, दिल्ली जंक्शन, आनंद विहार टर्मिनल, हज़रत निज़ामुद्दीन, शकूरबस्ती और गाजियाबाद से 1,69,986 अनारक्षित यात्रियों ने इन स्टेशनों से अपनी यात्रा प्रारम्भ की है, जो पिछले वर्ष की इसी तिथि (दिवाली के अगले दिन 01.11.2024) की तुलना में 5.62: की वृ) है। इसी प्रकार, 22 अक्टूबर 2025 को दिल्ली क्षेत्र के 6 प्रमुख स्टेशनों से 1,71,753 अनारक्षित यात्रियों ने इन स्टेशनों से अपनी यात्रा प्रारम्भ की है, जो पिछले वर्ष की इसी तिथि (दिवाली के दूसरे दिन 02 नवम्बर 2024) की तुलना में 7.01 प्रतिशत की वृद्धि है।

आज, 6 गुजरने वाली विशेष ट्रेनों के अलावा, 30 विशेष ट्रेनें (नई दिल्ली से 9, दिल्ली जंक्शन से 3, आनंद विहार टर्मिनल से 8, हज़रत निज़ामुद्दीन से 3, शकूरबस्ती से 5, रोहतक से 1 और शामली से 1) दिल्ली क्षेत्र के प्रमुख स्टेशनों से चलाई गई। कल, 24 अक्टूबर को, दिल्ली क्षेत्र के प्रमुख स्टेशनों से 17 विशेष ट्रेनें संचालित होंगी।

## जेल पहुंचकर बहनों ने भाइयों को किया तिलक, नम हुई आंखें

देशभर में गुरुवार को भाई-बहन के रिश्ते का पावन पर्व भाई-दूज मनाया गया। बहनें इस दिन भाई की लंबी उम्र की कामना कर भाई का तिलक करती हैं। इस खास पर्व पर मेरठ की चौधरी चरण सिंह जिला कारागार में भाई दूज को लेकर विशेष व्यवस्था की गई थी। भाइयों से मिलने आ रही बहनों के लिए जेल प्रशासन ने एनजीओ के साथ मिलकर तैयारी की थी। कुछ बहनें जेल में बंद अपने भाइयों को देखकर इमोशनल हो गईं। बता दे मेरठ की जिला जेल में भाई-दूज के मौके पर कई व्यवस्थाएं की गई। जेल प्रशासन ने कैदियों के परिवार से आने वाले लोगों के बैठने के लिए कुर्सी-टेबल और जलपान की व्यवस्था की। जेल प्रशासन का दावा था कि आज के दिन 4 से 5 हजार बहनें अपने भाइयों का टीका करने के लिए आ सकती हैं। सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में बहनों को उनके भाइयों से मिलाया गया। इस मौके पर कुछ बहनें अपने भाइयों को देखकर भावुक हो गईं। मेरठ कारागार के वरिष्ठ जेल अधीक्षक वीरेश राज शर्मा ने बातचीत में कहा, त्योहार को देखते हुए बड़ी संख्या में बहनें कारागार पर आई थी और कैदियों से मिलने का समय भी बढ़ा दिया गया है। बहनें अपने भाइयों से सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मुलाकात कर पाएंगी। उन्होंने आगे कहा कि कुछ बहनें भी कारागार में बंद हैं, जिनके भाई उनसे मिलने आ रहे हैं। जिन बहनों के भाई नहीं आ पाएंगे, वे हर साल की तरह मुझे तिलक करेंगी। वहीं भाई बहनों का प्यार देखकर लोगों की आंखे भी नम देखी गई।

## सरूरपुर पुलिस ने दहेज हत्या की घटना में वांछित दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना सरूरपुर के ग्राम नारंगपुर में 22 अक्टूबर को दहेज की मांग को लेकर ससुराल के लोगों ने शिकायतकर्ता की बहन वर्षा को गला दबाकर जान से मार देने के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना सरुरपुर पर मुकदमा पंजीकृत कराया था। पुलिस द्वारा मुकदमा में वांछित नामजद सचिन उर्फ कालू (पति) पुत्र सुबोध, सुबोध (ससुर) ग्राम नारंगपुर थाना सरुरपुर जनपद मेरठ को ग्राम नारंगपुर पुलिया के पास से पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। जिसके बाद दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उन्हे जेल भेज दिया।

## कसेरू खेड़ा में हत्या कर नाले में फैंका शव, क्षेत्रीय युवक के रूप में हुई पहचान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगानगर।** थाना लालकुर्ती क्षेत्र के कसेरू खेड़ा में गुरुवार की सुबह नाले में एक व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में दहशत फैल गई। कसेरू खेड़ा के मारवाड़ी मोहल्ले में गुरुवार की सुबह क्षेत्रवासियों ने नाले में एक युवक का शव पड़ा देखा जिसकी सूचना क्षेत्र वासियों के द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम को दी गई। सूचना पर क्षेत्रधिकार कैंट एवं पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

### खून से सनी ईंट कर रही हैं हत्या का इशारा

मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने भी घटना स्थल से साक्ष्य जुटाए, घटनास्थल के पास से खून के धब्बे एवं खून से सनी ईंट को फॉरेंसिक टीम ने अपने कब्जे में लिया। घटनास्थल पर खून के धब्बे एवं खून से सनी ईंट मिलने से युवक की हत्या की आंशका जताई जा रही है। देर रात तक अपने घर के बाहर ही देखा गया था मृतक। **क्षेत्रीय युवक के रूप में हुई मृतक की पहचान...**पुलिस ने शव को नाले से निकालकर शिनाख्त कराई गई तो पाया कि शव मारवाड़ी मोहल्ले के रहने वाले एक युवक का है। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्षेत्र वासियों ने बताया कि युवक हरिद्वारी लाल 45 वर्ष अविवाहित था और अपने बड़े भाई के परिवार के साथ ही रहता था। वहीं परिजनों ने बताया कि बुधवार की रात को युवक ने शराब पी रखी थी और रात 11बजे तक मृतक घर के बाहर ही था। गुरुवार को ही मृतक के परिजनों ने तहरीर दी आरोप लगाया कि मृतक की हत्या कर नाले में शव फेंका गया है।

### पुलिस ने नाले के पास जाने से मीडिया को रोका

घटना की सूचना प्राप्त होने पर वरिष्ठ पत्रकार घटनास्थल पर पहुंचे तो पुलिसकर्मियों ने उन्हें उस स्थान पर जाने से रोका जहां नाले में शव पड़ा हुआ था। पत्रकार ने अपने पहचान भी बताई परंतु पुलिस वालों ने एक न सुनी पुलिस के इस रवैये से पत्रकार जगत में रोष है। थानाध्यक्ष लाल कुर्ती ने बताया कि मृतक शराब पीने का आदी था मृतक के परिजनों के अनुसार कल रात भी मृतक ने शराब पी रखी थी, आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी की पहचान की जा रही है।

## मारपीट के दो आरोपी गए जेल, एक फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** पीड़ित मुनेश कुमार पुत्र पाली राम निवासी ग्राम कासमपुर माछरा थाना किठौर में तीन लोगों को नामजद करते हुए तहरीर दी थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मुनेश ने बताया कि उसके पुत्र सुंदर पाल को रॉबिन पुत्र महेंद्र निवासी ग्राम नांगली अब्दुल्ला, रिंकू उर्फ अजय पुत्र मांगे, आदेश पुत्र प्रहलाद निवासी ग्राम कासमपुर माछरा के साथ गाली गलौज की और जान से मारने की नीयत से लात घुसो व धारदार कसले से जान से मारने की नियत से वार क्या गनीमत रही कि वादी पुत्र बाल-बाल बच गया और कुछ चोटे लगी। थानाध्यक्ष प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस द्वारा मुक. दमा दर्ज कर प्रभावी कार्यवाही करते हुए मुखबीर की सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया एक आरोपी अभी फरार बताया है।

## पेड़ पर लटका मिला खिर्वा गांव के युवक का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** गुरुवार सुबह दुर्वेशपुर गांव के जंगल में आम के बाग में पेड़ पर युवक का शव लटका मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल की। शव की शिनाख्त खिर्वा निवासी युवक के रूप में हुई। थाना क्षेत्र के गांव खिर्वा जलालपुर निवासी 32 वर्षीय फैजान पुत्र सजाउदीन बुधवार दोपहर करीब एक बजे घर से काम पर जाने की बात कहकर निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस लौट नही सका था। परि. जनों ने युवक की आसपास के इलाकों में तलाश की थी, लेकिन कोई सुराग हाथ नही लग सका था। गुरूवार सुबह खिर्वा दुर्वेशपुर के जंगल में खेत में पानी करने जा रहे एक किसान ने युवक का शव पेड़ पर लटका देखा तो आसपास के इलाके में सूचना दी। जानकारी मिलते ही फैजान के परिजन भी मौके पर पहुंच गए, जिन्होंने पेड़ पर लटके हुए की शिनाख्त फैजान के रूप में की। लापता युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया, आनन-फानन में मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से उतारते हुए पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस का कहना है युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है, जबकि परिजनों व ग्रामीणों का मानना था कि युवक की हत्या करके शव को लटकाया गया है। पुलिस ने इस मामलें में रिपोर्ट दर्ज कर ली है, साथ ही पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है।

## कथा वाचक जय किशोरी से मिले जैन समाज के लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** वेस्ट एंड रोड स्थित ऋषभ एकाडेमी के सचिव व सदर जैन समाज का बड़ा चेहरा डॉ. संजय जैन ने अंतराष्ट्रीय कथा वाचक जय किशोरी से मुलाकात की। जय किशोरी ने काफी देर संजय जैन से चर्चा की। कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य व भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी भी मौजूद रहे। डा. वाजपेयी ने सचिव से काफी देर तक चर्चा की। इसके अलावा डॉ. संजय से कई मीडिया हस्तियों ने भी मुलाकात की।




# पूर्व दिशा की ओर जाने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ-2025

छठ पूजा त्यौहार के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से दिनांक 24.10.2025 से 26.10.2025 तक पूर्व दिशा की ओर निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | स्थान | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **दिनांक 24.10.2025 (शुक्रवार) को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 04090 | आनन्द विहार (ट.) | 14:25 | पटना जं. | 11:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी जं., गाज़ीपुर सिटी, बलिया, सहतवार, सुरेमनपुर, छपरा एवं पाटलिपुत्र |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर जं. | 05:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | हापुड, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई, लखनऊ जं., गोंडा जं. एवं बस्ती |
| 04070 | आनन्द विहार (ट.) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., राजेंद्र नगर, बख्तियारपुर जं., बिहार शरीफ और नालंदा |
| 04450 | नई दिल्ली | 15:10 | दरभंगा | 16:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, गोंडा जं., गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. |
| 04454 | नई दिल्ली | 20:00 | मानसी | 23:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय एवं खगड़िया जं. |
| 04456 | नई दिल्ली | 22:40 | धनबाद | 02:20 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, आलम नगर, उतरेटिया जं., रायबरेली जं., अमेठी, मॉ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, भदोही, वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, हज़ारीबाग़ रोड, पारसनाथ एवं गोमो |
| 04458 | आनन्द विहार (ट.) | 13:40 | भागलपुर | 14:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., पटना साहेब, फतुहा, खुसरूपुर, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा जं., हाथीदा जं., बडहिया, लक्खीसराय जं., किउल जं., कजरा, अभयपुर, धरहरा, जमालपुर जं., बरियारपुर एवं सुलतानगंज |
| 04016 | आनन्द विहार (ट.) | 15:30 | सीतामढ़ी | 15:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, गोंडा जं., गोरखपुर, कप्तानगंज जं., सिसवा बाजार, बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं. एवं बैरगनिया |
| 04452 | नई दिल्ली | 18:15 | हावड़ा जं. | 23:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., जंघई जं., वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, पारसनाथ, धनबाद जं., आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बैण्डेल जं., |
| 04094 | हजरत निजामुद्दीन | 11:00 | पटना जं. | 05:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. | गाजियाबाद, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा और दानापुर |
| 04096 | आनन्द विहार (ट.) | 00:05 | पाटलिपुत्र | 21:30 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी जं., गाज़ीपुर सिटी, फेफना जं., बलिया, सहतवार, बकुल्हा, छपरा एवं दिघवारा |
| 04098 | नई दिल्ली | 09:30 | हसनपुर रोड | 12:00 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी, बुढ़वल, गोंडा, गोरखपुर, कप्तानगंज, सिसवा बाजार, बगहा, नरकटियागंज, बेतिया, सगौली, बापूधाम मोतिहारी, मुजफ्फरपुर एवं समस्तीपुर जं. |
| 04404 | शकूरबस्ती | 15:15 | पटना जं. | 13:30 | शयनयान एवं सामान्य | नई दिल्ली, गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, सूबेदारगंज, मिर्ज़ापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर |
| 04406 | शकूरबस्ती | 20:15 | सहरसा जं. | 05:30 | शयनयान एवं सामान्य | नई दिल्ली, गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., समस्तीपुर जं., दलसिंह सराय, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं. एवं मानसी जं. |
| 04410 | शकूरबस्ती | 13:00 | झंझारपुर जं. | 18:30 | शयनयान एवं सामान्य | नई दिल्ली, गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, गोण्डा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., सीतामढ़ी एवं शिशो |
| 04058 | नई दिल्ली | 13:30 | मुज़फ़्फ़रपुर जं. | 14:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. | गाजियाबाद, अलीगढ जं., टुंडला जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर., सीवान जं., छपरा, सोनपुर और हाजीपुर जं. |
| 04236 | शकूरबस्ती | 09:45 | लखनऊ | 20:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 2 टियर सह 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | दिल्ली सफदरजंग, हजरत निजामुद्दीन, गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली एवं शाहजहांपुर |
| **दिनांक 25.10.2025 (शनिवार) को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 04090 | आनन्द विहार (ट.) | 14:25 | पटना जं. | 11:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी जं., गाज़ीपुर सिटी, बलिया, सहतवार, सुरेमनपुर, छपरा एवं पाटलिपुत्र |
| 04450 | नई दिल्ली | 15:10 | दरभंगा | 16:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, गोंडा जं., गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. |
| 04454 | नई दिल्ली | 20:00 | मानसी | 23:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय एवं खगड़िया जं. |
| 04456 | नई दिल्ली | 22:40 | धनबाद | 02:20 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, आलम नगर, उतरेटिया जं., रायबरेली जं., अमेठी, मॉ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, भदोही, वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, हज़ारीबाग़ रोड, पारसनाथ एवं गोमो |
| 04458 | आनन्द विहार (ट.) | 13:40 | भागलपुर | 14:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., पटना साहेब, फतुहा, खुसरूपुर, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा जं., हाथीदा जं., बडहिया, लक्खीसराय जं., किउल जं., कजरा, अभयपुर, धरहरा, जमालपुर जं., बरियारपुर एवं सुलतानगंज |
| 04016 | आनन्द विहार (ट.) | 15:30 | सीतामढ़ी | 15:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, गोंडा जं., गोरखपुर, कप्तानगंज जं., सिसवा बाजार, बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं. एवं बैरगनिया |
| 04452 | नई दिल्ली | 18:15 | हावड़ा जं. | 23:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., जंघई जं., वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, पारसनाथ, धनबाद जं., आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बैण्डेल जं., |
| 04094 | हजरत निजामुद्दीन | 11:00 | पटना जं. | 05:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. | गाजियाबाद, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा और दानापुर |
| 04096 | आनन्द विहार (ट.) | 00:05 | पाटलिपुत्र | 21:30 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी जं., गाज़ीपुर सिटी, फेफना जं., बलिया, सहतवार, बकुल्हा, छपरा एवं दिघवारा |
| 04098 | नई दिल्ली | 09:30 | हसनपुर रोड | 12:00 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी, बुढ़वल, गोंडा, गोरखपुर, कप्तानगंज, सिसवा बाजार, बगहा, नरकटियागंज, बेतिया, सगौली, बापूधाम मोतिहारी, मुजफ्फरपुर एवं समस्तीपुर जं. |
| 04404 | शकूरबस्ती | 15:15 | पटना जं. | 13:30 | शयनयान एवं सामान्य | नई दिल्ली, गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, सूबेदारगंज, मिर्ज़ापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर |
| 04406 | शकूरबस्ती | 20:15 | सहरसा जं. | 05:30 | शयनयान एवं सामान्य | नई दिल्ली, गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., समस्तीपुर जं., दलसिंह सराय, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं. एवं मानसी जं. |
| 04410 | शकूरबस्ती | 13:00 | झंझारपुर जं. | 18:30 | शयनयान एवं सामान्य | नई दिल्ली, गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, गोण्डा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., सीतामढ़ी एवं शिशो |
| 04008 | आनन्द विहार (ट.) | 08:30 | जोगबनी | 17:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद जं., हापुड, मुरादाबाद जं., बरेली जं., शाहजहाँपुर, हरदोई, आलमनगर, उतरहटिया, रायबरेली जं., माँ बेल्हा देवी धाम, वाराणसी जं., औड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., नवगछिया, कटिहार जं., पूर्णिया जं., अररिया कोर्ट जं. एवं फारबिसगंज जं. स्टेशन |
| 04234 | शकूरबस्ती | 09:45 | लखनऊ | 20:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | दिल्ली सफदरजंग, हजरत निजामुद्दीन, गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली एवं शाहजहांपुर |
| 02252 | नई दिल्ली (वंदे भारत) | 08:35 | पटना जं. | 21:30 | वाता. कुर्सीयान एवं एग्जि. कुर्सीयान | अलीगढ़ जं., कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा |
| 01662 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 21:30 | रानी कमलापति | 10:50 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. (ईकॉनोमी), शयनयान एवं सामान्य | मथुरा जं., आगरा कैंट जं., ग्वालियर जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं., बीना जं. और विदिशा |
| **दिनांक 26.10.2025 (रविवार) को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 04090 | आनन्द विहार (ट.) | 14:25 | पटना जं. | 11:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी जं., गाज़ीपुर सिटी, बलिया, सहतवार, सुरेमनपुर, छपरा एवं पाटलिपुत्र |
| 04450 | नई दिल्ली | 15:10 | दरभंगा | 16:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, गोंडा जं., गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. |
| 04454 | नई दिल्ली | 20:00 | मानसी | 23:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय एवं खगड़िया जं. |
| 04456 | नई दिल्ली | 22:40 | धनबाद | 02:20 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, आलम नगर, उतरेटिया जं., रायबरेली जं., अमेठी, मॉ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, भदोही, वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, हज़ारीबाग़ रोड, पारसनाथ एवं गोमो |
| 04458 | आनन्द विहार (ट.) | 13:40 | भागलपुर | 14:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., पटना साहेब, फतुहा, खुसरूपुर, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा जं., हाथीदा जं., बडहिया, लक्खीसराय जं., किउल जं., कजरा, अभयपुर, धरहरा, जमालपुर जं., बरियारपुर एवं सुलतानगंज |
| 04016 | आनन्द विहार (ट.) | 15:30 | सीतामढ़ी | 15:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, गोंडा जं., गोरखपुर, कप्तानगंज जं., सिसवा बाजार, बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं. एवं बैरगनिया |
| 04452 | नई दिल्ली | 18:15 | हावड़ा जं. | 23:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., जंघई जं., वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, पारसनाथ, धनबाद जं., आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बैण्डेल जं., |
| 04094 | हजरत निजामुद्दीन | 11:00 | पटना जं. | 05:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. | गाजियाबाद, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा और दानापुर |
| 04096 | आनन्द विहार (ट.) | 00:05 | पाटलिपुत्र | 21:30 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी जं., गाज़ीपुर सिटी, फेफना जं., बलिया, सहतवार, बकुल्हा, छपरा एवं दिघवारा |
| 04098 | नई दिल्ली | 09:30 | हसनपुर रोड | 12:00 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी, बुढ़वल, गोंडा, गोरखपुर, कप्तानगंज, सिसवा बाजार, बगहा, नरकटियागंज, बेतिया, सगौली, बापूधाम मोतिहारी, मुजफ्फरपुर एवं समस्तीपुर जं. |
| 04404 | शकूरबस्ती | 15:15 | पटना जं. | 13:30 | शयनयान एवं सामान्य | नई दिल्ली, गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, सूबेदारगंज, मिर्ज़ापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर |
| 04406 | शकूरबस्ती | 20:15 | सहरसा जं. | 05:30 | शयनयान एवं सामान्य | नई दिल्ली, गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., समस्तीपुर जं., दलसिंह सराय, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं. एवं मानसी जं. |
| 04410 | शकूरबस्ती | 13:00 | झंझारपुर जं. | 18:30 | शयनयान एवं सामान्य | नई दिल्ली, गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, गोण्डा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., सीतामढ़ी एवं शिशो |
| 04236 | शकूरबस्ती | 09:45 | लखनऊ | 20:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 2 टियर सह 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | दिल्ली सफदरजंग, हजरत निजामुद्दीन, गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली एवं शाहजहांपुर |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील पदार्थ जैसे कि पटाखे, पेट्रोल, गैस सिलेण्डर, केरोसिन, इत्यादि कदापि लेकर सफर न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य जानकारी जैसे कि सीट उपलब्धता और समय-सारणी आदि के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहको की सेवा मे मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# गोली मारकर हत्या के आरोप में एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर के थाना जारचा क्षेत्र के गांव सैंथली में दीपावली के दिन नाली के पानी को लेकर हुए विवाद में हथियार बंद बदमाशों ने तीन लोगों के ऊपर ताबड़तोड़ गोली चला दी। इस घटना में सीआईएसएफ से रिटायर्ड एक दरोगा और एक छात्र की मौत हो गई थी।

इस मामले में आज थाना जारचा पुलिस द्वारा मैनुअल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना की सहायता से हत्या के अभियोग में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से अवैध शस्त्र व बिना नंबर प्लेट की स्विफ्ट कार बरामद किया है। पुलिस द्वारा अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।



थाना जारचा प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि 20 अक्टूबर को अनूप भाटी पुत्र बलबीर भाटी निवासी ग्राम सैथली ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि प्रिंस भाटी पुत्र बृजपाल भाटी, बॉबी तोमर निवासी आनंदपुर, मनोज नागर आदि ने नाली से पानी की निकासी को लेकर हुए विवाद में उसके तथा परिवार के लोगों के ऊपर ताबड़तोड़ गोली चला दी। पीड़ित के अनुसार उनके भतीजे दीपांशु उम्र 21 वर्ष की जो कि एक कॉलेज से पढ़ाई कर रहा है उसकी कनपटी में पिस्तौल सटाकर गोली मारी गई, जबकि दीपांशु को बचाने आए अजय पाल भाटी (55 वर्ष) के सीने और शरीर के कई जगहों पर ताबड़तोड़ गोली मारी गई। अजय पाल सीआईएसफ से रिटायर्ड थे। इस घटना में सुभाष नामक एक अन्य व्यक्ति को भी गोली लगी थी। उन्होंने बताया कि इस घटना में अजय पाल और दीपांशु की मौके पर ही मौत हो गई।

उन्होंने बताया कि घटना की खुलासे के लिए पुलिस की चार टीमें बनाई गई थी। आज थाना पुलिस द्वारा मैनुअल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना की सहायता से हत्या के अभियोग में वांछित अभियुक्त निखिल बरहेला पुत्र जितेन्द्र को ग्राम आनन्दपुर पुलिया से खटाना की ओर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से 1 तमंचा, 2 जिंदा कारतूस व 1 कार स्विफ्ट बिना नंबर प्लेट की बरामद की गई है।

थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि 20 अक्टूबर 2025 को थाना जारचा क्षेत्रांतर्गत ग्राम सैंथली में नाली के पानी को लेकर हुए विवाद में अजयपाल व दिपांशु की गोली मारकर हत्या करने के संबंध में वादी द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत किया गया था, जिसमें अभियुक्त निखिल बरहेला सहित अन्य वांछित थे। उन्होंने बताया कि अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है।

# छठ घाट हो रहे तैयार, व्रती खूब आस्था से मनाएं आस्था का महापर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** आस्था का महापर्व छठ के व्रती 27 अक्टूबर की शाम को डूबते सूर्य को अर्घ्य देंगे और 28 अक्टूबर को सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देंगे। व्रतियों को अर्घ्य देने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण शहर में विभिन्न जगहों पर बने कृत्रिम तालाबों की मरम्मत करा रहा है। उनमें एक दिन पहले पानी भर दिए जाएंगेष्, ताकि व्रतियों को इन जगहों पर सूर्य को अर्घ्य देने में कोई दिक्कत न हो।

ग्रेटर नोएडा में बड़ी तादाद में लोग छठ महापर्व को मनाते हैं। इसे देखते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने छठ महापर्व के व्रतियों को सूर्य का अर्घ्य देने के लिए सभी वर्क सर्किल प्रभारियों को उनके एरिया में बने कृत्रिम तालाबों की मरम्मत कराने, साफ- सफाई, लाइटिंग, पानी आदि के इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। इसके मद्देनजर परियोजना विभाग विभिन्न जगहों पर बने कृत्रिम तालाबों को दुरुस्त करा रहा है। ये छठ घाट ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क वन स्थित आईईसी कॉलेज के पास, हैबतपुर कम्युनिटी सेंटर के पास, ग्रेटर नोएडा वेस्ट के टेकजोन-4 स्थित चेरी काउंटी सोसाइटी के पास, चेरी काउंटी के पास एक अन्य घाट, टेकजोन-4 में ही तीसरा घाट, सेक्टर-3, सेक्टर पी-3, कुलेसरा, सेक्टर ज्यू -टू आदि जगहों पर स्थित हैं। छठ व्रती इन जगहों से सूर्य को अर्घ्य दे सकते हैं।

सभी घाटों के मरम्मत का कार्य पूरा हो गया है। साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त करा दी गई है। एसीईओ प्रेरणा सिंह ने भी विद्युत अभियांत्रिकी और जल विभाग को इन स्थानों पर बने तालाबों में पानी और लाइटिंग का इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव ने बताया कि छठ व्रतियों के लिए इन तालाबों से अर्घ्य देने के सभी जरूरी इंतजाम किए जा रहे हैं। इन स्थानों के अतिरिक्त अगर छठ व्रतियों की तरफ से किसी स्थान पर तालाब या गड्ढे में साफ -सफाई और लाइटिंग का इंतजाम कराना चाहते हैं तो वे प्राधिकरण को सूचित कर सकते हैं। प्राधिकरण की तरफ से उन जगहों पर भी सभी आवश्यक इंतजाम किए जाएंगे। सभी वरिष्ठ प्रबंधकों को निर्देश दिए गए हैं कि छठ पूजा के लिए निर्धारित स्थानों पर जाकर शेष कार्यों को शीघ्र पूरा कराएं।

## ग्रेप-2 लागू, फिर भी नहीं थम रहा प्रदूषण का जहर

**नोएडा।** वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए 19 अक्तूबर से ग्रेप-2 लागू है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। नोएडा शहर में जगह-जगह खुले में प्लास्टिक और कूड़ा जलाया जा रहा है, सड़कों पर धूल उड़ रही है और निर्माण स्थलों पर नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

सेक्टर-123 के पास डूब क्षेत्र में करीब 200 मीटर के दायरे में प्लास्टिक और कूड़ा जलाया जा रहा था। मौके से उठता काला और सफेद धुआं दूर तक नजर आ रहा था। आसपास के निवासियों ने बताया कि करीब तीन से चार घंटे पहले किसी ने आग लगाई थी, लेकिन किसी अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को रोकने की कोशिश नहीं की। स्थानीय लोगों का कहना है कि वे रोजाना ऐसे ही धुएं और दुर्गंध का सामना करते हैं।

# पुलिस ने पकड़े दो शातिर चोर, मोटरसाइकिल व मोबाइल फोन बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट पुलिस ने दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन व गांजा बरामद किया है। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने चोरी की कई वारदातों का खुलासा किया है।

जानकारी के अनुसार थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की 1 मोटरसाइकिल व 450 ग्राम गांजा बरामद किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि थाना पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त भानू पुत्र केहरी को प्रियदर्शनी तिराहा से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त के





कब्जे से चोरी की 1 मोटरसाइकिल व 450 ग्राम गांजा बरामद किया गया है।

इसके अलावा थाना फेस-1 पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी का 1 मोबाइल फोन बरामद किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि थाना पुलिस ने आज एक सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मोबाइल फोन चोरी करने वाला अभियुक्त चांद पुत्र गुजुआ को सेक्टर-15 स्थित बस स्टॉप के पास से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से चोरी किया हुआ 1 मोबाइल फोन बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त भीड़-भाड़ व बाजारों में खरीदारी करने आने वाले लोगों का मोबाइल फोन चोरी करने में माहिर है।

## एक नजर

### करंट से युवक की मौत मामले में परिजन ने अस्पताल में किया प्रदर्शन

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** करंट से युवक की मौत मामले में परिजनों और कस्बे के लोगों ने बृहस्पतिवार को बिजली विभाग पर लापरवाही का आरा. ेप लगाते हुए हंगामा किया। उन्होंने पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद दिलाने की मांग की। अस्पताल के बाहर प्रदर्शन कर रहे लोगों को बिजली विभाग के अधिकारियों ने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने का भरोसा दिया जिसके बाद वे शांत हुए।

बिलासपुर निवासी तौहीद (35) और वसीम (25) बुधवार को अपने घर से कुछ दूरी पर गुल्ली-डंडा खेल रहे थे। एक व्यक्ति के घर की छत पर गुल्ली चली गई थी जिसको उतारने के लिए जब वसीम वहां पहुंचे तो वह 11 हजार वोल्ट की बिजली के करंट की चपेट में आकर झुलस गए थे। वसीम को बचाने पहुंचे उनके चाचा तौहीद भी बुरी तरह से झुलस गए। दोनों को दनकौर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां वसीम की मौत हो गई। परिवार के लोगों का आरोप है कि बिजली विभाग के लाप. रवाही के कारण यह हादसा हुआ क्योंकि बिजली के तार लटक रहे थे। हटाने की मांग कई बार की गई थी। बृहस्पतिवार शाम गमगीन माहौल में वसीम का अंतिम संस्कार किया गया।

### भाइयों पर हमला, घर में घुसकर लाठी-तलवार से पीटा, चार पर एफआईआर दर्ज

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के गांव मोहम्मदाबाद खेड़ा में घर में घुसकर दो भाइयों पर हमला किया गया। कुछ लोगों ने लाठी-डंडों और तलवार से उन पर वार किया, जिससे वे घायल हो गए। इस मामले में पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ गुरुवार को केस दर्ज किया है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, गांव मोहम्मदाबाद खेड़ा निवासी रवि भाटी ने बताया कि बुधवार रात वह अपने छोटे भाई गजेंद्र के घर पर बैठे थे। इसी दौरान गांव के वीरेंद्र और बिल्लू अपने दो अज्ञात साथियों के साथ लाठी-डंडे और तलवार लेकर वहां पहुंचे। उन्होंने गाली-गलौज शुरू कर दी। जब पीड़ितों ने इसका विरोध किया, तो आरो. पियों ने दोनों भाइयों पर हमला कर दिया। शोर सुनकर लोगों को मौके पर आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। दोनों घायल भाइयों को क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि शिकायत के आधार पर चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि फरार आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### नोएडा एयरपोर्ट के पास प्लॉट खरीदने का मिलेगा अवसर

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** यमुना सिटी में आवासीय भूखंड लेने के लिए इच्छुक लोगों के लिए यीडा जल्दी ही योजना लांच करेगा। नोएडा एयरपोर्ट के पास सेक्टर-5 में इन भूखंडों को विकसित किया जा रहा है। यहां जमीन खरीद की प्रक्रिया करीब-करीब पूरी हो चुकी है। अब यहां विकास कार्य शुरू कराए जाएंगे। अधिकारियों के मुताबिक रेरा में पंजीकरण होने के बाद नए साल में करीब 2200 भूखंडों की योजना लांच कर दी जाएगी। नोएडा एयरपोर्ट और सेक्टर-10 में उत्तर भारत के पहले सेमीकंडक्टर प्लांट के नजदीक विकसित हो रहे इस सेक्टर में आवासीय भूखंड की योजना दीपावली पर लांच की जानी प्रस्तावित थी। रेरा में पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाने के चलते इसे स्थगित कर दिया गया था। अब यहां विकास कार्य शुरू कराने के साथ ही योजना को नए साल के तोहफे के रूप में लांच किया जाने की तैयारी है। यमुना प्राधिकरण से मिली जानकारी के मुताबिक सेक्टर-5 यमुना सिटी में सबसे अच्छी लोकेशन पर मौजूद है। यहां अन्य सेक्टरों की तुलना में ज्यादा जगह ग्रीनबेल्ट के लिए छोड़ी गई है। वहीं यमुना एक्सप्रेसवे के लिए सीधे पहुंच मार्ग मिलेगा। भविष्य में प्रस्तावित खुर्जा-पलवल एक्सप्रेसवे भी इस सेक्टर के नजदीक होगा। सीईओ राकेश कुमार सिंह ने बताया कि यमुना सिटी में आवासीय भूखंडों की अच्छी मांग बनी हुई है। सेक्टर-5 में भूखंड विकसित किए जा रहे हैं। इसमें सभी आकार के भूखंड रहेंगे। लॉटरी के माध्यम से इन आवासीय भूखंड आवंटित किए जाएंगे। रेरा पंजीकरण मिलते ही इस योजना को लांच कर दिया जाएगा।

**276 भूखंड के लिए आए थे 54 हजार आवेदन:** इसी साल अप्रैल में यमुना प्राधिकरण ने सेक्टर-18 के पॉकेट 9बी में बचे हुए 276 भूखंड की योजना लांच की थी। इसके लिए 54 हजार आवेदन आए थे। इससे यमुना सिटी में आवासीय भूखंड की मांग का अंदाजा लगाया जा सकता है। इसी तरह 2024 में सेक्टर-24ए में आई 451 भूखंड की योजना और 2023 में आई 1154 भूखंड की आवासीय योजना में भी कई गुना आवेदन आए थे।

# यमुना का साफ पानी दे रहा सुकून, छठ व्रतियों में उत्साह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** छठ महापर्व नजदीक आते ही शहर में तैयारियां जोरों पर हैं। पश्चिमी यूपी और बिहार क्षेत्र के प्रवासी परिवारों में छठ की रौनक दिखाई देने लगी है। इस बार यमुना नदी का साफ पानी छठ व्रतियों के चेहरों पर सुकून और उत्साह दोनों लेकर आया है।

पिछले वर्ष छठ व्रतियों को यमुना के झाग और गंदे दलदल में उतरकर पूजा संपन्न करनी पड़ी थी। नदी के तटों पर गंदगी और झाग के कारण श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा था। मगर इस बार स्थिति कुछ अलग है। यमुना का जल इस समय पहले की तुलना में काफी स्वच्छ दिखाई दे रहा है। ओखला बैराज के पास यमुना नदी पर जमा कूड़ा हटाने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। स्थानीय प्रशासन और पूजा समितियां मिलकर घाटों की सफाई में जुटी हैं। दिल्ली से होकर आने वाले यमुना के जल में अब झाग की जगह साफ पानी नजर आने लगा है।

छठ पूजा समिति के अध्यक्ष सुजीत केसरी और पदाधिकारी अविनाश सिंह ने बताया कि हर बार गंदे दलदल में उतरकर महिलाओं को व्रत पूरा करना पड़ता था, जिससे श्रद्धालुओं को भारी असुविधा होती थी। उन्होंने कहा कि इस बार उम्मीद की किरण दिख रही हैख् "यमुना का पानी साफ है और घाटों की सफाई भी समय पर हो रही है। श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के सूर्य देव को अर्घ्य दे सकेंगे।"

## यमुना एक्सप्रेस-वे पर हाइड्रा ने युवक को रौंदा, मौत

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर एक सड़क हादसे में जेपी ग्रुप के सुप. रवाइजर की मौत हो गई। यह हादसा चपरगढ़ गांव के पास हुआ, जब तेज रफ्तार हाइड्रा वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। मृतक की पहचान बलिया निवासी सुधीर कुमार के रूप में हुई है, जो जेपी ग्रुप में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत थे। गुरुवार को वे जेपी ग्रुप के कैंपस के पास काम कर रहे थे, तभी यह दर्दनाक घटना हुई। हादसे में गंभीर रूप से घायल सुधीर को अन्य कर्मचारियों ने ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद हाइड्रा चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। मृतक के भाई सुशील कुमार ने दनकौर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें गोरखपुर निवासी करन के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज किया गया है।

# चाचा-भतीजे की हत्या के बाद पसरा मातम गांव में तनाव के बीच पुलिस बल तैनात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दादरी में जारचा कोतवाली क्षेत्र के सैथली गांव में नाली के पानी की निकासी को लेकर हुए विवाद में चाचा-भतीजे की हत्या के बाद पुलिस हत्यारोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है। सूत्रों की माने तो पुलिस हत्यारोपितों के बेहद करीब है। वहीं घटना के बाद से परिवार में मातम पसरा हुआ है। तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए एहतियातन गांव में पुलिस बल तैनात है। घटना के बाद से ग्रामीणों में भी दहशत का माहौल है।

ग्रामीणों ने हत्यारोपितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस कमिश्नर से भी मुलाकात करने का फैसला लिया है। वहीं बुधवार को पीड़ित स्वजन ने दीपांशु व अजयपाल की अस्थि विसर्जित करने के लिए ब्रजघाट रवाना हो गए हुए। पुलिस की चार टीम हत्यारोपितों की तलाश में जुटी है। पुलिस टीम ने गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, गाजियाबाद व मेरठ आदि जनपदों में हत्यारोपितों की गिरफ्तारी को दबिश दी। पुलिस ने गांव पहुंचकर सीसीटीवी कैमरे खंगालकर घटना से जुड़े साक्ष्य भी जुटाए। एसीपी दादरी अजीत कुमार ने बताया कि हत्यारोपितों की तलाश में चार टीम गठित की गई है। जल्द बदमाश पुलिस की गिरफ्त में होंगे। वहीं पुलिस सूत्रों की माने तो पुलिस ने कुछ लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में भी लिया हुआ है।

ज्ञात हो कि सैथली गांव में नाली के पानी की निकासी को लेकर हुए विवाद में चाचा अजयपाल भाटी व उसके भतीजे दीपांशु की दीपावली के दिन गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बदमाशों की गोली से अजयपाल का आठ वर्षीय पोता समेत दो पड़ोसी सत्यपाल व राजीव भी घायल हो गए थे। घटना के बाद से हत्यारोपित फरार है। पीड़ित स्वजन की शिकायत पर पुलिस हत्यारोपित प्रिंस भाटी, जितेंद्र, बोबी तोंगड़ व मनोज नागर चार के खिलाफ नामजद मामला दर्ज कर गिरफ्तारी को दबिश दी जा रही है।

घटना के बाद से परिवार में मातम पसरा हुआ है। दीपांशु की बड़ी बहन की शादी दो नवंबर व दीपांशु की शादी 26 नवंबर को तय थी। घर से दो अर्थी उठने के बाद परिवार की खुशियां मातम में बदल गई है। घर पर संवेदना व्यक्त करने वालों का ताता लगा हुआ है। घटना के बाद ग्रामीणों में भी दहशत का माहौल है। गांव में तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए मौके पर पुलिसबल बुधवार को भी तैनात रहा।

छह महीने पहले ही अजयपाल सीआइएसएफ से सेवानिवृत हुए थे। पूरा परिवार दादरी में रहता है। एक सप्ताह पहले ही परिवार दीपावली का पर्व मनाने पैतृक गांव आया था। अजयपाल के दूसरे भाई धारा सिंह भी दादरी में रहते हैं। वह गृह मंत्रालय से सेवानिवृत है। जबकि तीसरे भाई एवं दीपांशु के पिता अनूप भाटी गांव में ही रहते हैं।

# छठ पर्व को लेकर ट्रैफिक पुलिस की एडवाइजरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** छठ पूजा का पावन पर्व 25 अक्टूबर से शुरू होने जा रहा है। नोएडा में छठ पूजा धूमधाम से मनाने की तैयारियां चल रही हैं। ऐसे में ट्रैफिक पुलिस ने भी कमर कस ली है। छठ पूजा के दौरान भारी भीड़ को देखते हुए कई जगहों पर ट्रैफिक डायवर्ट किया जाएगा। इसको लेकर नोएडा ट्रैफिक पुलिस की ओर से एडवाइजरी जारी की गई है। इसमें कहा गया है कि गौतमबुद्ध नगर में छठ पूजा का त्योहार यमुना नदी (कालिंदी कुंज) और अन्य कई स्थानों पर मनाया जाएगा।

इनमें हिंडन नदी पुल कुलेशरा, चोटपुर/बहलोपुर सेक्टर-63 और नोएडा स्टेडियम सेक्टर-21ए शामिल हैं। छठ पर्व के लिए जनता और श्रद्धालुओं को सुरक्षित यातायात उपलब्ध कराने के लिए उचित व्यवस्था की गई है। इसके लिए 27 और 28 अक्टूबर को भारी/मध्यम/हल्के मालवाहक वाहनों को डायवर्ट किया जाएगा। हालांकि एंबुलेंस और फायर सर्विस की गाड़ियों पर कोई प्रतिबंध नहीं रहेगा।

**इन रास्तों पर रहेगा डायवर्जन:** नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे से कालिंदी कुंज बॉर्डर होकर दिल्ली की ओर जाने वाले वाहनों को चरखा गोलचक्कर से दलित प्रेरणा स्थल की ओर डायवर्ट किया जाएगा। ये वाहन डीएनडी/चिल्ला होकर आगे की ओर जा सकेंगे। सेक्टर-37 से कालिंदी बॉर्डर की ओर से जाने वाले ट्रैफिक को महामाया फ्लाईओवर से दलित प्रेरणा स्थल की ओर डायवर्ट कर दिया जाएगा। ये ट्रैफिक डीएनडी/चिल्ला होकर अपने गंतव्य की ओर जा सकेगा। सूरजपुर से कुलेशरा/फेस-2 की ओर जाने वाले वाहनों को कच्ची सड़क तिराहा से चौगानपुर गोलचक्कर की ओर डायवर्ट किया जाएगा। ये वाहन बिसरख गोलचक्कर होकर अपने गंतव्य की ओर जा सकेंगे।

फेस-2 से हिंडन नदी की ओर जाने वाले ट्रैफिक को फेस-2 से ककराला की ओर मोड़ दिया जाएगा। ये ट्रैफिक सोरखा, बिसरख होकर अपने गंतव्य की ओर जा सकेगा।

किसान चौक से पर्थला की ओर जाने वाले वाहनों को किसान चौक से बिसरख की ओर मोड़ा जाएगा। ये वाहन बिसरख से सोरखा से पर्थला होकर आगे की ओर जा सकेंगे।

पर्थला से किसान चौक की ओर जाने वाले ट्रैफिक को पर्थला गोलचक्कर से सोरखा की ओर डायवर्ट किया जाएगा। यहां से वाहन सोरखा बिसरख होकर अपने गंतव्य की ओर जा सकेंगे।

नोएडा ट्रैफिक पुलिस की ओर से कहा गया कि छठ पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को देखते हुए डायवर्जन किया जाएगा। एडवाइजरी में कहा गया कि अगर आम लोगों को ट्रैफिक से जुड़ी कोई समस्या होती है, तो वो हेल्पलाइन नंबर 9971009001 पर संपर्क कर सकते है। ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों से वैकल्पिक मार्गों का इस्तेमाल करने की अपील की है।

# युवती को उठाकर ले गया गुलदार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम नन्हेड़ा में मां और बहन के साथ जंगल गई युवती को शौच के दौरान गुलदार उठाकर ले जाने की आशंका के चलते हड़कंप मच गया। सूचना पर वन विभाग की टीम व ग्रामीणों ने युवती की तलाश की। शाम तक युवती का कोई अता-पता नहीं लग सका है। ड्रोन कैमरे से भी सर्च किया जा रहा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार क्षेत्र के गांव राजपुर नन्हेड़ा में साक्षी (20 वर्ष) पुत्री योगेश कुमार आज सुबह अपनी मां विनोद देवी व बहन पूजा के साथ खेत से पशुओं के लिए चारा लेने गई थी। मां विनोद देवी ने बताया कि गांव से दक्षिण दिशा में जंगल में चकरोड के रास्ते में तिराहे पर साक्षी रूक गई और खेत की नाली में पानी देखकर वह शौच के लिए खेत में गई थी। वह और पूजा चकरोड में बैठ गई। खेत में जाने के बाद उसने तीन बार बचाओ-बचाओ की आवाज लगाई। जिससे साक्षी की मां व बहन घबरा गई और तुरंत खेत की और गई। गन्ने के खेत में कोई चीज उससे खींचकर ले जाने का एहसास हुआ। युवती को गुलदार के उठाकर ले जाने की आशंका के चलते शोर मचा दिया। शोर की आवाज सुनकर किसान खेत की ओर दौड़े, लेकिन युवती का कहीं पता नहीं चला। गुलदार के उठा ले जाने की सूचना पर तुरंत वन विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए और साक्षी की तलाश की। ग्रामीणों व वन विभाग अधिकारियों व पुलिस आदि ने जंगल में गन्ने के खेतों में उसकी तलाश की। ड्रोन कैमरे से भी सर्च किया गया, लेकिन शाम तक कोई अता-पता नहीं लग सका है। सूचना पर धामपुर एसडीएम स्मृति मिश्रा, सीओ अभय कुमार पांडेय भी मौके पर पहुंचे।

## फॉरेंसिक लैब भेजा जाएगा बच्ची का हाथ

**ग्रेटर नोएडा।** दादरी के रेलवे रोड स्थित निजी अस्पताल के डॉक्टरों की लापरवाही के कारण नवजात के हाथ काटने की नौबत आने को लेकर परिजनों ने मुख्य चिकित्साधिकारी और कोतवाली दादरी में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। डिप्टी सीएमओ डॉ. टीकम सिंह का कहना है कि मामले की जांच के लिए विभाग ने तीन सदस्य जांच कमेटी गठित की है। बच्ची का हाथ काटने के बाद फोरेंसिक लैब में जांच के लिए लैब भेजा जाएगा। दोषी पाए जाने पर अस्पताल व आरोपी डॉक्टरों पर कार्रवाई की जाएगी। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में तैनात डॉक्टरों की लापरवाही के कारण नवजात का हाथ काटने की नौबत आई है। बच्ची अभी चाइल्ड पीजीआई में भर्ती है।

# भैया दूज पर दादरी स्टेशन पर रही यात्रियों की भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** भैया दूज पर बृहस्पतिवार को दादरी रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ देखने को मिली। सुबह से ही यात्रियों का तांता लगा रहा। लोग ट्रेन पकड़ने के लिए प्लेटफॉर्म पर घंटों पहले पहुंच गए। भीड़ के चलते ट्रेन में चढ़ने के लिए यात्रियों के बीच अफरा-तफरी मच गई। पहले चढ़ने की होड़ लगी रही। कई लोग ट्रेन में चढ़ नहीं पाए और उन्हें अगली ट्रेन का इंतजार करना पड़ा।

भैया दूज के त्योहार के चलते दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग स्थित दादरी रेलवे स्टेशन पर बृहस्पतिवार को सुबह 6 बजे से ही भारी भीड़ शुरू हो गई। गाजियाबाद से टूंडला व दिल्ली से अलीगढ़ जाने वाली ट्रेन में भीड़ रही। यात्रियों को सुलभ यात्रा व सुरक्षा को लेकर आरपीएफ व जीआरपी प्लेटफार्म पर तैनात रही।

भीड़ अधिक होने और एक्सप्रेस ट्रेनों के आवागमन के चलते दुर्घटना को ध्यान में रखते हुए यात्रियों को प्लेटफार्म से पीछे करने के लिए अनाउंसमेंट भी चलता रहा। दादरी से गाजियाबाद, अजायबपुर, दनकौर, अलीगढ़ की ओर जाने वाले यात्रियों की संख्या सबसे अधिक रही। भीड़ के बीच महिलाओं और बुजुर्ग यात्रियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई यात्रियों को ट्रेनों में धक्का-मुक्की के बीच चढ़ना पड़ा। वहीं कुछ बुजुर्ग यात्रियों ने सुरक्षा कर्मियों से सहायता मांगी। कुछ यात्री ट्रेन छूट जाने के बाद दादरी बस स्टैंड की ओर रवाना हुए ताकि वे बस से अपने गंतव्य तक पहुंच सके।




रेलवे अधिकारियों के अनुसार, हर साल भैया दूज और दीवाली के बाद स्टेशन पर यात्रियों की संख्या कई गुना बढ़ जाती है। अधिकतर यात्री दिल्ली-एनसीआर से अपने गृह जनपद लौटते हैं। इस बार भी त्योहार के कारण यात्रियों की संख्या सामान्य दिनों की तुलना में दो गुनी रही। भैया दूज पर अधिक भीड़ होने के चलते एक ट्रेन को स्टेशन पर खड़ा किया था। ताकि यात्रियों को भेजा जा सके।

**बसों की कमी में निजी वाहनों का इस्तेमाल:** दादरी से नोएडा, सूरजपुर और ग्रेटर नोएडा के बीच सार्वजनिक बस सुविधा नहीं थी। यात्रियों को ऑटो या फिर निजी वाहनों से आना जाना पड़ा। कैब और रैपिड की मांग बढ़ गई। कई कैब चालकों ने सवारियों से दो गुना तक किराया वसूला जा रहा था।

**तिराहे पर खड़े रहे यात्री, बाइपास से निकल गई बसें:** दादरी में जाम के चलते लंबी दूरी की कई बसें बाइपास से निकल गई। जबकि यात्री दादरी तिराहे पर इंतजार में खड़े रह गए। यात्रियों को निजी बसों से यात्रा करनी पड़ी। कई निजी बस परिचालकों ने मनमाना किराया तक वसूला गया।

# द्रीय होम्योपैथी संस्थान और एनेक्सी भवन में चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-24 स्थित केंद्रीय होम्योपैथी संस्थान और एनेक्सी भवन में चोरों ने एसी के कॉपर तार और तांबे की टोंटी समेत अन्य सामान चोरी कर लिया। चोरी का पता चलने पर प्रबंधन ने पुलिस को सूचना दी।

एनेक्सी भवन में दीपावली की रात चोरों ने कमरों और हॉल में लगे 15 एसी के कॉपर तार और आरओ वाटर कूलर से तांबे की दो टोंटी चुरा लीं। यह मामला प्रधान अधिकारी रघुनाथ तिवारी की शिकायत पर दर्ज किया गया है।

वहीं, डॉ. डी. रस्तोगी केंद्रीय होम्योपैथी संस्थान से भी सात एसी के तार चोरी किए गए। इस संबंध में प्रभारी अधिकारी डॉ. शाजी की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

एडीसीपी सुमित शुक्ला ने बताया कि दोनों मामलों में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

**शाह टाइम्स**
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
**प्रवेश सिंह दतानियां**
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email: parveshnoida@gmail.com
खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल

## अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** नूरपुर मार्ग स्थित चांदपुर चुंगी के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से जिला अस्पताल रैफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार नहटौर क्षेत्र के गांव मुकर्रमपुर निवासी हेमराज अपने एक साथी के साथ बाइक द्वारा नहटौर से घर लौट रहा था। नहटौर में चांदपुर चुंगी के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से जिला अस्पताल रैफर किया गया है।

इसके अलावा नूरपुर मार्ग पर चक ईट भट्टे के पास सड़क हादसे में बाइक सवार ग्राम रघुनाथपुर निवासी नरदेव सिंह पुत्र जसवंत सिंह घायल हो गया। पुलिस ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया है।

# सरकारी नौकरी प्राप्त करने वाले युवक-युवती सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिला मुख्यालय के निकटवर्ती ग्राम पृथ्वीपुर में ग्राम पंचायत एवं शहरी व ग्रामीण विकास सेवा समिति की ओर से सन् 2025 में गांव के युवक और युवतियों को सरकारी नौकरी प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया।



ग्राम पंचायत घर पर आयोजित सम्मान समारोह में ग्राम प्रधान श्रीमती हिर्देश देवी की अध्यक्षता एवं डॉ. सत्येंद्र शर्मा 'अंगिरस' के संचालन में ग्राम पंचायत के शुभम कुमार को सीआरपीएफ, दीशू कुमार को अग्नि वीर, विवेक कुमार, प्रेरणा, हिमेंद्र सिंह, याचिका को पुलिस सेवा में सिपाही, श्रीमती पूजा शर्मा को आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री तथा पारुल कुमारी को पुलिस विभाग में दरोगा बनने पर स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी साकेंद्र प्रताप सिंह, अति विशिष्ट अतिथि भाजपा युवा जिला अध्यक्ष रॉबिन चौधरी, मुन्नालाल प्रेमी, झालू नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह, भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष ओमवीर सिंह राणा, पत्रकार आलोक भारद्वाज, दिलावर सिंह, छदम्मी सिंह का ग्राम प्रधान पति रोहिताश सिंह, इंजीनियर शुभम शर्मा, विजेंद्र सिंह, सुशील कुमार, जयप्रकाश सिंह, धर्मवीर सिंह, खुशीराम, शेर सिंह आदि ने फूल मालाएं पहना कर स्वागत किया। तदोपरांत अतिथियों द्वारा इन ग्रामीण बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में ग्रामीण पुरुष, महिलाएं एवं बच्चे शामिल रहे।

मुख्य अतिथि चौधरी साकेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को सम्मानित करना सराहनीय कार्य है, जो ग्राम प्रधान श्रीमती हिर्देश देवी, पंचायत सेक्रेटरी सुजाता पाल एवं वरिष्ठ पत्रकार डॉ. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस द्वारा किया गया है। उन्होंने कहा कि इस ग्राम पृथ्वीपुर एवं मोल्हड़पुर में इतनी बड़ी संख्या में प्रथम बार युवक युवतियों ने सरकारी नौकरी प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि मुझे इस पर भारी गर्व है, क्योंकि यही मेरी जन्म भूमि है। मुझे लगता है कि यह सब बच्चे मेरे परिवार के ही हैं। रॉबिन चौधरी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज बड़े गर्व का अवसर है कि हम अपने ही गांव में अपने बच्चों को उनकी मेहनत, लगन और सफलता के लिए सम्मानित कर रहे हैं। लोकेंद्र सिंह ने बताया कि हमें समय-समय पर बच्चों को जागरूक करने, उनका मार्गदर्शन करने के लिए ऐसे कार्यक्रमों की विशेष आवश्यकता है। ओमवीर सिंह राणा, दिलावर सिंह, वरिष्ठ पत्रकार आलोक भारद्वाज ने भी अपने संबोधन में कार्यक्रम के आयोजकों की भूरि भूरि प्रशंसा की। डॉ. सत्येंद्र शर्मा 'अंगिरस' ने अपने संबोधन में कहा कि हमें इन सभी बच्चों को सम्मानित कर भारी खुशी हो रही है। गांव के अन्य शिक्षित बच्चों को इन युवाओं/युवतियों से प्रेरणा लेनी चाहिए। अपने जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए बड़ों का मार्गदर्शन, अच्छी शिक्षा, अनुशासन की विशेष आवश्यकता है। रोहिताश सिंह ने कहा कि पंचायत घर पर लाइब्रेरी में सामाजिक ज्ञान एवं प्रतियोगिताओं से संबंधित सभी पुस्तकें उपलब्ध हैं। बच्चों को लाइब्रेरी में बैठकर इस सुविधा का लाभ उठाना चाहिए।

# मिर्जा अब्दुल समी की बरसी पर मुस्लिम फंड में कुरानख्वानी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** मरहूम मिर्जा अब्दुल समी की 22वीं बरसी के अवसर पर मुस्लिम फंड किरतपुर की भोजपुर शाखा में कुरानख्वानी का आयोजन किया गया। मरहूम अब्दुल समी, मुस्लिम फंड के सदर मौहम्मद साईम राजा के वालिद एवं फंड के पूर्व सचिव रहे हैं।

भोजपुर शाखा के प्रबंधक शहाब अतहर खान उर्फ कल्लू खान ने बताया कि मरहूम अब्दुल समी ने मुस्लिम फंड कमेटी में सचिव सहित कई अन्य महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया और संस्था की तरक्की में उनका विशेष योगदान रहा।

इस अवसर पर कारी सरफराज, कारी इमरान, अब्दुल सत्तार, डॉ. खिजर जावेद खान, जमीर अहमद, मतीन अहमद, अतीक अहमद, मौहम्मद यामीन, नाजिम मलिक, सलीम मलिक, पूर्व प्रधान लईक अहमद, मौहम्मद राशिद, कामरान यूसुफ, आसिफ अली सहित मदरसे के बच्चे मौजूद रहे।

कार्यक्रम के अंत में मरहूम अब्दुल समी साहब की मगफिरत के लिए दुआ की गई।

# महिलाओं और बच्चों को किया जागरूक

## हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** महिलाओं को सशक्त बनाने और बाल सुरक्षा के उद्देश्य से कोतवाली पुलिस व मिशन शक्ति टीम ने नगर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के तहत महिलाओं और बच्चों को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों और सुरक्षा योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।



कार्यक्रम में पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय पांडे ने महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने, घरेलू हिंसा का विरोध करने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को किसी भी प्रकार की हिंसा या उत्पीड़न की स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करना चाहिए।

टीम ने उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं को महिला हेल्पलाइन 181, वूमेन पावर लाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102, एंबुलेंस 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 के उपयोग की जानकारी दी। इसके साथ ही साइबर अपराधों से बचाव, सोशल मीडिया पर अश्लील संदेश या उत्पीड़न की स्थिति में पुलिस को सूचित करने की प्रक्रिया भी बताई गई। इस दौरान स्वास्थ्य सेवाओं और एंबुलेंस सुविधाओं के बारे में भी विस्तार से बताया गया। मिशन शक्ति टीम का कहना था कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बच्चों में सुरक्षा की भावना जागृत करना और उन्हें आत्मरक्षा के प्रति जागरूक बनाना है।

कार्यक्रम में नगर की अनेक महिलाओं, छात्राओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मिशन शक्ति टीम द्वारा दिए गए संदेशों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

# सड़क हादसे में दंपति और बच्ची सहित पांच घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** धामपुर-स्योहारा हाईवे पर ग्राम सरकथल सानी के पास तेज रफ्तार वाहन अनियंत्रण का शिकार हो गए। मुरादाबाद की ओर जा रही कार और सामने से आ रही मोटरसाइकिल में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार दंपति, उनकी बच्ची और कार सवार दंपति घायल हो गए, जबकि एक ऑटो चालक भी घायल हुआ।

जानकारी के अनुसार वेगनार कार मुरादाबाद की ओर जा रही थी। सामने से आ रहे मोटरसाइकिल सवार हरिओम सिंह (30 वर्ष) पुत्र गंभीर सिंह निवासी डॉ. अंबेडकर कॉलोनी थाना सिविल लाइन मुरादाबाद अपनी पत्नी काजल (30 वर्ष) और तीन वर्षीय पुत्री के साथ आ रहे थे। तेज रफ्तार के कारण दोनों वाहन आमने-सामने आ गए और सड़क किनारे उतर गए। पीछे से आ रहा एक ऑटो भी नियंत्रण खो बैठा और पलट गया।

कार में सवार रोहित पाल (32 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय रामकुमार निवासी ग्राम नसीरपुर बनवारी थाना धामपुर और उनकी पत्नी को हल्की चोटें आईं। वहीं मोटरसाइकिल सवार हरिओम सिंह को सिर और कान में गंभीर चोट आई है। उनकी पत्नी और पुत्री भी घायल हुई हैं।

सूचना पर धामपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस से आयुष्मान अस्पताल पहुंचाया। वहां से गंभीर रूप से घायल हरिओम सिंह को पाल अस्पताल धामपुर रैफर किया गया। डॉक्टरों के अनुसार हरिओम सिंह की स्थिति गंभीर बनी हुई है और उनका एमआरआई कराया जा रहा है। उनकी पत्नी और बच्ची का भी उपचार वहीं चल रहा है। पुलिस के अनुसार, फिलहाल इस मामले में किसी पक्ष की ओर से तहरीर नहीं दी गई है। मामले की जांच जारी है।

# सदाबहार म्यूजिकल ग्रुप का संगीतमय कार्यक्रम

## कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** दीपावली के अवसर पर सदाबहार म्यूजिकल ग्रुप की ओर से एक संगीतमय शाम का आयोजन किया गया। जिसमें कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से कार्यक्रम में श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

नगर पंचायत कार्यालय के सामने स्थित बारात घर में इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ संगीत प्रेमी मुख्य अतिथि संदीप कुमार गिलरोत्रा ने फीता काटकर किया। तत्पश्चात विशाल कुमार ने मौ.रफी का गाया फिल्मी भजन 'सुख में सब साथी दुख मे ना कोय' गाकर संगीतमय शाम की शुरुआत की। इनके बाद कार्यक्रम का संचालन कर रहे शाहनवाज आलम, मुअजज्म अली, मौ.सैफ, निशात अहमद अंसारी उर्फ अमन, जाकिर हुसैन अंसारी, मन गुप्ता, अनामिक गुप्ता आदि ने रफी, मुकेश, मन्ना डे, किशोर कुमार आदि के गाये सदाबहार गानों को गाकर अपनी सुन्दर व दिलकश प्रस्तुति से श्रोताओं का मन मोह लिया। जबकि नगर के उभरते कवि नमनदीप गिलहोत्रा ने अपनी कविता प्रस्तुत की।





इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व चेयरमैन शराफत हुसैन, प्रेस क्लब अध्यक्ष फरीद अहमद खान एडवोकेट, सभासद दानिश कुरैशी, समाजसेवी आसिफ शेख, आकिल खान भारती एड., अतीक अली जैदी, राशिद मालिक, रिहान अली जैदी, मास्टर आशाराम, शमीम अहमद, नासिर हुसैन, मुमताज अली आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में पूर्व चेयरमैन शराफत हुसैन व प्रेस क्लब अध्यक्ष फरीद अहमद खान एडवोकेट ने अपने संबोधन मे नगर में पहली बार आयोजित इस संगीतमय कार्यक्रम के लिए सदाबहार म्यूजिकल ग्रुप की सराहना की। मनमोहक प्रस्तुति के लिए जाकिर हुसैन, मन गुप्ता को शील्ड देकर पुरूस्कृत किया गया।

## फ्लाईओवर पर जाम से परेशानी

**नजीबाबाद।** एक समय था जब डबल फाटक रेलवे क्रॉसिंग दिन में अधिकांश समय बंद रहने से पूरी तरह से जाम की समस्या रहती थी। नजीबाबाद को जाम से निजात दिलाने के लिए डबल फाटक पर फ्लाईओवर बनाया गया था। मगर अब इस फ्लाईओवर पर तीनों ओर से वाहनों के आने से आएदिन जाम की स्थिति बनी रहती है। जाम में फंसकर लोगों का गर्मी व धूप में बुरा हाल हो जाता है। इसके अलावा रेलवे स्टेशन व सीकेआई चौराहे पर प्रतिदिन जाम से उधर से आने जाने वाले लोग काफी परेशान हैं। इन दोनों स्थानों पर पुलिस चौकी होने के बावजूद घंटों तक वाहन जाम में फंसे रहते है। रेलवे स्टेशन के आसपास व रोडवेज बस स्टैंड के बाहर जाम का मुख्य कारण काफी संख्या में रोडवेज बस चालकों के अपनी बसों को रोडवेज स्टैंड के अंदर ना ले जाकर बाहर खड़ी करके सवारियां भरना है, जिससे अन्य छोटे वाहन भी जाम में फंसे रहते है।

## रामपाल सिंह महाविद्यालय में रंगोली प्रति.

**चंदक।** रामपाल सिंह महाविद्यालय चंदक में रंगोली प्रतियोगिता और सजावटी सामान का स्टाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय अध्यक्ष डॉ. बीरबल सिंह व सचिव तपराज सिंह देशवाल, डॉ. इला चौधरी, डॉ. शिवानी देशवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने आकर्षक रंगोली, वॉल हैंगिंग, दिया स्टैंड, कैंडल, बंधरवाल आदि बनाए। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम शिवानी, आंचल, सोनाली, हिमानी, द्वितीय करूणा कश्यप, मोहिनी, आंचल, सोनाली, हिमानी, द्वितीय करूणा कश्यप, मोहिनी, हिमांशी व गायत्री, गरिमा, ईरम, तृतीय मंशा, आयशा, कशिश, हुमैरा व प्राची, टीना, पूनम पर रहे। कार्यक्रम में संध्या, हिमानी, निखिल, कुणाल निशु, साक्षी, अभिषेक, कुमकुम तनु, पूजा, अंजलि, मनु शुक्ला, श्वेता छात्र-छात्राओं ने अपना योगदान दिया। प्राचार्या रूबी सैफी ने सभी का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रवक्ता श्रीमती मीनाक्षी राजपूत व डॉ. रेनू राजपूत, मोनिका सैनी, प्राची कुमारी, वर्षा, दीपक कुमार, डॉ. नीलम शर्मा, प्रिया मलिक, हिमानी रानी, शुभम कुमार, मनोज कुमार, नितिन कुमार आदि स्टाफ मौजूद रहा।

## भैया दूज का पर्व मनाया

**नजीबाबाद।** भाई बहन के अटूट प्रेम व समर्पण का प्रतीक भैया दूज का त्यौहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दीपावली, गौवर्धन का त्यौहार सकुशल संपन्न होने के बाद गुरुवार को भाई बहन के प्रेम का प्रतीक भाईदूज का त्यौहार अटूट रिश्ते व समर्पण की भावना के साथ सौहार्द से मनाया गया। इस मौके पर बहनों ने अपने भाईयों के माथे पर तिलक लगाकर दीप प्रज्वलित कर आरती उतार कर लंबी उम्र की कामना की। भाईयों को मिठाई खिलाकर गोला दिया।

# पहले टक्कर मारी, फिर हमला किया

## बाइक तेज न चलाने की नसीहत देना महंगा पड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंदक।** जिला पंचायत सदस्य मीनू वाल्मीकि के पति मनोज वाल्मीकि की बाइक दूसरी बाइक से टकराने को लेकर हुए विवाद में बाइक सवार युवकों ने मनोज पर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ लूट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

मंगलवार को ग्राम मार्कंडेयपुरम उर्फ सुक्खापुर, थाना मंडावर निवासी जिला पंचायत सदस्य मीनू वाल्मीकि के पति मनोज वाल्मीकि दवाई लेने चंदक आ रहे थे। जब वह ग्राम बहादरपुर जट के पास पहुंचे तभी सामने से आ रहे एक बाइक सवार से टक्कर हो गई। आरोप है कि मनोज वाल्मीकि के उसे तेज बाइक न चलाने की नसीहत दी तो गुस्साएं बाइक सवार युवक ने मनोज के सिर में किसी धारदार हथियार से वार कर दिया, जिससे मनोज गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोप है कि युवक मनोज का मोबाइल फोन भी छीन ले गए। आरोपी युवक मौके से फरार हो गए।

सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल मनोज को जिला अस्पताल पहुंचाया और पुलिस को सूचना दी। मनोज की तहरीर पर पुलिस ने वैभव निवासी ग्राम भानी रायपुर, थाना मंडावर व एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## एक नजर

### अमन चौहान अरेस्ट



**चांदपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराधों के रोकथाम एवं अवैध शस्त्रों के निर्माण, बिक्री तथा अपने साथ अवैध शस्त्रों को रखने वाले अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे हैं अभियान के अंतर्गत चांदपुर पुलिस ने अमन चौहान पुत्र जितेंद्र निवासी मौहल्ला शहीद नगर निकट परी गार्डन कस्बा व थाना नूरपुर को गिरफ्तार कर उसके पास से एक तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अमन चौहान का चालान कर दिया।

### फरार आरोपी गिरफ्तार



**स्योहारा।** नौबहार सिंह पुत्र स्व. सुरेश सिंह निवासी ग्राम मुजफ्फरपुर थाना बिजनौर द्वारा दी तहरीर में बताया गया था कि अभियुक्त प्रिंस पुत्र दयाराम सिंह ने उसकी पुत्री पूजा उर्फ शीला (20 वर्ष) को बहला-फुसलाकर भगा लिया था और अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किया जा रहा था। इस संबंध में थाना मुजफ्फरपुर पर मु.अ.सं. 409/2025, धारा 85/80(2) बीपीएसएल तथा धारा 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। अभियुक्त घटना के बाद से फरार चल रहा था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन और पुलिस अधीक्षक पूर्वी धामपुर एवं क्षेत्राधिकारी धामपुर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी रक्षक सत्येंद्र सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त प्रिंस पुत्र दयाराम सिंह को ग्राम मघुपुरा क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया।

### साइकिल-बाइक की टक्कर, तीन घायल



**स्योहारा।** अर्सलान (16 वर्ष) पुत्र नौशाद निवासी मौहल्ला मिल्कियान साइकिल से सड़क पार कर रहा था। तभी पारुल पुत्री कमलेश कुमार निवासी ग्राम बुढ़ावाला और परवेश निवासी थाना नगीना बाइक से स्योहारा की ओर आ रहे थे। अचानक हुई टक्कर में तीनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। सूचना पर उपनिरीक्षक कुलवीर सिंह पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को सीएचसी स्योहारा भिजवाया। स्थानीय लोगों ने बताया कि क्षेत्र में सड़क पार करते समय और वाहन चलाते समय लापरवाही बरतना दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बनता जा रहा है। लोगों ने प्रशासन से यातायात व्यवस्था सख्त करने की मांग की है।

# धामपुर में हर्षोल्लास से मनाया गया भैया दूज का पर्व

## भाइयों की लम्बी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** भाई-बहन के अटूट स्नेह का प्रतीक भैया दूज का पर्व गुरुवार को नगर में बड़े हर्षोल्लास और धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। सुबह से ही बहनों ने अपने भाइयों की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना करते हुए उन्हें तिलक लगाया और आरती उतारी।





भैया दूज का यह पर्व हर वर्ष कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि अर्थात दीपावली के दो दिन बाद मनाया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, यह पर्व यमराज और उनकी बहन यमुना के ऐतिहासिक प्रसंग से जुड़ा है, इसलिए इसे यम द्वितीया भी कहा जाता है।

सुबह से ही नगर में भाई अपनी बहनों के घर पहुंचने लगे। बहनों ने अष्टदल कमल बनाकर अक्षत, कुमकुम और दीपक के साथ पूजा-अर्चना की। उन्होंने यमराज, यमुना, चित्रगुप्त और यमदूतों की विधि-विधान से पूजा करते हुए व्रत का संकल्प लिया। शुभ मुहूर्त में बहनों ने भाइयों को तिलक लगाकर आरती उतारी और मिठाई खिलाकर उनके सुखी जीवन की कामना की।

इस अवसर पर भाईयों ने भी अपनी बहनों को उपहार देकर स्नेह व्यक्त किया। मान्यता है कि जिस दिन यमराज अपनी बहन यमुना से मिलने गए थे, उस दिन यमुना ने उनसे वरदान मांगा था कि जो बहन इस तिथि को अपने भाई का तिलक कर भोजन कराएगी, उसे यम का भय नहीं रहेगा। तब से यह पर्व मनाया जाने लगा। नगर में पूरे दिन रौनक बनी रही। लोगों ने सोशल मीडिया के माध्यम से एक-दूसरे को भैया दूज की शुभकामनाएं दीं। वहीं पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए मुख्य मार्गों पर मुस्तैदी से ड्यूटी दी।

# भट्टे की दिवार गिरने से दो व्यक्तियों की मौत

## ईटों की निकासी करते समय अचानक हुआ हादसा, पुलिस ने शुरू की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**रटौल।** गौना गांव के एक ईट भटटे पर मिनी ट्रक में ईट भरते समय भटटे की दिवार गिर गयी जिसके मलबे के नीचे दबने से 4 लोग घायल हो गये जिसमे एक व्यक्ति की मौकें पर मौत हो गयी जबकि एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गयी। सूचना पाकर मौकें पर पुलिस भी पहुंच गयी और घटना की जांच में जुटी है।

निस्तोली गाजियाबाद निवासी 50 वर्षीय राजेन्द्र पुत्र रूपचंद ईट सप्लाई में ईट भरने का काम करता है वह अपने साथी तिररी पुत्र रामस्वरूप निवासी नसीरपुर फतेपुर, पल्लू पुत्र जगरोशन निवासी निस्तोली, मोहननगर गाजियाबाद से मिनी ट्रक मे ईट भरने गौना गांव के एक भटटे पर आये थे जब वह ईट भटटे के बराबर ट्रक लगाकर ईटे भर रहे थे तभी ईट भटटे की दिवार भर भराकर गिर गयी जिसके मलबे के नीचे दबने से 4 लोग ट्रक सवार व एक ईट भटटे के मुनीम गौना निवासी दिनेश यादव पुत्र सोहन लाल घायल हो गये वही ट्रक चालक दर्शन को मामूली चोट आयी दिवार गिरने की आवाज सुन भटटे पर काम करने वाले मजदूर उन्हें बचाने दौड़ पड़े और घायलों को बाहर निकाला जिसमे 50 वर्षीय राजेन्द्र पुत्र रामस्वरूप की मौकें पर मौत हो गयी जबकि बाकी घायलों में जिला अस्पताल भेजा गया जबकि भट्टे के मुनीम दिनेश यादव



को मोहननगर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया जहा उपचार के दौरान उसकी भी मौत हो गयी वही सूचना मिलते ही खेकड़ा सीओ रोहन चोरसिया थाना चांदीनगर प्रभारी अतर सिंह फोर्स के घटनास्थल पहुंचे और घटना की जांच करने मे लगे है। वही जब यह सूचना ग्रामीणों को पता चली तो मौकें पर भारी भीड़ इखट्टा हो गयी, वही मृतक के परिजन भटटे पर रोते बिलखते पहुंचे घटना के



बाद ईट पर गम का माहौल बना हुआ है वही पुलिस पूछताछ में जुटी है। पुलिस ने मृतक राजेन्द्र का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गौना निवासी मृतक मुनीम ईट भटटे पर 15 वर्ष से कार्य कर रहा था मृतक के एक बेटा और एक बेटी है मौत के बाद गांव मे गम का माहौल है। ग्रामीण पीड़ित परिवार को सात्वंना देने मे लगे है



इसके अलावा निस्तोली निवासी मृतक राजेन्द्र के तीन बेटे और एक बेटी है मृतक के परिजनों का भी रो रो बुरा हाल है। गौना निवासी मृतक मुनीम दिनेश यादव ईट भटटे पर जब गाड़ी भर चुकी थी तो वह उन्हें पर्ची देने के लिए गाड़ी के पास गया था जहा दिवार गिरते समय वह भी मलबे की चपेट मे आ गया था।

# क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया भाईदूज पर्व



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बड़ौत।** तहसील क्षेत्र में धूमधाम के साथ मनाया गया भैया दूज का त्यौहार। बहनों ने भाइयों के मस्तक पर तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर बहनों ने भाइयों की लंबी आयु की कामना की। इसी के साथ भाइयों ने बहनों को उपहार देकर सम्मानित किया। यह त्योहार भाई बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक है। यह पर्व सभी के जीवन में खुशियां लेकर आता है। भाई बहन के अटूट प्रेम और समर्पण के प्रतीक प्रेम का बंधन भैया दूज का त्यौहार माना जाता है। इस दिन बहनें अपने भाइयों को तिलक लगाकर उनकी लंबी आयु की कामना करती है। ग्रामीण क्षेत्र से लेकर शहरी क्षेत्र तक परंपरा के इस त्यौहार को बड़े प्रेम और सद्भाव के साथ मनाया गया।

# पटाखे को लेकर दो समुदायों में खूनी भिड़ंत, चार गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बड़ौत।** तहसील क्षेत्र के बदरखा गांव में बुधवार देर रात बच्चों द्वारा पटाखे जलाने को लेकर दो समुदायों में कहासुनी के बाद मामला हिंसा में बदल गया। देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और लाठी-डंडों, सरियों व तेजधार हथियारों से जमकर हमला बोल दिया। झगड़े में एक पक्ष के दो और दूसरे पक्ष की तीन महिलाओं सहित कुल छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस व पीएसी बल तैनात कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, बुधवार शाम लगभग सात बजे बदरखा गांव निवासी प्रवेंद्र कुमार की बेटी बुलब. ुल अपने घर के बाहर आयुषी व अन्य बच्चों के साथ पटाखे जला रही थी। इसी दौरान एक पटाखा उड़कर पड़ोसी मेहरदीन के बेटे यामीन के घर में जा गिरा। इससे दोनों समुदायों के बीच कहासुनी और गाली-गलौज शुरू हो गई। गांव के कुछ बुजुर्गों और गणमान्य लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया था, लेकिन रात होते-होते विवाद ने फिर से तूल पकड़ लिया। बताया गया कि रात करीब साढ़े दस बजे मेहरदीन ने बड़ौत में रह रहे अपने बेटों यामीन और शादीन को फोन कर बुला लिया। कुछ ही देर बाद मेहरदीन परिवार के करीब दो दर्जन लोग लाठी-डंडों, सरियों और धारदार हथियारों से लैस होकर प्रवेंद्र के घर पहुंच गए और हमला बोल दिया। अचानक हुए इस हमले में प्रवेंद्र उर्फ भूट्टू, करण सिंह, अरविंद, रविता, अनीता व जगवती गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष के मेहरदीन, यामीन, वसीम, शादीन और शबनम को भी चोटें आईं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सीएचसी छपरौली भेजा गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए सीओ विजय चौधरी व एडिशनल एसपी प्रवीण सिंह चौहान ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया और दोनों पक्षों से जानकारी ली। इंस्पेक्टर शिवदत्त ने बताया कि पीड़ित प्रवेंद्र कुमार की तहरीर पर पुलिस ने मेहरदीन, सलीम, यामीन, वसीम, शादीन, इस्लाम, समीर, सैम, सादा, आस मोहम्मद, आश, आसिफ, चौंपी, शबनम, प्रवीण, शकीला व अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और कार्रवाई करते हुए मेहरदीन, यामीन, शमशाद, शबनम व शकीला को गिरफ्तार कर लिया है। एहतियात के तौर पर छपरौली पुलिस के साथ-साथ पीएसी बल भी तैनात कर दिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने दोनों समुदायों के लोगों से शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील की है। इस मामले को लेकर राष्ट्रीय महासचिव।विश्व हिंदू महासंघ एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष हिंदू युवा वाहिनी शौकेंद्र खोखर बदरखा कल गांव में 24 गांव के ग्रामीणों की महापंचायत करेंगे।

# अनियंत्रित होकर दीवार से टकराई कार, बाल बाल बचा युवक

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**रटौल।** भागौट गांव में एक अनियंत्रित कार दीवार से टकरा गयी जिसकी चपेट में आने से एक युवक बाल बाल बच गया।

बुधवार रात करीब दस बजे भागौट गांव में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। बताया गया कि ढिकोली-बंथला मार्ग पर स्थित शराब ठेके के समीप एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार अचानक सड़क किनारे बनी कैंटीन की दीवार से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दीवार के टुकड़े सड़क पर बिखर गए और कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में भागौट निवासी मगन बाल-बाल बच गया। घटना के तुरंत बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और स्थिति को संभालने का प्रयास किया। उन्होंने चांदीनगर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कार चालक को हिरासत में ले लिया, साथ ही क्षतिग्रस्त वाहन को धोली प्याऊ चौकी पर खड़ा करा दिया। ग्रामीणों के अनुसार हादसा तेज रफ्तार और लापरवाही से ड्राइविंग करने के कारण हुआ। संयोगवश उस समय सड़क पर ओर कोई अन्य वाहन या व्यक्ति मौजूद नहीं था, अन्यथा हादसा जानलेवा साबित हो सकता था। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग पर स्पीड ब्रेकर और चेता. वनी बोर्ड लगाए जाएं ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके। पुलिस ने वाहन चालक से पूछताछ शुरू कर दी है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।




# भाईदूज पर जिला कारागार में हुई खुली मुलाकात



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** जिला कारागार में भैया दूज के अवसर पर बंदियों से खुली मुलाकात कराई गई। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में बहनें अपने भाइयों से मिलने पहुंचीं और उनके साथ त्योहार मनाया। सुबह से ही बड़ी संख्या में महिलाएं जेल परिसर पहुंचने लगी थीं। मुलाकात को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे और चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा।

यह खुली मुलाकात उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशों पर आयोजित की गई थी। बहनों ने सरकार की इस पहल का धन्यवाद किया और इसे एक सकारात्मक कदम बताया, जिससे उन्हें अपने भाइयों से मिलने का अवसर मिला। मुलाकात के दौरान कई बहनों ने अपने भाइयों से अपराध से दूर रहने की कसम ली। वहीं, भाइयों ने भी अपनी बहनों को अपराध से दूर रहने का वचन दिया।

# कमेटी के पैसे के लेनदेन को लेकर महिला से मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** गौरीपुर गांव में रुपए के लेनदेन को लेकर घरेलू विवाद सड़क पर हिंसा में बदल गया। दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। वीडियो में एक महिला को बुरी तरह पीटा जाता दिख रहा है, जबकि आसपास मौजूद लोग तमाशबीन बने खड़े रहे।

घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के गौरीपुर गांव की है। बताया जा रहा है कि विवाद 80 हजार रुपए की कमेटी (साझा बचत योजना) के पैसे को लेकर हुआ। इसी बात पर पहले कहासुनी और फिर लात-घूंसों से मारपीट शुरू हो गई। पीड़िता अंजू ने बताया कि उसके देवर से लंबे समय से कमेटी की रकम को लेकर विवाद चल रहा था। बुधवार को बात इतनी बढ़ गई कि देवर ने घर में घुसकर उसके



साथ मारपीट कर दी। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में एक युवक को महिला को बेरहमी से पीटते हुए देखा जा सकता है। वह बार-बार उसे धक्का देकर गिराता है और गालियां भी देता है। घटना के बाद अंजू कोतवाली पहुंची और पुलिस को पूरी जानकारी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है, वीडियो की सत्यता की भी पुष्टि कराई जा रही है। दोषी पाए जाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। गांव में हुई इस घटना ने लोगों में आक्रोश फैला दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो ने गांव की बदनामी की है। वे आरा. ेपी पर तुरंत कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक सवार युवक को मारी जोरदार टक्कर



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**सहसवान।** दरिया सिंह,का 22 वर्ष पुत्र ग्राम सराय मड़ैया थाना मुजरिया निवासी बाइक से अपनी ससुराल अकबरपुर थाना गुन्नौर के लिए दूज का सामान लेकर जा रहा था तभी बदायूं मेरठ राजमार्ग सहसवान के पास पंडित जी के पेट्रोल पंप के बराबर तेज गति से आ रहा लकड़ी से भरा ट्रैक्टर ने बाइक सवार युवक के साइड मार दी जिसमें ट्रैक्टर ट्राली में लदीं लकड़ियां बाइक सवार युवक के ऊपर गिर गई जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया मौके पर पहुंचे राहगीरों ने घायल हुए युवक की सूचना कोतवाली पुलिस को दी घटनास्थल पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने लकड़ी से भरे ट्रैक्टर ट्राली को अपने कब्जे में ले लिया वहीं घायल हुई युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहसवान पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने युवक की हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वही जिसकी सूचना कोतवाली पुलिस ने युवक के स्वजनों को दी है। इसी संबंध में सहसवान वन रेंजर अशोक त्यागी से बात की गई तो उन्होंने बताया मामला उनके संज्ञान में नहीं है। उन्होंने यह भी बताया यह जानकारी भी नहीं है,की लकड़ी प्रति. बंधित है, या परमिट पर है,सूचना मिली है, जाकर जांच की जाएगी।

# शतरंज खिलाड़ी को पूर्व केंद्रीय मंत्री ने किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बिनौली।** तेड़ा के आर्य विद्यालय इंटर कॉलेज के तितरोदा गांव निवासी छात्र शतरंज के प्रदेश स्तरीय खिलाड़ी अंश पांचाल को पूर्व केंद्रीय मंत्री डा. सत्यपाल सिंह ने सम्मानित किया। योग प्रचारक विनेश कुमार के पुत्र अंश पांचाल लने शतरंज में प्रदेश स्तर पर प्रदर्शन कर उपलब्धि हासिल की है। शानदार प्रदर्शन के चलते प्रतिभावान खिलाड़ी अंश को पूर्व केंद्रीय मंत्री डा. सत्यपाल सिंह ने दिल्ली अपने आवास पर बुलाकर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित कर हौसला बढ़ाया। इस दौरान राम. निवास प्रधान, संघ पूर्व प्रचारक अमित तितरौदा, रमेश, अनिल, शिवम, महेश चंद, मास्टर अमित, विनेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# दाहा गांव में राणा वालीबॉल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बिनौली।** दाहा गांव में चित्तम खेड़ी मार्ग पर गुरुवार आयोजित हुई राणा वालीबॉल प्रतियोगिता में बागपत के अलावा शामली, मेरठ आदि जनपदों की टीमें पहुंची। प्रतियोगिता का छपरौली विधानसभा प्रभारी डा. अनिल आर्य ने फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को पढ़ाई के साथ खेल कूद आदि प्रतियोगिता में भी प्रति भाग करना चाहिए। खेलों के माध्यम से युवा नौकरी पाकर देश का नाम रोशन कर रहे है।

प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच चौधरी प्रकाश एकेमडी दाहा और निरपुड़ा की टीमों के बीच हुआ। जिसमें चौधरी प्रकाश एकेमडी दाहा की टीम ने 21-14 अंकों के अंतर



से जीत हासिल की। दूसरे मैच का बड़ौत व चित्तम खेड़ी के बीच हुआ। जिसमें बड़ौत की टीम ने चित्तमखेड़ी को 21-10 अंकों के अंतर से मैच जीता। प्रतियोगिता में प्रिंस ने रेफरी व कॉमेंट्री इदरीश ने की। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि गुल्लू राणा, पूर्व चेयरमैन अरविंद राणा, सरपंच इंद्रपाल, कोच बबलू राणा, गौरव राणा, निखिल राणा, अर्जुन राणा सहयोग रहा।

# त्योहारों पर बिजली व्यवस्था पूरी तरह से रही सुचारू

**शाह टाइम्स संवाददाता**
बिसौली नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक त्योहारों के दौरान बिजली व्यवस्था पूरी तरह सुचारू रही। विद्युत आपूर्ति को निर्बाध बनाए रखने के लिए प्राइवेट लाइनमैनों ने दिन-रात मेहनत की। उनकी तत्परता और जिम्मेदारी के चलते किसी प्रकार की बड़ी शिकायत सामने नहीं आई। क्षेत्रवासियों ने लाइनमैनों की सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा उनकी मेहनत से त्योहार बिना किसी बाधा के संपन्न हुए। जेई मियां कुरेशी ने भी बताया लाइनमैनों ने पूरी टीम भावना से कार्य किया, जिससे किसी क्षेत्र में लंबे समय तक बिजली गुल नहीं रही। कई स्थानों पर रात के समय खराबी आने पर भी कर्मचारियों ने तुरंत मौके पर पहुँचकर बिजली सुचारू की। त्योहारों के दौरान अतिरिक्त लोड को देखते हुए पहले से ही टीमों की ड्यूटी लगाई गई थी। नगर के साथ ही आसपास के गांवों में भी विद्युत आपूर्ति संतुलित रखी गई।

# भाई दूज पर भाइयों को तिलक कर बहनों ने की सुख समृद्धि की कामना





**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बड़ौत।** गुरुवार को भैया दूज पर्व धार्मिक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भैया दूज पर बहनों ने भाइयों को मंगल तिलक कर सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं भाइयों ने तिलक के बाद अपनी बहनों को उपहार दिए।
क्षेत्र में भाई-बहन के अटूट प्रेम के प्रतीक भैया दूज का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान बाजारों में खासी चहल-पहल नजर आई। भारी भीड़ की परवाह किए बिना भाई अपनी बहनों से तिलक करवाने पहुंचे। वहीं कुछ स्थानों पर बहने भी भैया दूज के लिए अपने मायके पहुंची। बहनों ने अपने भाइयों को तिलक लगाकर गोला भेंट कर उनकी लंबी आयु व सुख-समृद्धि की कामना की। भाइयों ने बहनों को हर स्थिति में रक्षा करने का संकल्प लेते हुए अपनी शुभकामनाएं दी। उधर भैया दूज के अवसर पर शहर की सड़कों और बाजारों में भीड़ रही। त्योहार के मद्देनजर बहनों का आवागमन का दौर देर शाम तक जारी रहा। बसों, ट्रेनों में रिकॉर्ड भीड़ देखने को मिली। बसों के अतिरिक्त फेरे भी यात्रियों के लिए नाकाफी साबित हुए।

# 24 अक्टूबर से शुरू होगा देवोत्थान रामलीला मेला

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**उघैती।** गांव खंडुआ के ठाकुरद्वारा मंदिर पर लगने वाले रामलीला मेला की तैयारी पूरी हो चुकी है। चरक झूले से लेकर मीना मार्केट में दुकानदारों का आना शुरू हो गया है। मेला कमेटी द्वारा व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। आदर्श क्लब के प्रबंधक पंडित राजेंद्र प्रसाद उपाध्याय ने बताया, पिछले वर्षों की भांति इस बार भी भव्य देव उठान मेला एवं रामलीला नाटक मंचन का आयोजन किया जाएगा। जिसका शुभारंभ प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार द्वारा किया जाएगा। उघैती रामलीला मेला 24 अक्टूबर से शुरू होकर आगामी 2 नवंबर को समापन होगा। बुधवार को उन्होंने मेला परिसर में नक्शे के आधार पर दुकान लगाने का दुकानदारों से आग्रह किया। इस दौरान उन्होंने पेयजल एवं व्यवस्था की तैयारी में जुटे लोगों से व्यवस्था को



बेहतर बनाने के निर्देश दिए। अध्यक्ष पूर्व प्रधान करतार सिंह यादव ने बताया, मेले में सभी दुकानदारों को पूरी तरह से सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराई गई है। व्यवस्था में किसी प्रकार की कमी नहीं होगी।

इसके लिए आदर्श क्लब के सभी पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

# विराट कोहली फिर शून्य पर लुढ़के



**● आस्ट्रेलिया ने बनाई 2-0 की अजेय बढ़त**

**एडिलेड, वार्ता।** प्लेयर ऑफ द मैच एडम जम्पा (60 रन पर चार विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी तथा मैथ्यू शार्ट (74) और कूपर कोनली (नाबाद 61) की शानदार अर्धशतकीय पारियों से ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ रोमांचक दूसरे वनडे में गुरुवार को दो विकेट से जीत दर्ज कर तीन मैचों की सीरीज में 2–0 की अपराजेय बढ़त बना ली। भारत ने रोहित शर्मा (73), श्रेयस अय्यर (61) और अक्षर पटेल (44) की शानदार पारियों की मदद से निर्धारित 50 ओवर में नौ विकेट पर 264 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया,लेकिन विराट कोहली लगातार दूसरे मैच में शून्य पर लुढ़क गए। ऑस्ट्रेलिया ने विकेट गंवाने के बावजूद 46–2 ओवर में आठ विकेट पर 265 रन बनाकर जीत और सीरीज अपने नाम कर ली। कोनली ने 53 गेंदों में पांच चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 61 रन की मैच विजयी पारी खेली। शार्ट ने 78 गेंदों पर 74 रन की संयमित पारी में चार चौके और दो छक्के लगाए। मिचेल ओवेन ने 23 गेंदों पर 36 रन में दो चौके और तीन छक्के मारे। मेजबान टीम ने सतर्कता के साथ शुरुआत की। हेड और मार्श ने शुरुआत में समय लिया और फिर मार्श आउट हो गए। हेड भी ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचा सके और राणा का शिकार बने। शॉर्ट ने रेनशॉ के साथ मिलकर पारी को संभाला और समय पर चौके जड़े। भारत ने भी शॉर्ट के दो कैच छोड़े, जो अपना अर्धशतक पूरा कर चुके थे। उनके आउट होने के बाद ओवेन आए और उन्होंने पारी को जल्दी खत्म करने की कोशिश की। कूपर कोनली दूसरे छोर पर अनुभवी बल्लेबाजी कर रहे थे। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने अपना अर्धशतक पूरा किया और ओवेन तब आउट हो गए जब उन्हें कुछ ही रनों की जरूरत थी। बार्टलेट और स्टार्क भी आउट हो गए, लेकिन कोनली ने रन बनाना जारी रखा और अपनी टीम को जीत दिला दी। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श ने टॉस जीतकर भारत के खिलाफ पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी रोहित शर्मा और कप्तान शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने अभी 17 रन जोड़े थे कि सातवें ओवर में जेवियर बार्टलेट ने शुभमन गिल (9) को मिचेल मार्श के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये स्टार क्रिकेटर विराट कोहली को जेवियर बार्टलेट ने पगबाधा कर बिना खाता खोले ही पवेलियन भेज दिया। उन्होंने चार गेंदों का सामना किया और एक भी रन नहीं बना पाये। इसके बाद श्रेयस अय्यर ने रोहित शर्मा के साथ तीसरे विकेट के लिए 118 रन जोड़े।

30वें ओवर में मिचेल स्टार्क ने रोहित शर्मा को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। रोहित शर्मा ने 97 गेंदों में सात चौके और दो छक्के लगाते हुए 73 रनों की पारी खेली। भारत का चौथा विकेट 160 के स्कोर पर श्रेयस अय्यर के रूप में गिरा।

# सर्वाधिक शतक लगाने वाली दूसरी महिला बल्लेबाजी बनी मंधाना

**मंधाना ने दमदार प्रदर्शन करते हुए 95 गेंदों में 109 रन बनाए**

**नवी मुंबई, वार्ता।** भारतीय महिला टीम की उपकप्तान और स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गुरुवार को महिला विश्व कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ जारी मुकाबले में शतक जड़ा। अपने वनडे करियर के 14वें शतक के साथ मंधाना महिला क्रिकेट में सर्वाधिक शतक लगाने वाली दूसरी बल्लेबाज बन गई। बता दें कि, भारत और न्यूजीलैंड के बीच महिला विश्व कप का 24वां मुकाबला खेला जा रहा है। इस मैच में कीवियों ने टास जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया है। इस मुकाबले में मंधाना ने दमदार प्रदर्शन करते हुए 95 गेंदों में 109 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 88 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। न्यूजीलैंड के खिलाफ स्टार बल्लेबाज ने 10 चौके और चार छक्के ठोके। पहले विकेट के लिए मंधाना ने प्रतिका रावल के साथ 212 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी की। यह भारतीय महिला टीम की विश्व कप में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। इससे पहले



हरमनप्रीत कौर और स्मृति मंधाना के बीच 2022 में हैमिल्टन में 184 रनों की साझेदारी हुई थी। मंधाना ने वनडे में अपने 14वें शतक के साथ बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। एक कैलेंडर वर्ष में सर्वाधिक शतक लगाने के मामले में उन्होंने तजमिन ब्रिट्स की बराबरी कर ली। दोनों ने 2025 में पांच–पांच शतक लगाए हैं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### श्याम लाल कॉलेज ने बाबा भगत स्मृति हॉकी टूर्नामेंट का खिताब जीता

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली विश्वविद्यालय के श्याम लाल कॉलेज ने साई कुरुक्षेत्र को 2–1 से हराकर राजस्थान के शाहज.हांपुर, जिला कोटपुटली में आयोजित 43वें श्री युक्त बाबा भगत स्मृति ऑल इंडिया हॉकी टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। विजेता के रूप में उसे 51000 रूपए की इनामी राशि भी मिली। उपविजेता टीम को 25000 रूपए से संतोष करना पड़ा। श्याम लाल कॉलेज की तरफ से सतीश और प्रत्यूष सिंह जग्गी ने मैच में एक–एक गोल किया जबकि साई कुरुक्षेत्र की तरफ से एक गोल सहजप्रीत ने किया। इस टूर्नामेंट में देश भर से 32 टीमों ने भाग लिया। बेस्ट डिफेंडर ऑफ़ द टूर्नामेंट का अवार्ड श्याम लाल कॉलेज के राहुल को मिला जबकि बेस्ट फॉरवर्ड ऑफ द टूर्नामेंट का अवॉर्ड साई कुरुक्षेत्र के खिलाड़ी बिटू को मिला।

### कजाकिस्तान के खिलाफ मैत्री मैचों के लिए भारत ने की 23 सदस्यीय टीम की घोषणा

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की अंडर–20 महिला टीम के मुख्य कोच जोआकिम एलेक्जेंडरसन ने कजाकिस्तान अंडर–19 टीम के खिलाफ दो मैत्री मैचों के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। पहला मैच 25 और तथा मुकाबला 28 अक्टूबर को कजाकिस्तान के शिमकेंट में होगा। इसे अप्रैल 2026 में होने वाले एएफसी अंडर–20 महिला एशियाई कप के लिए भारत की तैयारियों के रूप में देखा जा रहा हैं। भारतीय टीम बेंगलुरू स्थित पादुकोण–द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में एक संक्षिप्त शि.विर के बाद आज सुबह कजाकिस्तान के लिए रवाना हुई और शाम को शिमकेंट पहुंचेगी।

# तीसरे एशियाई युवा खेलों के लिए मनामा में 4000 से ज्यादा युवा एथलीट एकत्रित हुए

**मनामा, वार्ता।** तीसरे एशियाई युवा खेल (एवाईजी) बुधवार शाम बहरीन में आधिका.रिक रूप से शुरू हो गए, जिसमें 45 एशियाई देशों और क्षेत्रों के 4,000 से ज्यादा युवा एथलीट शामिल हुए। 22 से 31 अक्टूबर तक चलने वाले इन खेलों में 26 खेल और 232 स्पर्धाएं शामिल हैं, जो एवाईजी के इतिहास का सबसे बड़ा आयोजन है।

कुल 4,074 एथलीट, जिनमें 2,425 पुरुष और 1,649 महिलाएं शामिल हैं, प्रतिस्पर्धा करेंगे, जो 2013 के नानजिग खेलों में 2,413 प्रतिभागियों और 2009 के उद्घाटन सिगापुर खेलों में 1,321 प्रतिभागियों से अधिक है। बहरीन के राजा के प्रतिनिधि और खेल प्राधिकरण के अध्यक्ष शेख नासिर बिन हमद अल खलीफा ने खेलों के उद्घाटन की घोषणा की। सखिर क्षेत्र में उद्घाटन समारोह के दौरान, बहरीन सुप्रीम काउंसिल फॉर यूथ एंड स्पोर्ट्स के प्रथम उपाध्यक्ष शेख खालिद बिन हमद अल खलीफा ने कहा कि यह आयोजन खेलों को लोगों के बीच एक सेतु और एशिया की युवा पीढ़ी के लिए गौरव का स्त्रोत बताता है। उन्होंने कहा कि एशियाई युवा खेल भविष्य के ओलंपिक एथलीटों की पहचान करने का एक मंच भी हैं जो महाद्वीप का प्रतिनिधित्व करेंगे।

उन्होंने कहा कि ये प्रतियोगिताएं एशियाई खेलों के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हैं, और उन्होंने सभी पक्षों के संयुक्त प्रयासों से रिकॉर्ड समय में एक प्रमुख क्षेत्रीय आयोजन आयोजित करने की बहरीन की क्षमता का हवाला दिया।

# जीत से विदाई के लिए उतरेंगे पाक-श्रीलंका

**दोनों टीमें पहले ही सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुकी हैं, ऐसे में प्रतिष्ठा दांव पर होगी**

**कोलंबो, वार्ता।** मेजबान श्रीलंका महिला टीम कल यहां आर प्रेमदासा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान महिलाओं के खिलाफ एक बेमेल मुकाबले में अपने आईसीसी महिला विश्व कप 2025 अभियान का शानदार समापन करना चाहेगी। दोनों टीमें पहले ही सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुकी हैं, ऐसे में प्रतिष्ठा दांव पर होगी क्योंकि चामरी अथापट्टू की श्रीलंकाई टीम बांग्लादेश पर मिली हालिया करीबी जीत को आगे बढ़ाने की कोशिश करेगी, जबकि फातिमा सना की अगुवाई वाली पाकिस्तान टीम टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत की तलाश में है। छह मैचों में एक जीत और तीन हार दर्ज करने वाली श्रीलंकाई टीम इस मुक.ाबले में नए आत्मविश्वास के साथ उतरेगी। हसीनी परेरा की 99 गेंदों पर 85 रनों की तेज पारी और कप्तान चामरी की चार विकेट सहित ऑलराउंड प्रतिभा ने उनके पिछले मैच में अहम भूमिका निभाई थी। नीलाक्षी डी सिल्वा ने भी 37 रनों की तेज पारी खेलकर मध्यक्रम की विश्वसनीयता को मजबूत किया।

गेंदबाजी में, चामरी, इनोका रनवीरा, सुगंधिका कुमारी और उदेशिका प्रबोधनी ने विकेट चटकाए हैं, जिससे यह सुनिश्चित हुआ है कि कुल मिलाकर निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद श्रीलंका ज्यादातर मैचों में प्रतिस्पर्धी बना रहे। इस बीच, पाकिस्तान के लिए यह टूर्नामेंट बेहद मुश्किल रहा है, जहां उसे लगातार पांच हार का सामना करना पड़ा है, जिसमें दक्षिण अफ्रीका से बारिश से प्रभावित हार भी शामिल है। सिदरा नवाज, नतालिया परवेज और सिदरा अमीन की अगुवाई वाली उनकी बल्लेबाजी लय हासिल करने के लिए जूझती रही है, जबकि सादिया इकबाल और नशरा संधू की अगुवाई वाले गेंदबाजी आक्रमण ने लगातार समर्थन के बिना उम्मीद की किरण दिखाई है। प्रेमदासा की पिच ने मध्यम स्कोरिग के अवसर प्रदान किए हैं, इस विश्व कप में पहली पारी का औसत स्कोर लगभग 245 रन रहा है। हालांकि, मैच के दिन भारी बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है, जिससे दोनों कप्तान टॉस जीतने पर पहले गेंदबाजी करने का विकल्प चुन सकते हैं। ऐतिहा.सिक रूप से, दोनों टीमें विश्व कप में दो बार भिड़ चुकी हैं, जिनमें से प्रत्येक ने एक–एक जीत साझा की है।

# पंजाब किंग्स ने सैराज बहुतुले को स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया

**नई दिल्ली, वार्ता।** पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2026 सीजन से पहले पूर्व भारतीय लेग स्पिनर सैराज बहुतुले को अपना नया स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है।

वह सुनील जोशी की जगह लेंगे, जिन्होंने 2023 से 2025 तक यह पद संभाला था। बहुतुले, जिन्हें हाल ही में राजस्थान रॉयल्स ने रिलीज किया था, जहां उन्होंने यही भूमिका निभाई थी, घरेलू और फ्रेंचाइजी क्रिकेट में अपने लंबे कोचिग करियर का भरपूर अनुभव लेकर आए हैं। 51 वर्षीय बहुतुले इससे पहले बंगाल, केरल, विदर्भ और गुजरात जैसी टीमों के साथ काम कर चुके हैं और सभी प्रारूपों में युवा भारतीय गेंदबाजों को निखारने में उनके योगदान के लिए उन्हें व्यापक रूप से श्रेय दिया जाता है।

बहुतुले का टीम में स्वागत करते हुए, पंजाब किंग्स के सीईओ सतीश मेनन ने कहा कि हम सुनील जोशी को वर्षों से पंजाब किंग्स के प्रति उनकी समर्पित सेवा और योगदान के लिए हार्दिक धन्यवाद देते हैं। आगे बढ़ते हुए, हम सैराज बहुतुले का अपने कोचिग स्टाफ में स्वागत करते हुए बेहद उत्साहित हैं। खेल की उनकी गहरी समझ, खासकर घरेलू गें.दबाजों को तैयार करने और रणनीति बनाने का उनका व्यापक अनुभव, हमारी टीम के लिए अमूल्य होगा।

# साइमन की फिरकी के आगे पाक पस्त



**रावलपिडी, वार्ता।** साइमन हार्मर (छह विकेट) और केशव महाराज (दो विकेट) की बेहत.रीन गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन पाकिस्तान को दूसरी पारी में 132 के स्कोर पर ढ़ेर करने के बाद 68 रनों के लक्ष्य को 12–3 ओवर में दो विकेट पर 73 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। इसी के साथ दक्षिण अफ्रीका ने दो मैचों की सीरीज में 1–1 से बराबरी कर ली। पाकिस्तान ने कल के चार विकेट पर 94 रनों से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में पाकिस्तान का पांचवां विकेट मोहम्मद रिजवान (18) के रूप में गिरा। इसके बाद नोमान अली (शून्य) पर पवेलियन लौट गए। दोनों बल्लेबाजों को साइमन हार्मर ने आउट किया।

शाहीन शाह अफरीदी (शून्य) रनआउट हुए। आगा सलमान (28) को केशव महाराज ने बोल्ड आउट किया। केशव महाराज ने 50वें ओवर की तीसरी गेंद पर साजिद खान (13) को आउटकर पाकिस्तान की दूसरी पारी का 132 के स्कोर पर अंत कर दिया। दक्षिण अफ्रीका की ओर से साइमन हार्मर (छह विकेट) और केशव महाराज (दो विकेट) मिले। पाकिस्तान को 67 रनों की बढ़त हासिल हुई, और इसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका ने 13वें ओवर में दो विकेट पर 73 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से अपने नाम कर लिया। पाकिस्तान के लिए नोमान अली ने दो बल्लेबाजों को आउट किया। रायन रिकलटन 25 रन बनाकर नाबाद रहे। एडन मारक्रम ने 42 रनों की पारी खेली। पाकिस्तान ने शान मसूद, सऊद शकील और अब्दुल्ला शफीक ने अर्द्धशतकीय पारियों की मदद से पहली पारी में 333 रनों का स्कोर बनाया था। उसके बाद मुथुसामी (89) और कगिसो रबाडा (71) की शानदार पारियों के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने 404 रनों का स्कोर खड़ा कर 71 रनों की बढ़त हासिल की।

### तीसरा टी–20 बारिश के चलते रद्द इंग्लैंड ने जीती सीरीज

**ऑकलैंड, वार्ता।** न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच तीसरा टी–20 मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। इसी के साथ क्राइस्टचर्च में दूसरे टी–20 मैच में जीत की बदौलत इंग्लैंड ने तीन मैचों की यह सीरीज 1–0 से अपने नाम कर ली। पहला टी–20 मैच भी बारिश की भेंट चढ़ गया था। यहां इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। खेल समय पर शुरू हुआ और टिम सीफर्ट ने पहली तीन गेंदों पर दो चौके लगाकर पारी की शुरुआत की, लेकिन बारिश ने पहली बार खेल में खलल डाला और डेढ़ घंटे की देरी हुई। इस देरी के कारण 14 ओवर प्रति टीम का खेल छोटा हो गया। इसी दौरान दूसरे ओवर में ब्रायडन कार्स ने टिम रॉबिन्सन (दो) को आउट किया।

# भारत को पुनः सीओपी 10 ब्यूरो का उपाध्यक्ष चुना गया




**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने पेरिस स्थित यूनेस्को मुख्यालय में 20–22 अक्टूबर 2025 तक आयोजित खेलों में डोपिग के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (सीओपी 10) के दसवें सत्र में सक्रिय रूप से भाग लिया। यह बैठक इस सम्मेलन की 20वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया, जो विश्व स्तर पर खेलों में डोपिग को समाप्त करने और अखंडता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध एकमात्र कानूनी रूप से बाध्यकारी अंतर्राष्ट्रीय साधन है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल में सचिव (खेल) हरि रंजन राव और राष्ट्रीय डोपिग रोधी एजेंसी (नाडा) के महानिदेशक अनंत कुमार शामिल थे। उन्होंने 190 से अधिक सदस्य देशों के प्रतिनिधियों के साथ–साथ अफ्रीकी संघ, अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति, विश्व डोपिग रोधी एजेंसी (वाडा) और अन्य अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। कार्यवाही के दौरान, भारत को 2025–2027 की अवधि के लिए एशिया–प्रशांत ब्यूरो (समूह ष्ट) का पुनघ उपाध्यक्ष चुना गया। अजरबैजान को सीओपी 10 ब्यूरो का अध्यक्ष चुना गया। ब्राजील, जाम्बिया और सऊदी अरब को भी अपने–अपने क्षेत्रीय समूहों के उपाध्यक्ष के रूप में चुना गया। भारत ने एंटी–डोपिग कन्वेंशन की यात्रा को प्रदर्शित करने वाले इंटरैक्टिव बोर्ड के प्रावधान की सुविधा प्रदान करके सीओपी 10 सत्र की कार्यवाही को भी अपना समर्थन दिया। बैठक में राष्ट्रीय सरकारों, डोपिग रोधी संगठनों और यूनेस्को के स्थायी प्रतिनिधिमंडलों के 500 से ज्यादा प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस सम्मेलन के तहत शासन और अनुपालन को मजबूत करने, खेलों में डोपिग उन्मूलन कोष के वित्तपोषण और जीन हेरफेर, पारंपरिक औषधि–सं.हता और खेलों में नैतिकता सहित उभरती चुनौतियों के समाधान पर चर्चा हुई। सीओपी 9 ब्यूरो और अनुमोदन समिति की रिपोर्ट में संस्थागत सुसंगतता, रणनीतिक संचार और अंतर–क्षेत्रीय एकीकरण पर जोर दिया गया।

# बाबर आजम और नसीम शाह की पाकिस्तान की टी–20 टीम में हुई वापसी



**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी घरेलू श्रृंखला और श्रीलंका तथा जिम्बाब्वे के साथ त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए 15 सदस्यीय अंतर्राष्ट्रीय टी–20 टीम में बाबर आजम, नसीम शाह और अब्दुल समद को वापस बुलाया है। टीम में अनकैप्ड उस्मान तारिक को भी जगह मिली हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों टी–20 श्रृंखला 28 अक्टूबर से एक नवंबर तक रावलपिडी और लाहौर में खेली जाएगी, जिसके बाद 17 से 29 नवंबर तक इन्हीं स्थानों पर त्रिकोणीय श्रृंखला होगी। बाबर और नसीम ने आखिरी बार 2024 के अंत में टी–20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले थे और हाल ही में हुए एशिया कप का हिस्सा नहीं थे। लेकिन उनकी वापसी से अगले साल चार महीने बाद होने वाले टी–20 विश्वकप में उनके चयन की संभावनाएं बढ़ गई हैं। फखर जमान और हारिस रऊफ, सूफियान मोकिम रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल हैं।

पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय टी–20 टीम इस प्रकार है: सलमान अली आगा (कप्तान), अब्दुल समद, अबरार अहमद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, हसन नवाज, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम जूनियर, मोहम्मद सलमान मिर्जा, नसीम शाह, साहिबजादा फरहान (विकेट कीपर), सैम अयूब, शाहीन शाह अफरीदी, उस्मान खान (विकेट कीपर) और उस्मान तारिक। इस बीच, पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका चार से आठ नवंबर तक फैसलाबाद में तीन एकदिवसीय मैच भी खेलेंगे। इसके बाद पाकिस्तान 11 से 15 नवंबर तक रावलपिडी में श्रीलंका के साथ एक और एकदिवसीय श्रृंखला की मेजबानी करेगा। एकदिवसीय मैचों के लिए, नए कप्तान शाहीन शाह अफरीदी 16 सदस्यीय टीम की कमान संभालेंगे, जिसमें फैसल अकरम, हारिस रऊफ और विकेटकीपर–बल्लेबाज हसीबुल्लाह की वापसी हुई है।

# रवींद्र जडेजा रणजी ट्रॉफी के अगले दौर में सौराष्ट्र के लिए खेलेंगे

**रणजी ट्रॉफी का दूसरा दौर 25 अक्टूबर से राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में शुरू होगा**

**मुम्बई, वार्ता।** भारतीय टीम के ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा शनिवार से शुरु हो रहे रणजी ट्रॉफी के अगले दौर में सौराष्ट्र के लिए खेलेंगे। सौराष्ट्र क्रिकेट संघ (एससीए) के एक अधिकारी ने क्रिकबज को बताया कि रवींद्र जडेजा के अगले मैच में खेलने की उम्मीद है। राणजी ट्रॉफी का दूसरा दौर 25 अक्टूबर से राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में शुरू होगा। पूर्व चैंपियन सौराष्ट्र अपने घरेलू मैदान पर से भिड़ेगी।

जडेजा को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गई भारत की एकदिवसीय टीम में नहीं चुना गया जडेजा ने सौराष्ट्र के लिए प्रथम श्रेणी मैच के लिए खुद को उपलब्ध बताया है ताकि वह अगले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए खुद को तैयार कर सकें। 36 वर्षीय जडेजा ने आखिरी बार पिछले सीजन में असम के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच खेला था।

उन्होंने उस सीजन में दो मैच खेले थे और दिल्ली के खिलाफ अपने ऑलराउंड प्रदर्शन के साथ प्लेयर ऑफ द मैच (38 रन, 66 रन पर पांच विकेट और 38 रन पर सात विकेट) बने थे। सौराष्ट्र के लिए कुल 47 रणजी मैचों में उन्होंने 57–60 की औसत से 3,456 रन बनाए हैं और 21–25 की औसत से 208 विकेट लिए हैं। सीजन के अपने पहले मैच में, सौराष्ट्र ने कर्नाटक को पहली पारी में मामूली बढ़त दिलाकर हराया था, जिसमें धर्मेंद्र जडेजा प्रमुख खिलाड़ी साबित हुए थे। बाएं हाथ के इस स्पिनर ने पहली पारी में 124 रन देकर 7 विकेट सहित कुल 10 विकेट लिए थे। सौराष्ट्र की कमान भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट के हाथों में है।



### विश्वजीत मोरे ने अंडर–23 सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में जीता कांस्य पदक

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के विश्वजीत मोरे ने 55 किला.ग्राम ग्रीको–रोमन वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए सर्बिया के नोवी साद में आयोजित अंडर–23 सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। कांस्य पदक के मुकाबले में, विश्वजीत ने असाधारण कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करते हुए कजाख पहलवान को 5–4 के करीबी स्कोर से हराकर चैंपियनशिप में भारत का पहला पदक सुनिश्चित किया। विश्वजीत ने अपने अभियान की शुरुआत क्वालीफिकेशन राउंड में एक रोमानियाई पहलवान पर शानदार जीत के साथ की और अगले राउंड में तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर अमेरिकी पहलवान को हराकर अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शुक्रवार, 24 अक्टूबर 2025

# मुलाकात पर विराम

22वें आसियान भारत शिखर सम्मेलन में जोकि 26 से 28 अक्टूबर तक मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में हो रहा है, उसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच होने वाली मुलाकात पर विराम गुरुवार को उस समय लग गया, जब पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से इस सम्मेलन में वर्चुअल माध्यम से शिरकत करने की जानकारी दी। इसके बाद भारतीय विदेश मंत्रालय ने भी एक वक्तव्य जारी कर कहा कि मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम के निमंत्रण पर पीएम मोदी 26 अक्टूबर को आसियान शिखर सम्मेलन में वर्चअुल माध्यम से भाग लेंगे। वक्तव्य में यह भी कहा गया कि पीएम मोदी और आसियान नेता संयुक्त रूप से आसियान भारत संबंधों में प्रगति की समीक्षा करेंगे तथा व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे। भारत का यह भी कहना है कि आसियान के साथ संबंधों को मजबूत करना उसकी नीति और हमारे हिन्द प्रशांत दृष्टिकोण का एक प्रमुख स्तंभ है। वक्तव्य में यह भी कहा गया कि भारतीय विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर 27 अक्टूबर को क्वालालंपुर में 20वें पूर्वी एशियाई शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी का प्रतिनिधित्व करेंगे। पीएम मोदी ने अपनी पोस्ट के माध्यम से कहा कि उनकी मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ बात हुई जिसमें उन्होंने आसियान की अध्यक्षता के लिए बधाई दी और आगामी सम्मेलन के लिए शुभकामनाएं दीं। मोदी की पोस्ट की प्रतिक्रिया में मलेशिया के पीएम ने एक पोस्ट में बताया कि भारतीय पीएम ने उन्हें फोन किया और व्यापार निवेश प्रौद्योगिकी, शिक्षा और क्षेत्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के मुद्दे पर चर्चा की और श्री मोदी ने उन्हें बताया कि वह शिखर सम्मेलन में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेंगे, क्योंकि भारत में इस समय त्योहार चल रहे हैं। असल में भारत-अमेरिका में व्यापार समझौतों को लेकर अभी तक कोई सहमति नहीं बन पाई है और यह कयास लगाए जा रहे थे कि आसियान शिखर सम्मेलन में ट्रम्प और मोदी के बीच मुलाकात के दौरान इसमें कोई प्रगति हो सकती है, लेकिन अब जबकि पीएम मोदी मलेशिया नहीं जा रहे हैं, तो दोनों के बीच मुलाकात की संभावना खत्म हो गई है। जाहिर है, राजनीतिक जानक.ार पीएम के इस सम्मेलन से वर्चुअल माध्यम से जुड़ने के पीछे अमेरिका और भारत के बीच पिछले कुछ समय से खट्टे मीठे रिश्ते चल रहे हैं। ट्रम्प पीएम मोदी को अपना अच्छा दोस्त भी बताते हैं, लेकिन साथ ही साथ ऐसी हरकतें करते हैं जिससे उनके सामने असहज स्थिति पैदा हो जाती है। भले ही मलेशिया न जाने के पीछे भारत में हो रहे त्योहार भी एक कारण रहा हो, लेकिन यह भी सच है कि भारत और अमेरिका के बीच इस समय रिश्ते नाजुक दौर से गुजर रहे हैं।

## गगनयान मिशन की तैयारियां तेज



भारत के महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन की तैयारियां तेजी से आगे बढ़ रही हैं, अब तक मिशन से जुड़ा लगभग 90 प्रतिशत विकास कार्य पूरा हो चुका है, गगनयान मिशन भारत का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन है और इसके लिए कई जटिल तकनीकों को विकसित करना पड़ा है, इस मिशन के लिए राकेट को मानव उड़ान के लिए उपयुक्त बनाना था, आर्बिटल माड्यूल तैयार करना था और पर्यावरण नियंत्रण व सुरक्षा प्रणाली विकसित करनी थी। इसके अलावा, क्रू एस्केप सिस्टम, पैराशूट सिस्टम और अन्य मानव-संबंधी तकनीकें भी बनानी पड़ीं, अब तीन बिना मानव वाले मिशनों को पूरा करना बाकी है। इन मिशनों के सफल होने के बाद ही अंतरिक्षयात्रियों को भेजा जाएगा।

**-वी. नारायणन, इसरो प्रमुख**

# जन नायक राहुल गांधी पटना कब जाएंगे





उर्मिलेश

चुनाव लड़ने वाली हर पार्टी चाहती है और चाहना चाहिए कि आगामी चुनाव में उसका प्रदर्शन पिछले चुनाव के मुक.ाबले बेहतर हो। इसके लिए समझदार नेतृत्व वाली पार्टियां पिछले चुनाव की अपनी कमजोरियों से सबक लेती हैं।

बिहार के विपक्षी गठबंधन में शामिल पार्टियों ने क्या अतीत की अपनी कमजोरी से कोई सबक लिया है या लेती नजर आ रही हैं ? पहले कांग्रेस की चर्चा करते हैं, वह देश की सबसे पुरानी और अनुभवी पार्टी है, वैचारिक रूप से आज वह राष्ट्रीय स्तर पर INDIA एलायंस का नेतृत्व भी कर रही है, लेकिन मेरे हिसाब से इस चुनाव में वह भारी गलतियां करती नजर आ रही है, अतीत से कोई सबक न लेने वाली पार्टियों में उसका रिकॉर्ड सबसे खराब है।

पिछले चुनाव (2020) में उसका स्ट्राइक रेट सबसे खराब था, गठबंधन में उसने अपने राष्ट्रीय पार्टी के दबदबे का इस्तेमाल किया और जिद करके 70 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए, लेकिन वह मात्र 19 सीट पर ही जीत सकी, राष्ट्रीय जनता दल ने 144 सीटों पर उम्मीदवार दिए थे, उसे 75 सीटों पर कामयाबी मिली। सीपीआई-माले को लड़ने के लिए गठबंधन ने सिर्फ 19 सीटें दीं उसने 12 पर जीत हासिल की, इस तरह स्ट्राइक रेट के हिसाब से सीपीआई-माले नंबर वन और राष्ट्रीय जनता दल दूसरे नंबर पर रहा, कांग्रेस फिसड्डी रही, उसके कम स्ट्राइक रेट को भी महागठबंधन की सरकार न बनने के कारणों में शुमार किया गया। ऐसे में कांग्रेस का यह कर्तव्य बनता था कि वह अपने संगठन की सक्रियता और उम्मीदवारों के चयन पर ज्यादा सजग रहती, लेकिन असलियत उसके उलट रही। बिहार में बीते काफी समय से कांग्रेस की कोई प्रांतीय कमेटी तक नहीं है, सिर्फ एक अध्यक्ष है और केंद्रीय संगठन से भेजा एक राज्य प्रभारी! यही दोनों पूरे बिहार कांग्रेस का संगठन चलाते हैं, दोनों में, ज्यादा असरदार राज्य प्रभारी है क्योंकि वह केंद्रीय नेतृत्व का दूत है।

ये दोनों मिलकर पूरे राज्य में विधिवत संगठन तो नहीं बना सके, 2025 चुनाव के लिए 34-40 अच्छे उम्मीदवार भी नहीं खोज सके, लेकिन लड रहे हैं 60 या 61 सीटों पर। पिछली बार की 70 संख्या से 10 नीचे उतरे हैं। मेरे हिसाब से कांग्रेस को 45-50 से ज्यादा सीटों पर नहीं लडना चाहिए था, बची हुई 10 सीटें वामपंथी दलों को दे देनी चाहिए थी। अपने संगठन और महागठबंधन के जनाधार के बल पर वे कांग्रेस के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन करते।राष्ट्रीय जनता दल को भी अपनी सूची से यादव समुदाय के 51 उम्मीदवारों की संख्या घटानी चाहिए थी और अति पिछड़े वर्ग EBC के प्रत्याशियों का प्रतिनिधित्व और बढ़ाना चाहिए था।

कांग्रेस ने जिस तरह की उम्मीदवार सूची जारी की है, वह सिर्फ महागठबंधन के लिए ही नहीं, स्वयं उसके लिए भी आत्मघाती साबित हो सकती है। अगर पांच साल बाद फिर ऐसे आत्मघात की पुनरावृत्ति से बचना है तो सिर्फ एक ही विकल्प है। जननायक राहुल गांधी अब और समय गंवाए बगैर बिहार जाकर कैम्प करें और हर दिन ज्यादा से ज्यादा चुनाव सभाएं करें। उन्हें एक और कदम उठाना होगा, चुनाव के दौरान अचानक कांग्रेस के स्वघोषित नेता बनकर अवतरित होने वाले कुछ बड़बोले नेताओं की ऊटपटांग बयानबाजी को भी वह नियंत्रित करें। अगर वह ऐसा नहीं कर पाए तो बिहार में कांग्रेस और महागठबंधन का बंटाधार अवश्यंभावी है।

बिहार के महागठबंधन में पिछले कुछ दिनों से जो कांग्रेस के तीन-चार लोगों ने चारों तरफ रायता फैला दिया था। इन नेताओं के टीम। लीडर थे अल्लाव। अब उलझे मसलों को सुलझाने के लिए कांग्रेस आलाकमान ने पार्टी के वरिष्ठ नेता और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को आज भेजा। उनकी लालू प्रसाद, तेजस्वी यादव और मंगनी मंडल आदि से बातचीत हुई। समझा जाता है कि कई उलझे मसलों को सुलझाया गया है। फैसलों की घोषणा कल महागठबंधन के सभी नेताओं की साझा प्रेस कांफ्रेंस में होगी। उलझे मसलों में एक है महागठबंधन के मुख्यमंत्री के चेहरे के तौर पर तेजस्वी यादव के नाम की घोषणा। यह घोषणा पहले ही हो गई होती, लेकिन कांग्रेस नेतृत्व इस पर अब तक हिचकिचाता रहा है। अल्लाव से राहुल गांधी तक, सभी नेता इस बारे में पूछे सवाल के जवाब में कुछ भी साफ-साफ कहने से इंकार करते आ रहे हैं। सच पूछिए तो कुछ सीटों पर हो रही फ्रेंडली कांटेस्ट जैसी यह कोई बड़ी समस्या नहीं है। गठबंधन में तेजस्वी के अलावा मुख्यमंत्री पद का कोई और दावेदार नहीं है। फिर कांग्रेस को इसे घोषित करने में क्या समस्या आ रही है। वह भी तब जबकि कांग्रेस को छोड़कर गठबंधन के सारे घटक दल तेजस्वी को ब्ड चेहरा बनाने के विचार से सहमत हैं। तो क्या माना जाए, हर काम-हर फैसला देर से करने वाली कांग्रेस कल पटना में आयोजित साझा प्रेस कांफ्रेंस में इस आशय की घोषणा करने के पक्ष में उतरेगी?

**बिहार के महागठबंधन में पिछले कुछ दिनों से जो कांग्रेस के तीन-चार लोगों ने चारों तरफ रायता फैला दिया था। इन नेताओं के टीम। लीडर थे अल्लाव। अब उलझे मसलों को सुलझाने के लिए कांग्रेस आलाकमान ने पार्टी के वरिष्ठ नेता और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को आज भेजा। उनकी लालू प्रसाद, तेजस्वी यादव और मंगनी मंडल आदि से बातचीत हुई। समझा जाता है कि कई उलझे मसलों को सुलझाया गया है। फैसलों की घोषणा कल महागठबंधन के सभी नेताओं की साझा प्रेस कांफ्रेंस में होगी। उलझे मसलों में एक है महागठबंधन के मुख्यमंत्री के चेहरे के तौर पर तेजस्वी यादव के नाम की घोषणा। यह घोषणा पहले ही हो गई होती, लेकिन कांग्रेस नेतृत्व इस पर अब तक हिचकिचाता रहा है। अल्लाव से राहुल गांधी तक, सभी नेता इस बारे में पूछे सवाल के जवाब में कुछ भी साफ-साफ कहने से इंकार करते आ रहे हैं। सच पूछिए तो कुछ सीटों पर हो रही फ्रेंडली कांटेस्ट जैसी यह कोई बड़ी समस्या नहीं है। गठबंधन में तेजस्वी के अलावा मुख्यमंत्री पद का कोई और दावेदार नहीं है।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# राहुल की इमरतियां बिहार को डरा तो नहीं रहीं

**देश देखना यह चाहता है कि 14 नवम्बर के ऐतिहासिक दिन को राहुल इंडिया ब्लॉक के लिए इमरतियों का स्वाद चखने जैसा रख पाते हैं या नहीं ? देश इस बात पर आपा नहीं खोना चाहेगा कि नतीजों की घोषणा के साथ ही राहुल गांधी फिर किसी लंबी छुट्टी पर विदेश रवाना हो गए हैं। बिहार में चुनाव लड़ रहे प्रमुख राजनीतिक दलों को अपनी हार के कारणों की समीक्षा बजाय 14 नवम्बर को नतीजे प्राप्त होने के बाद करने के कमिटियां बनाकर अभी से प्रारंभ कर देना चाहिए। निश्चित ही निष्कर्ष वैसे ही प्राप्त होंगे जैसे नतीजों की घोषणा के बाद होने वाले होंगे।**



श्रवण गर्ग

बिहार चुनावों को लेकर विपक्षी महागठबंधन के विभिन्न घटकों के बीच चल रही तनातनी और उसमें कांग्रेस की भूमिका ने उन तमाम लोगों के मन में सवाल खड़े कर दिए हैं जिन्होंने बीजेपी और संघ की नीतियों के खिलाफ लड़ाई में अपने भाग्य को राहुल गांधी के नेतृत्व के साथ नत्थी कर रखा है। भय उत्पन्न होने लगा है कि राहुल की लड़ाई के प्रति दिए जा रहे समर्थन को क्या चुनाव-नतीजों की घोषणा तक अस्थाई कर दिया जाना चाहिए?

मोदी के सत्ता में आने के बाद पिछले 11 सालों के दौरान चले घटनाक्रम, विशेषकर 2019 के लोकसभा चुनावों के बाद, कांग्रेस कई बार सिद्ध कर चुकी है कि उसने जनता को निराश करने की अपार क्षमताएं अर्जित कर ली हैं। सीटों के बंटवारे को लेकर महागठबंधन के सहयोगी दलों के बीच प्रकट हुआ तनाव कोई अपवाद नहीं बल्कि उसके विफल होने की दिशा में एक और प्रयोग दिखाई पड़ रहा है। कहना मुश्किल है कि विपक्ष की सफलता का रहस्य मतदान के ठीक पहले अपेक्षित राहुल के किसी विस्फोटक चमत्कार में छुपा हुआ है या इन उम्मीदों में कि प्रशांत किशोर द्वारा खड़े किए गए 240 उम्मीदवार एनडीए के वोट बैंक में निर्णायक सैंध लगा सकते हैं। ऐसी किसी भी परिस्थिति के नायक तब प्रशांत किशोर माने जाएंगे राहुल गांधी नहीं। राहुल गांधी द्वारा किए जाने वाले 'हाइड्रोजन बम' विस्फोट की प्रतीक्षा अभी खघ्त्म नहीं हुई है। उसका बिहार में कम और देश-दुनिया में ज्यादा इंतजार हो रहा है। इसमें यह भी शामिल है कि 'खोदा पहाड़, निकली चुहिया' वाली स्थिति में सफाई क्या दी जाएगी?

जिस तरह की खबरें बिहार से बाहर निकलकर देश के हिस्सों में पहुंच रही हैं डराती हैं कि विपक्ष की जो लड़ाई संविधान और वोटर अधिकारों की रक्षा को लेकर प्रारंभ हुई थी वह किस तरह देखते ही देखते किसी भी कीमत पर सत्ता में हिस्सेदारी प्राप्त करने के कुर्ता फाड़ संघर्ष में तब्दील हो गई। इसी बीच अपने ही द्वारा खड़े किए गए महत्वाकांक्षी परिदृश्य से राहुल गांधी ने स्वयं को चुपचाप अनुपस्थित भी कर लिया। महागठबंधन का सर्वमान्य नेता इस समय कौन है खबरों को पता नहीं ! राहुल गांधी द्वारा पार्टी के दूसरे हिन्दी-भाषी राज्यों में व्याप्त असंतोष और पराजय के लिए दोषी ठहराए जा चुके सेनापतियों को ही बिहार की आग बुझाने के काम में झोंका गया है।

बिहार चुनावों के जरिए राहुल गांधी जो सिद्ध करना चाह रहे थे वह महागठबंधन के घटक दलों की आपसी नाराजगी के बीच लगभग गुम हो चुका है। जो नजर आ रहा है वह सिर्फ यह है कि बीजेपी ने किसी भी कघीमत पर बिहार को खघ्रीदने के लिए समस्त उपलब्ध संसाधनों और संस्थाओं को झोंक दिया है ! थोड़े शब्दों में बड़ी बात कहना हो तो बिहार विजय के जरिए मोदी राहुल गांधी नहीं बल्कि अमेरिकी राष्ट्रपति के समक्ष देश पर अपनी पकड़ और जनता के समर्थन का प्रदर्शन करना चाहते हैं। ऐसा इसलिए कि विधानसभा चुनावों में एनडीए की हार को नीतीश सरकार के खिलाफ बिहार की जनता का वोट नहीं बल्कि मोदी की हुकूमत के प्रति देश का अविश्वास माना जाएगा। सत्तारूढ़ दल की सां.प्रदायिक और विभाजनकारी नीतियों का विरोध करने वाले तमाम लोग बिहार में महागठबंधन की विजय की यही मानते हुए प्रतीक्षा कर रहे हैं कि परिणाम उस 'इंडिया ब्लॉक' को राष्ट्रीय स्तर पर पुनर्जीवित करेंगे जिसे बीजेपी के मार्गदर्शन में ध्वस्त करने में प्रमुख भूमिका नीतीश कुमार की रही है। चुनाव के नतीजे उन लाखों-करोड़ों लोगों के मनोबल को मजबूत या कमजोर करने वाले हैं जिन्होंने अपने संवैधानिक अस्तित्व को बिहार से बीजेपी और राजनीति से नीतिश कुमार की विदाई के साथ जोड़ रखा है। मीडिया अभी तो यही दिखला रहा है कि बिहार में महागठबंधन की लड़ाई अकेले तेजस्वी लड़ रहे हैं और राहुल पुरानी दिल्ली के चांदनी चौक में 'घंटेवाला स्वीट्स' के यहां इमरतियां तल रहे हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# संयुक्त राष्ट्र की प्रासंगिकता पर उठते सवाल



योगेश कुमार गोयल

वर्ष 1945 में दुनिया के 50 देशों ने मिलकर संयुक्त राष्ट्र अधिकार पत्र पर हस्ताक्षर कर संयुक्त राष्ट्र संघ का गठन किया था, जिसके बाद से प्रतिवर्ष 24 अक्तूबर को संयुक्त राष्ट्र दिवस मनाया जाता है। दरअसल द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था को अधिक समतापूर्ण और न्यायोचित बनाने के लिए एक नए संगठन की स्थापना का विचार उभरा था, जो पांच राष्ट्रमंडल सदस्यों तथा आठ यूरोपीय निर्वासित सरकारों द्वारा 12 जून 1941 को लंदन में हस्ताक्षरित अंतर-मैत्री उद्घोषणा में पहली बार सार्वजनिक रूप से अभिव्यक्त हुआ था। उस उद्घोषणा के अंतर्गत एक स्वतंत्र विश्व के निर्माण हेतु कार्य करने का आव्हान किया गया था, जिसमें लोग शांति और सुरक्षा के साथ भयमुक्त वातावरण में रह सकें तथा निजीकरण एवं आर्थिक सहयोग के मार्ग की खोज कर सकें। उसके बाद 1944 में सोवियत संघ, अमेरिका, चीन तथा ब्रिटेन के प्रतिनिधियों द्वारा वाशिंगटन के डम्बर्टन ओक्स एस्टेट में कई बैठकों के आयोजन के बाद एक शांतिरक्षक वैश्विक संस्था बनाने की रूपरेखा तैयार की गई, जिसके आधार पर 50 देशों के प्रतिनिधियों के बीच 1945 में बातचीत हुई और 26 जून 1945 को सभी 50 देशों द्वारा चार्टर पर हस्ताक्षर किए जाने के बाद यह चार्टर 24 अक्तूबर 1945 से प्रभावी हो गया। तभी से प्रतिवर्ष 24 अक्तूबर को 'संयुक्त राष्ट्र दिवस' मनाया जाने लगा।

अंतर्राष्ट्रीय संघर्षों में हस्तक्षेप करने के उद्देश्य से स्थापित करते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ को इतनी शक्तियां प्रदान की गई कि वह अपने सदस्य देशों की सेनाओं को विश्व शांति के लिए कहीं भी तैनात कर सकता है। संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के बाद से ही दुनिया के अनेक देश इसके साथ जुड़ते गए और 50 सदस्यों के साथ शुरू हुए इस वैश्विक संघ के सदस्य देशों की संख्या अब 193 हो चुकी है। संयुक्त राष्ट्र की संरचना में सुरक्षा परिषद वाले सबसे शक्तिशाली देश थे अमेरिका, फ्रांस, रूस तथा यूनाइटेड किंगडम, जिनकी द्वितीय विश्वयुद्ध में अहम भूमिका थी। संयुक्त राष्ट्र संघ के मुख्य उद्देश्यों में युद्ध रोकना, मानवाधिकारों की रक्षा करना, सभी देशों के बीच मित्रवत संबंध कायम करना, अंतर्राष्ट्रीय कानूनों को निभाने की प्रक्रिया जुटाना, सामाजिक एवं आर्थिक विकास, निर्धन तथा भूखे लोगों की सहायता करना, उनका जीवन स्तर सुधारना, बीमा.रियों से लड़ना इत्यादि शामिल हैं और इन उद्देश्यों को निभाने के लिए 1948 में मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा प्रमाणित की गई।

हालांकि विडम्बना है कि संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के इन 80 वर्षों में यह वैश्विक संस्था अब धीरे-धीरे अपनी प्रासंगिकता खोने लगी है। दरअसल बीते 80 वर्षों से अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, अर्थव्यवस्था, हथियार, मीडिया, समाज, मुद्रा तथा समाज से संबंधित तमाम नीतियां इसके पांच स्थाई सदस्य देशों ब्रिटेन, अमेरिका, चीन, रूस तथा फ्रांस के राष्ट्रीय हितों के अनुरूप ही निर्धारित की जाती रही हैं, जिस कारण ऐसी नीतियों का खामियाजा भारत के अलावा जापान, जर्मनी, आस्ट्रेलिया, इजरायल, दक्षिण कोरिया, ब्राजील, सऊदी



अरब, संयुक्त अरब अमीरात जैसे कई अन्य देशों को भुगतना पड़ा है, जो संयुक्त राष्ट्र महासभा की स्थाई सदस्यता के लिए तमाम मानदंडों को पूरा करने के बाद भी दशकों से सुरक्षा परिषद के स्थाई सदस्य बनने के लिए प्रयासरत हैं।

संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के आठ दशकों में विश्व के सामरिक और आर्थिक समीकरण पूरी तरह बदल चुके हैं लेकिन इतना लंबा समय बीत जाने और तमाम वैश्विक समीकरण पूर्ण रूप से बदल जाने के बावजूद वीटो अधिकार वाले पांचों स्थाई सदस्यों में से कोई भी अपने वीटो अधिकार और स्थाई सीट को छोड़ने को तैयार नहीं है। हालांकि स्थाई सदस्यों की संख्या बढ़ाने पर संयुक्त राष्ट्र में आम सहमति है लेकिन चीन को खासकर एशिया से वीटो अधिकार वाले सदस्यों की संख्या बढ़ाना किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं है, जहां स्थाई सदस्यता के दोनों दावेदारों (भारत और जापान) पर वह विभिन्न कारणों से संदेह करता है। भारत ने जिस चीन को मान्यता देने में पहल की थी और सुरक्षा परिषद में उसकी स्थाई सीट को सिद्धांत के तौर पर लेने से मना कर दिया था, आज वही चीन भारत की स्थाई सदस्यता के मार्ग में रोड़े अटका रहा है। भारत चीन के वीटो पावर के कारण ही सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य नहीं बन पा रहा है।

संयुक्त राष्ट्र संघ की सबसे बड़ी कमजोरी यही है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा पारित किए जाने वाले प्रस्ताव बाध्यकारी प्रकृति के नहीं होते। आश्चर्य की बात है कि महासभा में 193 सदस्य देशों द्वारा पारित किए जाने वाले प्रस्ताव भी सुरक्षा परिषद के 5 स्थाई सदस्यों की सहमति पर ही निर्भर करते हैं। इसीलिए अनेक देशों द्वारा इसमें सुधार किए जाने की मांग बीते कई वर्षों से निरंतर की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थाई सदस्यता के लिए भारत की दावेदारी की वकालत करते हुए कह चुके हैं कि नई ताकतों को केन्द्रीय भूमिका में लाए बिना दुनिया की यह सबसे बड़ी पंचायत स्वयं से की जाने वाली अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतर पाएगी। दुनिया के कई देश बार-बार कहते रहे हैं कि संयुक्त राष्ट्र का ढ़ांचा अब पुराना पड़ चुका है और इसकी स्थापना के समय जो परिस्थितियां थी, वे अब बहुत पुरानी हो चुकी हैं। इसलिए यदि यह वैश्विक संस्था अपने भीतर समयानुकूल सुधार नहीं लाती है तो कालांतर में यह महत्वहीन होती चली जाएगी।

रूस-यूक्रेन युद्ध हो या इजरायल-फलस्तीन, इन संघर्षों में दोनों ही पक्षों के हजारों बेगुनाह लोग मारे जा रहे हैं, हजारों परिवार उजड़ चुके हैं, लाखों की आबादी पलायन की त्रासदी से जूझ रही है, शहर के शहर मलबे में तब्दील हो रहे हैं लेकिन संयुक्त राष्ट्र संघ इन संघर्षों को रोकने के लिए कुछ नहीं कर सका है। इसीलिए दुनिया में जगह-जगह युद्ध टालने के लिए संयुक्त राष्ट्र की ओर से ठोस योजनाओं पर अमल किए जाने की जरूरत महसूस होती रही है क्योंकि इस वैश्विक संस्था का गठन ही दुनिया में अमन-चौन कायम रखने के उद्देश्य के साथ किया गया था, लेकिन चिंता की बात है कि इन युद्धों में उसकी निष्क्रियता समूची मानव सभ्यता पर भारी पड़ रही है। भीषण होते इन युद्धों के कारण दुनिया अब दो धड़ों में बंटती जा रही है और संयुक्त राष्ट्र के अधिकांश सदस्य देश भी अब केवल बयान जारी करने से आगे नहीं बढ़ रहे। बहरहाल, यदि अभी भी संयुक्त राष्ट्र के पुनर्गठन की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ती है तो यह संस्था आने वाले समय में अपना महत्व खो देगी। सही मायनों में दुनिया की इस सबसे बड़ी पंचायत को अब गंभीर आत्ममंथन की जरूरत के साथ पर्याप्त सुधारों की सख्त दरकार है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### ऑस्ट्रेलिया में दो लोग समुद्र में डूबे

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया प्रांत में बुधवार को आई तेज आंधी के दौरान दक्षिण-पूर्वी मेलबर्न में दो लोगों की समुद्र में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि दोनों व्यक्तियों में से एक ब्रिटिश नागरिक था, जो विषम परिस्थितियों में सर्फिंग कर रहा था और दूसरा उसका दोस्त था, जिसने उसे बचाने की कोशिश भी की। विक्टोरिया पुलिस ने एक बयान में कहा कि बुधवार अपराह्न मध्य मेलबर्न से 38 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में फ्रैंकस्टन बीच पर पानी में दो व्यक्तियों के फंसने की सूचना पर आपातकालीन सेवा कर्मियों को बुलाया गया था। पुलिस के एक हेलीकॉप्टर से देखने पर दोनों व्यक्तियों को पानी में बेहो.श पाया गया।

### रूस के चेल्याबिस्क में विस्फोट, मरने वालों की संख्या नौ हुई

**मास्को।** रूस के चेल्याबिस्क क्षेत्र में एक फैक्ट्री में हुए विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है, जबकि पांच अन्य घायल हुए हैं। क्षेत्रीय गवर्नर अलेक्सी टेक्सलर ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने टेलीग्राम पर बताया कि विस्फोट एक संयंत्र में हुआ। फिलहाल इस बात की पुष्टि नहीं हुई है कि यह एक ड्रोन हमला है। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि विस्फोट सुरक्षा नियमों के उल्लंघन के कारण हुआ।

### वेनेजुएला में विमान दुर्घटना में दो लोगों की मौत

**काराकस।** पश्चिमी वेनेजुएला में ताचिरा के पैरामिलो हवाई अड्डे पर बुधवार को एक छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से दो लोगों की मौत हो गई। राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संस्थान (आईएनएसी) यह जानकारी दी है। आईएनएसी ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया कि संबंधित प्रोटोकॉल तुरंत सक्रिय कर दिए गए और हवाई अड्डे के विमानन अग्निशामकों ने दुर्घटना पर तुरंत कार्रवाई की। एजेंसी ने बताया कि दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

### रूस के व्यावसायिक प्रतिष्ठान में विस्फोट चार लोगों की मौत

**मास्को।** रूस में चेल्याबिस्क क्षेत्र के कोपेयस्क शहर स्थित एक व्यावसायिक प्रतिष्ठान में विस्फोट होने के कारण चार लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हुए हैं। स्थानीय अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। क्षेत्रीय गवर्नर एलेक्सी टेक्सलर ने कहा कि फिलहाल इस बात की पुष्टि नहीं हुई है कि यह ड्रोन हमला है। इससे पहले उन्होंने कहा था कि सभी आपातकालीन सेवाएं घटनास्थल पर पहुंच गई हैं और एक कमान सेंटर स्थापित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि शहर के निवासियों या नागरिक संपत्ति को कोई खतरा नहीं है।

# भारत रूसी तेल खरीदना दिसम्बर तक बंद करेगा: ट्रम्प

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक हफ्ते में पांचवीं बार रूसी तेल खरीद का मुद्दा उठाया



जैसा कि आप जानते हैं, भारत ने मुझसे कहा कि वे इसे रोक देंगे, यह एक प्रक्रिया है, आप इसे तुरंत नहीं रोक सकते: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने फिर दावा किया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें व्यक्तिगत तौर पर आश्वासन दिया है कि भारत इस वर्ष के अंत तक रूसी तेल आयात को 'तेजी से कम' करेगा। नाटो महासचिव मार्क रटे के साथ व्हाइट हाउस में बोलते हुए, राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि भारत वर्तमान में अपनी कच्चे तेल की जरूरत का लगभग 40 प्रतिशत रूस से प्राप्त करता है, लेकिन उनकी योजना आने वाले महीनों में इसे धीरे-धीरे समाप्त करने की है। राष्ट्रपति ने कहा कि जैसा कि आप जानते हैं, भारत ने मुझसे कहा कि वे इसे रोक देंगे। यह एक प्रक्रिया है, आप इसे तुरंत नहीं रोक सकते।

लेकिन साल के अंत तक, यह लगभग शून्य हो जाएगा। यह एक बड़ी बात है। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि यह कमी धीरे-धीरे होगी ताकि वैश्विक बाजार स्थिर रहे। भारत का रूख बहुत अच्छा रहा है। मैंने कल प्रधानमंत्री मोदी से बात की, और वे पूरी तरह से शानदार रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प की टिप्पणी कुछ दिनों बाद आई है, जब उन्होंने दावा किया था कि प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें आश्वासन दिया था कि नई दिल्ली रूसी तेल की खरीद बंद कर देगा। उन्होंने भारत की ऊर्जा नीति को संभावित अमेरिकी टैरिफ से भी जोड़ा, चेतावनी दी कि भारतीय सामानों पर उच्च आयात शुल्क तब तक लागू रहेंगे जब तक देश मॉस्को से तेल खरीदना बंद नहीं करता। ट्रम्प ने इससे पहले एयर फोर्स वन पर बातचीत के दौरान कहा था कि अगर वे ऐसा कहना चाहते हैं, तो उन्हें भारी आयात शुल्क का भुगतान जारी रखना होगा-और वे ऐसा नहीं करना चाहते। अमेरिका ने पहले ही कुछ भारतीय आयातों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है, जिनमें से 25 प्रतिशत नई दिल्ली के रूसी कच्चे तेल आयात के कारण है। अमेरिकी नेता ने कहा कि वह चीन के रूसी ऊर्जा और तेल व्यापार के बारे में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से चर्चा करने की योजना बना रहे हैं, ताकि मॉस्को पर शांति समझौते के लिए बातचीत करने का दबाव डाला जा सके। ट्रम्प ने अपने पूर्ववर्तियों, जो बाइडन और बराक ओबामा की भी आलोचना की, उनकी नीतियों को चीन और रूस को करीब लाने के लिए जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि चीन थोड़ा अलग है। उनका रूस के साथ थोड़ा अलग रिश्ता है। यह कभी अच्छा नहीं था, लेकिन बाइडन और ओबामा की वजह से, उन्हें एक साथ मजबूर किया गया। उन्हें कभी एक साथ नहीं होना चाहिए था-वे (चीन-रूस) दोस्ताना नहीं हो सकते-मुझे उम्मीद है कि वे दोस्ताना हैं, लेकिन वे नहीं हो सकते।

### अमेरिका ने रूस की सबसे बड़ी तेल कंपनियों पर लगाया प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस की दो सबसे बड़ी तेल कंपनियों रोसनेफ्ट और लुकोइल पर नए प्रतिबंधों की घोषणा की है। इन प्रतिबंधों का उद्देश्य मास्को पर यूक्रेन में चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए दबाव बनाना है। अमेरिका का यह कदम महीनों से अटकी कूटनीति और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के रूख से बढ़ती निराशा के बाद उठाया गया है। ट्रम्प ने नाटो महासचिव मार्क रूट की मेजबानी करते हुए व्हाइट हाउस में पत्रकारों को बताया कि आज एक बहुत बड़ा दिन है। देखिए, ये बहुत बड़े प्रतिबंध हैं। ये उसकी दो बड़ी तेल कंपनियों के खिलाफ हैं। हमें उम्मीद है कि युद्ध अब समाप्त हो जाएगा। हमने अभी-अभी विभिन्न प्रकार की मिसाइलों और अन्य सभी चीजों के बारे में बात की है जिन पर हम विचार कर रहे हैं। लेकिन हमें नहीं लगता कि इसकी जरूरत होगी। अमेरिकी वित्त विभाग ने भी उन पर प्रतिबंध लगाए हैं जो अमे.रिका में रोसनेफ्ट और लुकोइल की संपत्तियों को जब्त कर लेंगे।



मथूरा। 'भाई दूज' के अवसर पर यमुना नदी में डुबकी लगाते हुए श्रद्धालु।

### जॉर्डन ने गाजा से बीमार बच्चों के 13वें जत्थे को निकाला

**अम्मान।** जॉर्डन के सशस्त्र बलों (जेएएफ) ने बुधवार को 'जॉर्डन चिकित्सा गलियारे' पहल के तहत गाजा पट्टी से बीमार बच्चों के 13वें जत्थे को निकाला। जेएएफ ने बताया कि इस जत्थे में 12 मरीज और 38 उनके साथी शामिल हैं। बीमार लोगों को जॉर्डन के स्वास्थ्य मंत्रालय और विश्व स्वास्थ्य संगठन के समन्वय में जॉर्डन के अस्पतालों में इलाज किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य फलस्तीनियों का समर्थन करना और उनकी मानवीय पीड़ा को कम करना है। जॉर्डन ने मार्च में इसकी शुरुआत के बाद से गाजा से 799 लोगों को गाजा पट्टी से निकाला है, जिनमें 232 मरीज और 567 उनके साथी शामिल हैं।

### अमेरिकी सेना में सिखों के लिए दाढ़ी की नीति पर पुनर्विचार की अपील

नई नीति से अमेरिकी सेना में कार्यरत सिख सैनिक चिंतित हैं

**वाशिंगटन।** एक अमेरिकी सांसद ने युद्ध मंत्री पीट हेगसेथ को पत्र लिखा है, जिसमें अमे.रिकी सेना के सैनिकों के लिए जारी की गई दाढ़ी संबंधी नीति पर पुनर्विचार की अपील की गई है। दरअसल नई नीति से अमे.रिकी सेना में कार्यरत सिख सैनिक चिंतित हैं।

नई नीति के तहत सभी अमेरिकी सैनिकों को दाढ़ी काटना अनिवार्य कर दिया गया है। अमेरिकी सांसद थामस सुओजी ने पीट हेगसेथ को लिखे पत्र में सिख समुदाय की चिंताओं को उजागर करते हुए इस बात पर जोर दिया कि सिख धर्म में बिना कटे बाल और दाढ़ी रखना, उनके धर्म का मूल सिद्धांत है। युद्ध मंत्री पीट हेगसेथ को लिखे एक पत्र में सांसद थामस सुओजी ने इस बात पर जोर दिया कि सिख पीढ़ियों से अमेरिकी सैनिकों के साथ लड़ते आ रहे हैं, जिनमें प्रथम विश्व युद्ध और द्वितीय विश्व युद्ध दोनों शामिल हैं। अमेरिकी प्रतिनिधि ने कहा कि सिखों के लिए, अपने देश की सेवा करना एक पवित्र कर्तव्य है, यह संत-सिपाही (संत-सैनिक) के आदर्श का प्रतीक है जो आस्था और सेवा का मिश्रण है। सिख धर्म में अनुयायियों से ईश्वर के प्रति भक्ति और समानता के प्रतीक के रूप में बाल और दाढ़ी नहीं काटने की अपेक्षा की जाती है।

### ईयू ने भी दिया पुतिन को झटका छद्म तेल पर लगाया बैन

**ब्रूसेल्स।** रूस पर यूक्रेन युद्ध रोकने के लिए दबाव बढ़ता ही जा रहा है। अमेरिका के ट्रम्प प्रशासन द्वारा रूस की दो बड़ी तेल कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने के एक दिन बाद यूरोपीय संघ ने भी रूस के छद्म तेल बेड़े पर प्रतिबंध लगा दिया है।

साथ ही यूरोपीय संघ ने रूस से होने वाले एलएनजी आयात पर भी नए प्रतिबंध लगा दिए हैं। गुरुवार को डेनमार्क के यूरोपीय संघ के अध्यक्ष और विदेश मंत्री लार्स लोके रासमुसेन ने नए प्रति.बंधों की घोषणा की। डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोके रासम.सेन ने ब्रूसेल्स में यूरोपीय संघ के नेताओं के शिखर सम्मेलन के दौरान रूस पर लगे प्रतिबंधों का एलान करते हुए कहा कि आज यूरोप और यूक्रेन के लिए एक अच्छा दिन है। 27 देशों वाले यूरोपीय संघ के भीतर रूसी राजनयिकों की आवाजाही को सीमित करने पर भी सम्मेलन में सहमति बनी। नए प्रतिबंधों का उद्देश्य रूस के तेल उद्योग पर दबाव बनाना और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को बातचीत की मेज पर लाना है। अमेरिका का मानना है कि रूस के तेल उद्योग ही यूक्रेन के खिलाफ युद्ध को वित्तपोषण दे रहा है। यही वजह है कि अब अमेरिका और पश्चिम के देश रूस की इसी ताकत पर प्रहार कर रहे हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते अमे.रिका और पश्चिमी देशों ने रूस पर कई तरह के आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए हैं।

### तंजानिया में आम चुनाव से पहले शीर्ष विपक्षी नेता गिरफ्तार

**दार एस सलाम।** तंजानिया में अगले हफ्ते होने वाले आम चुनाव से पहले मुख्य विपक्षी पार्टी के एक वरिष्ठ नेता को गिरफ्तार कर लिया गया है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार चाडेमा के उपाध्यक्ष जॉन हेचे को पार्टी नेता टुंडू लिस्सु के राजद्रोह के मुकदमे में शामिल होने की कोशिश करते समय हिरासत में लिया गया। चाडेमा ने एक बयान में आरोप लगाया कि सरकार 'वरिष्ठ पार्टी नेताओं को गिरफ्तार करने और उन्हें चुनाव खत्म होने तक हिरासत में रखने' की योजना बना रही है।चुनाव 29 अक्टूबर को होंगे। सरकार ने इस आरोप पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

# वेनेजुएला की अमेरिका को चेतावनी

## 5000 रूसी मिसाइलें तैनात की, राष्ट्रपति बोले: साम्राज्यवादी खतरे का जवाब देंगे



मातृभूमि के हर इंच के लिए लड़ेंगे

**काराकास।** वेनेजुएला के राष्ट्रपति निक.ोलस मादुरो ने बुधवार को एक टीवी प्रोग्राम में कहा कि उनके देश ने अमेरिकी खतरे से निपटने के लिए रूस से मिली 5000 इग्ला-एस मिसाइलें तैनात की हैं। मादुरो ने कहा-हमारे पास 5000 मिसाइलें हैं, जो देश की शांति और आजादी की रक्षा करेंगी।

ये मिसाइलें हवा में कम दूरी के हमलों को रोकने के लिए तैनात की गई हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ये हथियार किसी भी साम्राज्यवादी खतरे का जवाब देने के लिए हैं और वेनेजुएला की सेना अपनी मातृभूमि की एक-एक इंच जमीन की रक्षा के लिए तैयार है। अमेरिका लंबे समय से मादुरो के खिलाफ है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने वेनेजुएला के समुद्री तट के पास कुछ नौसैनिक जहाज भेजे हैं, जिन्हें अमे.रिका ने ड्रग्स के खिलाफ आपरेशन बताया है। अमेरिका ने पिछले कुछ वक्त में वेनेजुएला की कुछ नावों को तबाह भी कर दिया है। उसका आरोप है कि ये नावें ड्रग्स ले जा रही थीं। हालांकि वेनेजुएला ने इन आरोपों को गलत बताया है। वेनेजुएला का कहना है कि अमे.रिका का यह आपरेशन उसकी आजादी पर हमला है। पिछले महीने वेनेजुएला की बोट पर अमेरिकी हमले का फुटेज। इस हमले में 3 लोग मारे गए थे। अमेरिका ने मादुरो पर 7 अगस्त को 50 मिलियन डॉलर, यानी करीब 420 करोड़ रुपये का इनाम रखा था। इसके अलावा उनसे जुड़े 700 मिलियन डॉलर से अधिक की संपत्ति भी जब्त की गई है। इसमें दो प्राइवेट जेट भी शामिल हैं। ट्रम्प प्रशासन का आरोप है कि मादुरो ड्रग तस्कर हैं और ड्रग कार्टेल के साथ मिलकर अमेरिका में फेंटानाइल मिला कोकीन भेज रहे हैं। अमे.रिकी अधिकारियों का कहना है कि मादुरो के पास 7 टन कोकीन है, जिसे वे अमेरिका भेजने की तैयारी कर रहे हैं। मदुरो पर 2020 में मैनहैटन की संघीय अदालत में नार्को-टेररिज्म और कोकीन तस्करी की साजिश के आरोप तय किए गए थे। उस समय ट्रम्प प्रशासन ने उनकी गिरफ्तारी पर 1.5 करोड़ डॉलर का इनाम रखा था। इसे बाद में बाइडेन प्रशासन ने बढ़ाकर 2.5 करोड़ डॉलर कर दिया। इतना इनाम अमेरिका ने 9/11 हमलों के बाद ओसामा बिन लादेन की गिरफ्तारी पर रखा था।

# शेख सालेह बिन फौजान बने सऊदी अरब के नए ग्रैंड मुफ्ती



90 वर्षीय शेख सालेह बिन फौजान की नियुक्ति सऊदी के शाह सलमान के बेटे और युवराज मोहम्मद बिन सलमान की सिफारिश पर की गई

**रियाद।** सऊदी अरब सरकार ने बुधवार देर रात अति-रूढ़िवादी इस्लामिक विद्वान 'शेख सालेह बिन फौजान अल फौजान' को देश का नया ग्रैंड मुफ्ती नियुक्ति करने का एलान किया।

90 वर्षीय शेख सालेह बिन फौजान की नियुक्ति सऊदी के शाह सलमान के बेटे और युवराज मोहम्मद बिन सलमान की सिफारिश पर की गई है। शेख सालेह का जन्म कथित तौर पर 28 सितम्बर, 1935 को सऊदी अरब के अल-कासिम प्रांत में हुआ था। अपने पिता की मृत्यु के बाद उन्होंने एक स्थानीय इमाम से कुरान की शिक्षा ली। उन्होंने नूर अला अल-दरब या 'रास्ता रोशन करो' रेडियो शो को लंबे समय तक संबोधित किया। साथ ही कई किताबें भी लिखीं। उनके फतवे या धार्मिक आदेश सोशल मीडिया पर भी साझा किए गए हैं। शेख सालेह को अपने कुछ बयानों के लिए पश्चिमी मीडिया में आलोचना का सामना भी करना पड़ा है। सऊदी अरब के ग्रैंड मुफ्ती सुन्नी मुसलमानों की दुनिया के शीर्ष इस्लामी मौलवियों में से एक हैं। ह्यूमन राइट्स वाच ने 2017 में बताया था कि जब शेख सालेह से पूछा गया कि क्या सुन्नी मुसलमानों को शियाओं को अपना भाई मानना चाहिए, तो उन्होंने चौंकाने वाला जवाब देते हुए कहा था कि वे शैतान के भाई हैं। उन्होंने कहा कि शिया, ईश्वर उनके पैगंबर और मुसलमानों के बारे में झूठ बोलते हैं। सऊदी अरब और ईरान के बीच राजनी.तिक तनाव का इतिहास है और सऊदी अरब के धार्मिक नेताओं के द्वारा शियाओं के बारे में ऐसी टिप्पणियां आम हैं। साल 2003 में शेख सालेह ने अपने एक बयान में कहा था कि गुलामी इस्लाम का एक हिस्सा है। गुलामी, जिहाद का हिस्सा है, और जब तक इस्लाम है, जिहाद रहेगा। शेख अब्दुलअजीज बिन अब्दुल्ला अल-शेख के सितम्बर में निधन के बाद शेख सालेह ने यह पद संभाला है। अल-शेख परिवार, जो शेख मोहम्मद इब्न अब्दुल-वहाब के वंशज हैं, लंबे समय से सऊदी अरब के ग्रैंड मुफ्ती के रूप में सेवा देते आ रहे हैं। 18वीं शताब्दी में शेख मोहम्मद इब्न अब्दुल वहाब की इस्लाम की अति-रूढ़िवादी शिक्षाओं, जिन्हें उनके नाम के चलते 'वहाबवाद' कहा जाता है, का दशकों तक सऊदी अरब पर प्रभाव रहा है।

### स्पेसएक्स ने म्यांमार में घोटाला करने वाले गिरोह के लिए स्टारलिंक सेवाएं बंद की

**बैंकॉक।** सैटेलाइट इंटरनेट सेवा कंपनी स्पेसएक्स ने म्यांमार में घोटाला करने वाले गिरोहों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले 2,500 से जयादा उपकरणों से स्टारलिक उपग्रह संचार सेवाएं बंद कर दी है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार माना जा रहा है कि थाईलैंड-म्यांमार सीमा पर 30 से जयादा गिरोह सक्रिय हैं जहां दुनिया भर के लोगों की तस्करी की जाती है और उन्हें जबरन ऐसे घोटाले करने के लिए मजबूर किया जाता है जिनसे सालाना अरबों डॉलर की कमाई होती है।

### नाइजीरिया में तेल टैंकर में विस्फोट से 42 लोगों की मौत

**अबुजा।** मध्य नाइजीरिया में एक तेल टैंकर में हुए विस्फोट में कम से कम 42 लोगों की मौत हो गई है। एक सहायताकर्मी ने बीबीसी को यह जानकारी दी।

नाइजर राज्य आपातकालीन सेवा के प्रमुख अब्दुल्लाही बाबा आरा ने बीबीसी को बताया कि हादसे में 52 अन्य लोग को चोटें आई हैं, जिनका एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण पलटे हुए टैंकर से तेल इकट्ठा करने के लिए दौड़े, जिसमें अचानक विस्फोट हो गया और भीषण आग लग गई। भीषण आग में कई लोग बुरी तरह जल गए और उनकी पहचान करना मुश्किल हो गया और घायलों को इलाज के लिए पास के एक अस्पताल ले जाया गया। यह दुर्घटना नाइजर राज्य के कच्चा स्थानीय सरकारी क्षेत्र में बीडा-अगाई सड़क के किनारे एस्सान और बादेगी समुदायों के पास हुई। नाइजर के गवर्नर मोहम्मद उमरु बागो ने पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए इस घटना को 'चिंताजनक, दुर्भाग्यपूर्ण और दयनीय' बताया। गर्वनर के मुख्य प्रेस सचिव बोला.गी इब्राहिम ने एक बयान में कहा कि यह बेहद निराशाजनक है कि कई जागरूकता अभियानों के बावजूद लोग गिरे हुए टैंकर के पास जाकर उसका सामान उठा रहे हैं।

# बलूचिस्तान में तीन सुरक्षाकर्मियों की मौत

## 11 आतंकवादी भी हुए ढेर



आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सैनिकों ने चगाई के दलबंदिन में एक पहाड़ी इलाके की घेराबंदी कर दी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में पिछले 24 घंटों में अलग-अलग घटनाओं में दो पुलिसकर्मियों समेत तीन सुरक्षाकर्मी और 11 आतंकवादी मारे गए। नोश्की में गश्त के दौरान अज्ञात हमलावरों ने दो पुलिसकर्मियों की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि गोलीबारी के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। उन्होंने बताया कि एक अन्य घटना में, केच इलाके में एक बारूदी सुरंग में विस्फोट होने से एक सुरक्षा अधिकारी की मौत हो गई। सुरक्षा बलों ने चगाई और सिबी जिलों में खुफिया जानक.ारी के आधार पर चलाए अभियान में 11 आतंकियों को ढेर कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सैनिकों ने चगाई के दलबंदिन में एक पहाड़ी इलाके की घेराबंदी कर दी। संदिग्धों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद लगभग एक घंटे तक भीषण गोलीबारी हुई और छह आतंकवादी मारे गए। सिबी में आतंकवाद निरोधी दस्ते ने एक परिसर पर छापा मारा जहां एक प्रतिबंधित संगठन के सदस्य छिपे हुए थे। इस दौरान दोनों पक्षों में जबरदस्त फायरिंग हुई। जिसमें पांच आतंकवादी मारे गए और तीन अन्य गिरफ्तार कर लिए गए। दोनों जगहों से भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और संचार उपकरण जब्त किए गए। अधिकारियों ने बताया कि मारे गए लोग सुरक्षा बलों, पुलिस और लेवी कर्मियों पर पहले भी हुए हमलों में शामिल थे। उन्होंने बताया कि सभी शवों को पहचान के लिए पास के अस्पतालों में ले जाया गया है।

# भारतीय मूल के सुनील अमृत ने जीता ब्रिटिश अकादमी पुस्तक पुरस्कार

द बर्निंग अर्थ के लिए मिला अवॉर्ड

**लंदन।** भारतीय मूल के इतिहासकार सुनील अमृत को उनकी किताब 'द बर्निंग अर्थ: एन एनवायर्नमेंटल हिस्ट्री ऑफ द लास्ट 500 इयर्स' के लिए ब्रिटिश अकादमी पुस्तक पुरस्कार का विजेता घोषित किया गया है। इस पुरस्कार के तहत विजेता को 25000 पाउंड की रकम मिलती है, जो दुनिया की सर्वश्रेष्ठ गैर-काल्पनिक कृतियों को दिया जाता है। अमेरिका के येल विश्व.विद्यालय में इतिहास के प्रोफेसर सुनील अमृत का जन्म केन्या में हुआ।

46 वर्षीय अमृत की किताब को ब्रिटिश अकादमी पुस्तक अवॉर्ड के निर्णायकों ने जलवायु संकट के मामले में महत्वपूर्ण पठन सामग्री बताया। बुधवार शाम लंदन स्थित ब्रिटिश अकादमी में आयोजित एक समारोह में सुनील अमृत को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया गया। अमेरिका से लाइव वीडियो लिंक के से कार्यक्रम से जुड़े अमृत ने कहा कि इसमें कोई शक नहीं है कि यह मानवीय और पर्यावरणीय, दोनों तरह के नुकसान और पीड़ा के बारे में बहुत विस्तार से बताती है। साथ ही ये दर्शाती है कि ये दोनों लगभग हमेशा आपस में जुड़े रहे हैं। लेकिन अंत में, मैं इस पुस्तक से जो पढ़ना चाहूंगा, वह यह है कि इसके कई हिस्से हमें इस मुकाम तक ले आए हैं। इसलिए कई ऐसे रास्ते भी थे जिन्हें अपनाया नहीं गया, ऐसे विचार जिन्हें भुला दिया गया, ऐसे आंदोलन जो भले ही विफल रहे हों, लेकिन उन्होंने एक स्थाई विरासत छोड़ी है, ऐसी प्रौद्योगिकियां जो अधिक विनम्र और टिकाऊ थीं।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108